RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 344
फरीदाबाद, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



फैशन में होगा एमबीए
पेज - 11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,984 | 1546 |
| निफ्टी | 17,149 | 468 |
| सोना | 48,310 | 255 (10 gm) |
| चांदी | 64,793 | 80 (/kg) |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 16.00°C
न्यूनतम 08.00°C

## क्विक न्यूज

### केंद्र नेताजी को प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में मान्यता दे : तृणमूल

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस को देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में मान्यता देनी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव घोष ने कहा कि नेताजी अक्टूबर 1943 में गठित आजाद भारत की अस्थायी सरकार के प्रमुख बने थे। घोष ने पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि वह स्कूली पाठ्यक्रम में नेताजी द्वारा गठित आजाद हिंद फौज से संबंधित घटनाक्रम को शामिल करे। घोष ने कहा, प्रतिमा स्थापित करना सच्ची श्रद्धांजलि नहीं है, नेताजी से संबंधित सभी फाइलों को सार्वजनिक करना होगा।

### नामांकन पत्र खारिज होने पर आत्मदाह की कोशिश की

**मुजफ्फरनगर।** जिले में मीरांपुर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार जोगिंदर सिंह ने निर्वाचन अधिकारी द्वारा उनका नामांकन पत्र खारिज किए जाने को लेकर सोमवार को यहां अपने कपड़ों पर मिट्टी का तेल डालकर कथित तौर पर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंह ने जिलाधीश कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और माचिस की तीली जलाने से रोककर उनके इस कथित प्रयास को विफल कर दिया।

### बोस की झांकी दिखाने वाली याचिका खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के दौरान केंद्र सरकार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़ी पश्चिम बंगाल की झांकी दिखाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, याचिकाकर्ता ने अदालत आने में देरी कर दी। बुधवार को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर अब कोई प्रभावी निर्देश नहीं जारी किया जा सकता।

### सरकारी अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ ने विरोध जताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में राज्य संचालित विभिन्न सरकारी अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ ने सोमवार को अनुग्रह राशि नहीं मिलने को लेकर काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया। नर्सिंग कर्मियों के संघ ने कहा कि दिल्ली सरकार ने कोविड संक्रमण से नर्सिंग स्टाफ के आठ कर्मियों की मौत के बाद अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया था, लेकिन यह अभी तक नहीं उपलब्ध कराई गई। दिल्ली नर्स संघ के महासचिव लालाधर रामचंदानी ने कहा, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, जीटीबी अस्पताल और डीडीयू समेत दिल्ली सरकार के अन्य अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

### डीआईजी के खिलाफ अंतिम आरोप-पत्र दाखिल किया

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में निलंबित पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रौनक अली हजारिका के खिलाफ सोमवार को अंतिम पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। हजारिका इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने 109 दिनों के भीतर जांच पूरी की और हजारिका समेत तीन लोगों के खिलाफ 156 पन्नों का अंतिम आरोपपत्र पेश किया। एसआईटी ने एक बयान में यह जानकारी दी।

# आठ राज्यों में 5 डिग्री तक गिरेगा पारा, शीत लहर-बारिश-कोहरा रहेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**उत्तर-पश्चिम** और मध्य भारत में दो दिन तक कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। देश के आठ राज्यों में पारा पांच डिग्री तक गिरने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात में अगले दो दिन तक मौसम बेहद गंभीर रहेगा। मौसम विभाग ने घने कोहरे, शीत लहर के अलावा कई हिस्सों में बारिश की आशंका भी जाहिर की है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिन तक मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में घना कोहरा रहेगा। 25 से 27 जनवरी तक इन राज्यों में शीतलहर चलने से ठिठुरन बढ़ेगी। उत्तराखंड, हिमाचल, कश्मीर में बर्फबारी और चार दिन तक जारी रह सकती है।

दिल्ली में जनवरी की बारिश ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रविवार को 8.8 सेमी बारिश हुई, जो 122 साल में सबसे ज्यादा है। मौसम विभाग के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और मध्य प्रदेश में बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में बादल छाए रहेंगे। हालांकि, उसके बाद मौसम साफ होने की संभावना है।

जम्मू-कश्मीर घाटी में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। गुलमर्ग, पहलगाम, पीर पंजाल से लेकर त्रिकुटा की पहाड़ियों,

### अगले दो दिन कड़ाके की सर्दी

**0.3** शिमला में पारा माइनस डिग्री पर पहुंच गया

### उत्तराखंड में भारी बर्फबारी के चलते चार राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 731 सड़कें बंद हैं

पटनीटॉप पर रविवार को भी बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि सोमवार से मौसम सुधरेगा। उधर, हिमाचल प्रदेश में सीजन की सबसे भीषण बर्फबारी हुई। शिमला में 20 सेमी हिमपात के साथ पारा माइनस 0.3 डिग्री पर पहुंच गया। कुफ्री में 62 सेमी बर्फ पड़ी। उत्तराखंड में बर्फबारी और चार दिन तक जारी रह सकती है। भारी बर्फबारी के चलते चार राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 731 सड़कें बंद हैं।



## अकाली दल को झटका

# हाईकोर्ट ने रद्द की बिक्रम मजीठिया की जमानत याचिका

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**विधानसभा** चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल को सोमवार को बड़ा झटका लगा। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नशे के मामले में फंसे वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की अग्रिम जमानत अर्जी रद्द कर दी है। अब मजीठिया पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

इससे पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 18 जनवरी को इस मामले में बिक्रम मजीठिया को मिली अंतरिम जमानत को 24 जनवरी तक बढ़ा दिया था। उस समय मजीठिया के वकील के कोरोना पॉजिटिव होने के चलते सुनवाई टाली गई थी। पंजाब सरकार ने इस पर कोई आपत्ति नहीं की थी।

इस दौरान पंजाब सरकार ने बताया कि मजीठिया जांच में शामिल तो हो गए हैं लेकिन वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि अगली सुनवाई पर बहस नहीं की गई तो अंतरिम जमानत का आदेश वापस ले लिया जाएगा। मजीठिया के खिलाफ 20 दिसंबर को पंजाब पुलिस ने नशे की तस्करी के आरोप में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। उसके बाद से मजीठिया लापता चल रहे थे।

## यूपी चुनाव से पहले राममंदिर के मुख्य पुरोहित ने बड़ा बयान दिया

# अच्छा हुआ योगी अयोध्या से चुनाव नहीं लड़ रहे

**एजेंसी। अयोध्या**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के अयोध्या से चुनाव लड़ने की अटकलों का पटाक्षेप होने के बाद राम मंदिर के मुख्य पुरोहित आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि अच्छा हुआ योगी यहां से चुनाव नहीं लड़ रहे वरना उन्हें जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ता। दास ने दावा किया कि उन्होंने रामलला से पूछ कर योगी को सलाह दी थी कि वह अयोध्या से बजाय गोरखपुर से चुनाव लड़ें।

पिछले 30 वर्षों से राम मंदिर के मुख्य पुरोहित का दायित्व निभा रहे दास ने सोमवार को कहा यह अच्छा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। मैंने उन्हें सुझाव दिया था कि बेहतर होगा कि वह अयोध्या के बजाय गोरखपुर की किसी सीट से चुनाव लड़ें। दास ने कहा कि वह महसूस करते हैं कि भाजपा राम मंदिर को कभी अपने एजेंडे से बाहर नहीं निकालेगी।

इस सवाल पर कि उन्होंने योगी को अयोध्या से चुनाव न लड़ने की सलाह क्यों दी दास ने कहा हम तो रामलला से पूछ कर बोलते हैं। हम राम लला की प्रेरणा से बोले थे। यहां के साधु एकमत नहीं हैं। विकास परियोजनाओं के लिए जिन लोगों के मकान तोड़े गए हैं, वे सब योगी के खिलाफ हैं।

इसके अलावा जिन लोगों की दुकानें तोड़ी जानी हैं, वह सब भी योगी से नाराज हैं। उन्होंने कहा सभी कह रहे हैं कि यह योगी का काम है। इतना विरोध देखने के बाद मैंने योगी जी से कहा कि बेहतर होगा कि वह गोरखपुर से चुनाव लड़ें। वैसे योगी यहां से भी चुनाव जीत जाते लेकिन उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता।



30 वर्षों से राम मंदिर के मुख्य पुरोहित का दायित्व निभा रहे दास

### राम मंदिर का मुद्दा कभी नहीं जाएगा

**गौरतलब** है कि राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा सरगर्म थी कि योगी अयोध्या से चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन भाजपा नेतृत्व ने उन्हें गोरखपुर नगर सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। अयोध्या को चुनावी फिजा के बारे में पूछे जाने पर दास ने कहा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकि सभी पार्टियों ने अभी यहां अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। आने वाले समय में जनता का मिजाज पता लगेगा। इस सवाल पर कि अयोध्या में हो रहे राम मंदिर निर्माण का मामला क्या आगामी विधानसभा चुनाव में मुद्दा बनेगा आचार्य दास ने कहा राम मंदिर का मुद्दा कभी नहीं जाएगा। नाम जरूर लेंगे। यह नहीं जाएगा भाजपा के एजेंडे से। मात्र 20 साल की उम्र में अयोध्या आए दास को उम्मीद है कि वह अपने जीवन में मुकम्मल राम मंदिर देख पाएंगे। उन्होंने कहा देखते हैं, मंदिर का निर्माण कब पूरा होता है। मेरे साथ जो भी लोग आए थे उनमें से ज्यादातर की मृत्यु हो गई है। जब तक मैं जिंदा हूं यहां सेवा करूंगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा जिले की पांचों सीटों अयोध्या, बीकापुर, रुदौली, गोसाईंगंज और मिल्कीपुर पर विजयी हुई थी। अयोध्या में पांचवें चरण में आगामी 27 फरवरी को मतदान होगा।

# 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को बल देने आगे आएं बच्चे : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय बच्चों को देते हुए सोमवार को उनसे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देने के लिए वोकल फॉर लोकल अभियान को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय भी मैं भारत के बच्चों को देता हूं क्योंकि उन्होंने घर-घर में बाल सैनिक बनकर अपने परिवार को स्वच्छता अभियान के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, जैसे आप स्वच्छता अभियान के लिए आगे आए, वैसे ही आप वोकल फॉर लोकल अभियान के लिए भी आगे आइए। उन्होंने बच्चों को सुझाव दिया कि वह घर में उपयोग होने वाली वस्तुओं की एक सूची बनाएं और देखें कि उनमें से कितने ऐसे उत्पाद हैं, जो भारत में नहीं बने हैं और वह विदेशी हैं। उन्होंने कहा, इसके बाद घर के लोगों से आप आग्रह करें कि भविष्य में जब वैसा ही कोई उत्पाद खरीदा जाए तो वह भारत में बना हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत में बनी चीजों की खरीदारी बढ़ेगी तो इससे देश में उन भारतीय उत्पादों का उत्पादन बढ़ने लग जाएगा और जब उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार के भी नए अवसर भी बनेंगे। उन्होंने कहा, जब रोजगार बढ़ेंगे तो आपका जीवन भी आत्मनिर्भर बनेगा। इसलिए आत्मनिर्भर भारत का अभियान, हमारी युवा पीढ़ी और आप सभी से भी जुड़ा हुआ है।



स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय बच्चों को दिया

### स्टार्टअप की दुनिया में भारत फहरा रहा परचम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि अगले 25 सालों में देश जिस ऊंचाई पर होगा और जो उसका सामर्थ्य बनेगा, उसमें बहुत बड़ी भूमिका युवा पीढ़ी की होगी। उन्होंने कहा, आज देश में जो नीतियां बन रही हैं और जो प्रयास हो रहे हैं, इन सब के केंद्र में युवा पीढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उन्हें गर्व होता है जब वह देखते हैं कि दुनिया की बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भारतीय हैं, स्टार्टअप की दुनिया में भारत परचम फहरा रहा है, जब नए-नए नवोन्मेष हो रहे हैं और देश के युवा गगनयान मिशन के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यही वह नया भारत है। हिम्मत और हौसला आज भारत की पहचान है। आज भारत अपनी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की नींव को मजबूत करने के लिए निरंतर कदम उठा रहा है।

### बाढ़-सूखा राहत बोर्ड के लिए 494 करोड़ रुपये मंजूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस वर्ष बरसात के पानी को दोबारा उपयोग में लाने के लिए ज्यादा योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया है।

इससे बाढ़ की स्थिति से निपटने के साथ-साथ ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग और सूखे क्षेत्रों में इस पानी का सदुपयोग किया जा सकेगा। इसके लिए सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड के तहत 320 नई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत लगभग 494 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 53वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व कृषि मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।

विस्तृत खबर पेज-8 पर

# इजराइल-भारत का घनिष्ठ सहयोग बढ़ेगा : इजराइली राजदूत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**भारत** में इजराइली राजदूत ने सोमवार को यहां कहा कि भारत-इजरायल राजनयिक संबंधों की 30वीं वर्षगांठ आगे देखने और अगले 30 वर्ष के संबंधों को आकार देने का एक अच्छा अवसर है और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग आगे बढ़ेगा।

भारत में इजरायल के दूत नाओर गिलोन ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 30वीं वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए एक स्मारक लोगो (प्रतीक चिह्न) जारी करने के एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। लोगो में डेविड स्टार और अशोक चक्र - दो प्रतीक, जो दोनों देशों के राष्ट्रीय ध्वज को सुशोभित करते हैं - और द्विपक्षीय संबंधों की 30वीं वर्षगांठ को दर्शाते हुए अंक 30 बना हुआ है। इजरायल दूतावास द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि यह विशेष लोगो इजरायल और भारत के लोगों के बीच मौजूद मजबूत मित्रता, प्रेम और प्रशंसा का प्रतीक है। बयान के मुताबिक यह दोनों पक्षों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को भी दर्शाता है।



### ध्रुवीकरण करने की कोशिशों से होशियार रहें किसान : टिकैत

**अलीगढ़।** भाकियू नेता राकेश टिकैत ने किसानों को हिंदू मुस्लिम की राजनीति के जरिये ध्रुवीकरण करने की कोशिशों से होशियार करते हुए कहा है कि किसान मतदान जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। टिकैत ने इगलास इलाके में एक निजी समारोह से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आने वाले कुछ हफ्तों में हिंदू मुस्लिम और जिन्ना के मुद्दे खूब सुनाई देंगे, मगर किसानों को ऐसे भ्रमित करने वाले मुद्दों से होशियार रहना होगा। उन्होंने किसानों को सतर्क करते हुए कहा, मतों का ध्रुवीकरण करने और निहित स्वार्थों के जरिए ध्यान भटकाने के लिए हिंदू मुस्लिम के मुद्दे उठाए जाएंगे।

## सीमा पर दो सप्ताह के लिए सतर्कता बढ़ाई

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर हाईअलर्ट : बीएसएफ

**एजेंसी। जम्मू**

**सीमा** सुरक्षा बल (बीएसएफ), जम्मू के महानिरीक्षक डीके बूरा ने सोमवार को कहा कि गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा समस्या उत्पन्न करने के खतरे के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बल के जवान हाईअलर्ट पर हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने पहले ही सीमा पर दो सप्ताह के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू सीमा में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सुरंग रोधी अभियान शुरू कर दिया है।



बूरा ने कहा कि बीएसएफ आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस के साथ संयुक्त गश्त भी कर रही है। बीएसएफ के महानिरीक्षक ने पत्रकारों से कहा, ऐसी जानकारी मिली है कि राष्ट्र-विरोधी तत्व समस्या उत्पन्न कर सकते हैं, हमने सीमा पर और भीतरी इलाकों में (उनके मंसूबों को नाकाम करने के लिए) हाईअलर्ट कर दिया है।

बूरा ने कहा कि खुफिया जानकारी स्पष्ट रूप से सीमा पार से कुछ गतिविधियों की आशंका की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा, हमें घुसपैठ या हथियारों, गोला-बारूद, विस्फोटकों को हमारे इलाके में लाए जाने या मादक पदार्थों की तस्करी जैसी गतिविधियों की जानकारी मिली है। लेकिन हम हाई अलर्ट पर हैं और हम किसी को भी इन नापाक मंसूबों में सफल नहीं होने देंगे।

## आप के सीएम फेस सर्वे पर सवाल

# नवजोत सिद्धू ने अरविंद केजरीवाल को कहा घोटालेबाज

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**पंजाब** विधानसभा चुनाव में आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। पंजाब कांग्रेस के प्रधान नवजोत सिद्धू ने सोमवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने घोटालेबाज बताया। सिद्धू ने आम आदमी पार्टी के सीएम फेस के किए गए सर्वे पर सवाल उठाए।

सिद्धू ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि चुनाव आयोग से अनुरोध है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। सिद्धू ने लिखा कि जनता चुनेगी अपना सीएम के रूप में आप द्वारा टेलीफोन कॉल के माध्यम से अपने सीएम चेहरे के चुनाव के संबंध में फर्जी प्रचार किया जा रहा है क्योंकि यह गणितीय रूप से व्यवहार्य नहीं है।

पत्रकारवार्ता में सिद्धू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने आप के सीएम चेहरे के लिए एक नंबर लांच किया और कहा कि उन्हें लगभग 21 लाख संदेश मिले। सिद्धू ने कहा कि एक प्राइवेट नंबर 5000 से अधिक संदेश या कॉल प्राप्त नहीं कर सकता, भले ही वह 24 घंटे 7 दिन चालू रहे। यह लोगों को बरगलाने का घोटाला है।

## पंजाब विधान सभा चुनाव : त्रिकोणीय गठबंधन में सीटों का बंटवारा

# 65 पर भाजपा, 37 पर पीएलसी और 15 पर शिअद लड़ेगी चुनाव

### गठबंधन के दल पंजाब चुनाव को लेकर बेहद गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**पंजाब** विधानसभा चुनाव के लिए त्रिकोणीय गठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि भाजपा 65 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, पंजाब लोक कांग्रेस प्रमुख 37 सीटों पर और शिअद-संयुक्त प्रमुख 15 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। नड्डा ने कहा कि पंजाब पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सुरक्षा एक बहुत बड़ा मुद्दा होना चाहिए।

यह चुनाव स्थिरता और सुरक्षा के लिए है। पंजाब को पटरी पर लाना हमारा मकसद है। नड्डा ने कहा कि 1984 के दंगों की जांच के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसआईटी का गठन किया है और आज आरोपी जेलों में हैं। हम पंजाब में माफिया राज खत्म करेंगे।

पंजाब चुनाव के लिए त्रिकोणीय गठबंधन (भाजपा, पंजाब लोक कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) ने सिखों को लेकर विशेष रणनीति बनाई है। चुनावी मंथन के बाद गठबंधन के सभी सहयोगियों ने तय किया है कि विधानसभा की कुल 117 सीटों में 70 पर सिख चेहरों को उतारा जाए। अकेले भारतीय जनता पार्टी ने ही 33 से 35 सिख चेहरों को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। गठबंधन के अन्य साथी पंजाब लोक कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) को भी इसी रणनीति पर उम्मीदवार उतारने को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने सलाह दी है।

विधानसभा चुनाव में भाजपा के शिअद से अलग होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढींडसा की शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ चुनाव लड़ रही है। त्रिकोणीय गठबंधन में शामिल तीनों राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव विशेष अहम हैं। कैप्टन के साथ ही भाजपा के लिए भी पंजाब चुनाव में जीतना राज्य में आगे का राजनीतिक भविष्य तय करेगा। यही वजह है कि भाजपा सहित अन्य गठबंधन के दल पंजाब चुनाव को लेकर बेहद गंभीर हैं।



### पंजाब में हमेशा ही चुनाव में धुरी रहे हैं सिख

**पंजाब** में हमेशा से ही चुनाव में सिख धुरी रहे हैं, इसलिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ मिलकर अन्य सहयोगियों ने सिखों को लेकर विशेष रणनीति बनाई है, जिसमें तय किया गया है कि 117 विधानसभा सीटों में से अधिकतर सीटों पर सिख चेहरों को ही उतारा जाए। भाजपा के कुछ नेताओं ने बताया कि तीनों दलों ने तय किया है कि भाजपा लगभग 35 सीटों पर सिख चेहरों को उतारेगी। इनमें से अधिकांश चेहरे किसान और अन्य पिछड़ा वर्ग के शामिल किए जाएंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने कैप्टन और ढींडसा को भी अधिक से अधिक उम्मीदवार इसी फार्मूले पर उतारने की सलाह दी है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022 | वोटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 16.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 05.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- भांखरी गांव में जल भराव एवं टूटी सडक़ों के विरोध में प्रदर्शन : दोपहर 12 बजे
- एनएच-तीन स्थित कन्या स्कूल में नेशनल वोटर डे पर वर्चअल अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित: सुबह 11 बजे
- शहर में विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण शिविर सुबह 9 बजे से।

**निवेश गुरु**

**फंड** हाउस निवेशकों के निवेश का प्रबंधन करने के लिए उनसे एक्सपेंस रेशियो वसूलते हैं जो इक्विटी के मामले में निवेश की जाने वाली कुछ राशि का एक से 2.5 फीसदी होता है। वहीं डेट स्कीम के लिए यह 0.6 प्रतिशत तक होता है। जबकि डायरेक्ट स्कीम में यह शुल्क अधिकतम 1 फीसदी है। इससे निवेशकों का खर्च कम हो जाता है। डायरेक्ट मोड में निवेशकों की लागत कम हो जाती है, क्योंकि इसमें कोई डिस्ट्रीब्यूटर शामिल नहीं होता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### कोरोना से जीतने को वैक्सीनेशन जरूरी

**फरीदाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग और फरीदाबाद प्रशासन द्वारा शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी सेक्टर 86, फरीदाबाद के प्रांगण में कोविड वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में 15+ और 18+ वर्ष के 63 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 60+ लोगों को बुस्टर डोज भी लगाए गए। भारत कॉलोनी से आई मेडिकल टीम द्वारा कोविड वैक्सिीनेशन किया गया। इस टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकोल का पालन किया गया। इस कैंप में रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कृति के प्रधान लव वीज, प्रदीप सिंघल, संजय अग्रवाल ने अपना योगदान दिया। शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साई धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है।

**क्विक न्यूज**

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से कुल 179 पौव्वा देशी शराब बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि खेड़ीपुल थाना क्षेत्र में अमरजीत नामक व्यक्ति पॉलिथिन बैग में अवैध शराब की डिलीवरी देने की नियत से खड़ा है। पुलिस टीम के पहुंचते ही वह व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए रोककर उसकी तलाशी ली। पुलिस को पॉलिथीन बैग में देशी शराब के 74 क्वार्टर मिले। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अमरजीत उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिले का स्थायी निवासी है और यहां फरीदाबाद के सेक्टर-87 में हनुमान नगर में रहता है। ऐसे ही एक अन्य मामले में सेक्टर 58 थानाक्षेत्र से क्राइम ब्रांच सेक्टर -65 की टीम ने देशी शराब के 105 पौव्वे के साथ आरोपी भीम को गिरफ्तार किया है।

# अनैतिक गतिविधियों के अड्डे बने हुए रिहायशी इलाकों के गेस्ट हाउस

### किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं शहर के अवैध गेस्ट हाउस

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**दिल्ली** के नजदीक होने की वजह से औद्योगिक नगरी फरीदाबाद काफी संवेदनशील मानी जाती है। शहर की घनी आबादी का फायदा उठाने के लिए कई बार असामाजिक तत्व भी यहां शरण ले चुके हैं। यहां तक की कई बार आतंकवादियों के शरण लेने के मामले भी उजागर हो चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद शहर की रिहायशी कालोनियों और सेक्टरों में धड़ल्ले के साथ अवैध गेस्ट हाउस कुकरमुत्तों की तरह चल रहे हैं। पुलिस की तरफ से समय समय पर किराएदारों की जांच तो की जाती हैं। लेकिन इन अवैध गेस्ट हाउसों की लगाम कसने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाता।

नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों की लापरवाही के कारण रिहायशी इलाकों में चल रही व्यवसायिक गतिविधियों के कारण पहले ही स्मार्ट सिटी की सूरत बिगड़ती जा रही है। अब शहर के हर सौ मीटर की दूरी पर रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चल रहे ओयो होटल और गेस्ट धड़ल्ले से खुल रहे हैं। इन गेस्ट हाउसों की आड़ में धड़ल्ले के साथ गैरकानूनी काम हो रहे हैं। जिसके कारण स्मार्ट सिटी अनैतिक गतिविधियों का अड्डा बनती जा रही है। इन अवैध गेस्ट हाउस में अनैतिक कार्य के साथ ही आए दिन हत्या और आत्महत्या जैसी घटनाएं भी होती रहती हैं।




एनएच पांच में दुकान की छत पर चल रहा गेस्ट हाउस।




एनएच दो रिहायशी इलाके में चल रहा गेस्ट हाउस।

### आड़ में अनैतिक गतिविधियां

**शहर** भर में रिहायशी इलाकों चल रहे ज्यादातर ओयो होटल और गेस्ट हाउस की आड़ में धड़ल्ले के साथ अनैतिक गतिविधियां चलाई जा हैं। यहां तक कि कई रिहायशी इलाकों के बीच छोटे छोटे मकानों और दुकानों की छत पर गेस्ट हाउस चलाए जा रहे हैं। इन गेस्ट हाउसों की आड़ में देह व्यापार का धंधा काफी फल फूल रहा है। कई गेस्ट हाउस तो देह व्यापार के धंधों में लिप्त लोगों ने ठेके पर लिये हुए हैं। वहीं अनेक असामाजिक तत्व इनका इस्तेमाल अवैध धंधों के लिए भी कर रहे हैं। पुलिस द्वारा गेस्ट हाउसों में चलाए जा रहे देह व्यापार के धंधे का कई बार पर्दाफाश किया जा चुका है। वहीं करीब एक साल पहले पुलिस ने गेस्ट हाउस में चलाए जा रहे अवैध कैसीनों का पर्दाफाश किया था। पिछले करीब दो साल के भीतर इन अवैध गेस्ट हाउसों में आत्महत्या की करीब आधा दर्जन घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में एनएच एक स्थित एक गेस्ट हाउस में नाबालिग स्कूली छात्रा से अनैतिक हरकत करने पर लोगों ने खूब हंगामा किया था।

### कभी सिरे नहीं चढ़ी कार्रवाई

**नगर** निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों की यदि मंशा हो तो शहर में किसी भी रिहायशी इलाके में अवैध ओयो होटल अथवा गेस्ट हाउस नहीं चल सकता। लेकिन संबंधित अधिकारी जानबूझ कर इनकी तरफ ध्यान देने की जरूरत ही महसूस नहीं करते। सरकार अथवा अदालत का आदेश आने पर इस तरह के अवैध गेस्ट हाउसों के खिलाफ सिर्फ दिखावे के लिए कार्रवाई की जाती है। वह भी इनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई कर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम की तरफ से पिछले करीब दो साल के दौरान रिहायशी इलाकों में चल रहे करीब दर्जनभर गेस्ट हाउसों को ही सील किया गया है। जबकि शहर में ऐसा कोई रिहायशी इलाका नहीं है। जहां अवैध गेस्ट हाउस न चल रहे है। इन गेस्ट हाउसों की लगाम कसने में बीट प्रणाली भी कारगर साबित नहीं हो सकी है। अवैध गेस्ट हाउसों में होने वाली अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए बीट प्रणाली को प्रभावी बनाने की जरूरत है। यदि बीट ऑफिसर की जिम्मेदारी तय की जाए तो गेस्ट हाउसों में अनैतिक गतिविधियां भी काफी हद तक रूक जाएगी।




डबुआ पाली रोड पर चल रहा गेस्ट हाउस।

### शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं होती



**सेक्टर** 21 सी आरडब्ल्यूए प्रधान जगदीश चौहान ने बताया कि यहां अवैध रूप से रिहायशी मकानों में चल रहे गेस्ट हाउसों में सरेआम देह व्यापार और अन्य अनैतिक धंधे चलाए जा रहे हैं। कई मकानों में तो विदेशी लोग भी बिना अनुमति के रह रहे हैं। अनैतिक गतिविधियों से सेक्टर का माहौल लगातार खराब हो रहा है। परेशान होकर उन्होंने कई बार नगर निगम, हूडा और पुलिस को शिकायत दी। लेकिन कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।

### हादसों को दे रहे हैं न्यौता

**ज्यादातर** गेस्ट हाउस नियमों को ताक पर रख कर रिहायशी इलाकों में चलाए जा रहे हैं। नियमों के मुताबिक गेस्ट हाउस के लिए 500 वर्गगज जगह होनी चाहिए। रिहायशी इलाकों में तो खुल सकते हैं, लेकिन सीएलयू करवा कर जगह को व्यवसायिक करवाना जरूरी होता है। गेस्ट हाउस अथवा होटल के पास अपनी पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। गेस्ट हाउस मुख्य सड़क पर हो सकता है। वहीं गेस्ट हाउस में रसोई बनाने की अनुमति भी नहीं हैं। यहां सिर्फ रहने के लिए कमरा किराए पर दिया जा सकता है। होटल अथवा गेस्ट हाउस के पास फायर ब्रिगेड की एनओसी होनी चाहिए। गेस्ट हाउस में फायर फाइटिंग उपकरण भी मौजूद होने चाहिए। लेकिन शहरभर में कुकरमुत्तों की तरह खुले ज्यादातर गेस्ट हाउस और ओयो होटल इनमें से एक भी औपचारिकता पूरी करने में सक्षम नहीं हैं। इनके द्वारा संबंधित विभाग से सीएलयू और अन्य औपचारिकताएं पूरी न करवाने से सरकार को भी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। संबंधित विभागों की लापरवाही से शहर में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# श्रीश्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रोतागण

### श्रीश्याम राज्य सेवा समिति ने कराया श्रीश्याम बाबा संकीर्तन

**पायोनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्री श्याम** राज्य सेवा समिति के तत्वावधान में 21 तारीख परिवार की ओर से श्री श्याम बाबा संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर महशूर टीवी कलाकार एवं श्याम प्रेमी मनोज शर्मा के ...'कजरारे तेरे मोटे-मोटे नैन। ...नैनन में श्याम समाये गयो तथा राधा की दीवानी बन जाऊंगी' समेत आदि भजनों पर कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागण झूम उठे।

इस कार्यक्रम में श्याम प्रेमी मनोज शर्मा के अलावा आगरा से भजन स्मार्ट की उपाधि से नबाजे हुए राजू बाबरा, फरीदाबाद से मशहूर बाबा के भजन गायक कोमल चौपड़ा ने दिल्ली से बबलू राज म्यूजिकल ग्रुप के मधुर संगीत के बीच भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली के जनकपुरी से दरबार सेवा तरूण की ओर से जो दरवार सजाया। कार्यक्रम के दौरान अपने हाथों से श्याम बाबा की सुंदर छवि तैयार करने पर श्रोताओं ने श्याम भक्त सुनीता सोनी को खूब सराहा।

इस मौके पर गायककार खूद भी इस छवि को देख भाव विभोर हो उठे। बघौला के पंडित रूपचंद वाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम में मशहूर टीवी कलाकारों ने भजनों पर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। दूर दराज इलाकों के अलावा आसपास से काफी संख्या में श्रोतागण यहां पहुंचे हुए थे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी, जो अपने को मधुर संगीत के बीच भजनों के आगे थिरकने से रोक नहीं सकी।

इस दौरान जो भी श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित थे, वे अपने को थिरकने से रोक नहीं सके। और तो और बच्चे भी उस संगीत की धून में डूब गए। संकीर्तन महोत्सव में पहुंचे आयोजकों देवी चरण वर्मा (रिद्धी सिद्धी ज्वेलर्स), भारत वर्मा व मयूर वर्मा, धर्मवीर फौजी समेत अन्य श्याम प्रेमियों ने प्रमुख भजन गायककारों का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की ओर से समस्त संस्थाओं के पहुंचने पर आभार जताया।



श्याम राज्य सेवा समिति द्वारा आयोजित श्याम बाबा संकीर्तन महोत्सव में भजनों पर झूमते भगत।

# आंगनबाड़ी वर्करों को दिया कांग्रेस पार्टी का समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पूर्व विधायक** आनंद कौशिक के अनुज व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने आज सेक्टर 12 में आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परो द्वारा 45 दिन से चल रहे प्रदर्शन को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्षा कुमारी शैलजा के नेतृत्व में समर्थन दिया।

इस अवसर पर बलजीत कौशिक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार देश के और प्रदेश की आंगनबाड़ी की वर्करों और हेल्पर की मांगों को लागू करने के बजाए इस विभाग का निजीकरण करने पर तुली हुई है। अभी राज्य सरकार वर्ष ने 2018 में देश के प्रधानमंत्री के द्वारा वर्करों के वेतन में की गई पंद्रह सौ रुपए की बढ़ोतरी और हेल्परो के वेतन में 750 रुपए की बढ़ोतरी को लागू नहीं करा पाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 22 जिलों में पूर्ण रूप से हड़ताल चल रही है। सभी आंगनवाड़ी केंद्र बंद हैं। जब तक मांगों का समाधान नहीं हो जाता है कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी हुई है। आज हड़ताल को 45 दिन हो चुके है लेकिन भाजपा सरकार के कानो पर जू तक नहीं रेंगती। बलजीत कौशिक ने कहा कि ठण्ड भरे मौसम होने के बावजूद भी वर्करों ने लघु सचिवालय के सामने जमकर प्रदर्शन कर रहे है। बलजीत कौशिक ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द सरकार ने उनकी मांगे पूरी नहीं की तो कांग्रेस पार्टी सरकार की ईंट से ईंट बजाने का काम करेगी और हरियाणा की कांग्रेस पार्टी आंगनवाड़ी वर्करों के साथ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आती तो आंगनवाड़ी वर्करों की हर मांगों को पूरा करेंगी।



सेक्टर- 12 में आंगनबाडी वर्करों के धरने पर पहुंच कर समर्थन देते कांग्रसी नेता बलजीत कौशिक।

# ज्वाइंट कमिश्नर ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**स्थानीय** उपमंडल स्तरीय 73वें गणतंत्र दिवस समारोह के लिए दशहरा ग्राउंड के प्रांगण में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर एमसीएफ के ज्वाइंट कमिश्नर अनिल यादव ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की स्लामी ली।

परेड कमांडर पीएसआई प्रदीप कुमार परेड कमांड करते हुए मंच के आगे से गुजरते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसमें एनएसएस गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ के अभिषेक, प्लाटून कमांडर गर्ल्स गाइड में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ की छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ के विद्यार्थियों ने देशों में देश भारत, भारत मे हरियाणा फोक डांस, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊंचा गांव के छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समूह गान बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिही की छात्राओं ने करो योग, रहो निरोग थीम पर योग किया।

इस अवसर पर बीईओ बलबीर कौर, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल अशोक त्यागी, बृजमोहन शर्मा चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर, एसडीम कार्यालय से पंकज सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



बल्लभगढ़ सबडिवीजन के गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल।

# जरूरतमंदों को राशन और कम्बल वितरित किए

### भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** रेडक्रॉस सोसायटी एवं रोटरी क्लब ऑफ तुलिप के द्वारा टीबी के मरीजों एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कम्बल एवम सुखा राशन देने का कार्य किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रुप में सीजेएम कम् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मंगलेश कुमार चौबे ने शिरकत की। जबकि रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, डीएफएसओ विनशेल सेहरावत भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा ने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय कर सदैव लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी एवं उसके वॉलिंटियर के द्वारा लोगों को घर-घर भोजन पहुंचाने जैसा उत्कृष्ट कार्य किया है। रक्तदान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य जिला रेडक्रॉस सोसायटी सदैव करती है। सीजेएम कम् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायधीश मंगलेश चौबे ने कहा कि हम सभी को मिलकर आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के उत्थान के लिए कार्य सदैव करते रहना चाहिए।

आज के इस कार्यक्रम के लिए सभी आयोजकों को बधाई देता हूं। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी सभी सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर मानव हित के कार्य प्रतिदिन करती है। जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव के नेतृत्व में निरंतर हमें काम करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। आगे भी हम इसे गतिमान रखेंगे।



जिला रेडक्रास एवं रोटरी क्लब आफ तुलिप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में टीबी के मरीजों को कम्बल और राशन वितरित करते सीजेएम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मंगलेश कुमार चौबे और अन्य लोग।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

युधिष्ठिर विष पियें चुपचाप अब धृतराष्ट्र बाँटें धृत
सियासी लोगों के द्वारा शुचिता हो गई अपहृत
दुहाई दे रहे थे वो मगर जब वक़्त आया तो
टिकट देकर अधिकतर दाग़ियों को कर दिया उपकृत

# गणतंत्र दिवस को लेकर यातायात एडवाइजरी जारी

### पलवल से फरीदाबाद, दिल्ली के रास्ते करनाल-चंडीगढ़ और रोहतक-हिसार जाने वाले भारी वाहन, केजीपी या केएमपी का प्रयोग करें

### सुरक्षा के मद्देनजर फील्ड में तैनात रहेंगे 250 से अधिक पुलिसकर्मी

### 50 से अधिक नाके लगाकर चौक चौराहों पर लगाकर निगरानी करेगी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**26 जनवरी** गणतंत्र दिवस समारोह के चलते फरीदाबाद की यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि कल 25 जनवरी रात 10 बजे से परसों 26 जनवरी दोपहर 2 बजे तक शहर में हेवी कमर्शियल व्हीकल के आने पर रोक रहेगी।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करके उनका अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। अभी कल ही फरीदाबाद पुलिस द्वारा किरायेदारों की पुलिस वेरिफिकेशन न करवाने के मामले में मकान मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और वही 100 से अधिक व्यक्तियों के पर्चा अजनबी भरे गए हैं।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। फरीदाबाद में चप्पे-चप्पे पर पुलिस दिखाई दे रही है। राइडर पीसीआर डायल 112 सहित सभी पेट्रोलिंग व्हिक्ल द्वारा पूरे फरीदाबाद में पेट्रोलिंग की जा रही है तथा इसके साथ ही संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है।

यात्रा व यातायात व्यवस्था को देखते हुए शहर के बॉर्डर एरिया में नागे लगा लगा कर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। कल शाम से भारी कमर्शियल वाहनों का गणतंत्र दिवस तक फरीदाबाद में आना वर्जित किया जाएगा। कानून व्यवस्था को देखते हुए फरीदाबाद पुलिस के 2500 से अधिक जवान फील्ड में तैनात रहेंगे। फरीदाबाद के सभी बॉर्डर एरिया जिसमें बदरपुर, पहलादपुर, सीकरी, शूटिंग रेंज, दुर्गा बिल्डर, मांगर होते हुए छतरपुर जाने वाले रोड पर पुलिस नाके लगाकर चेकिंग की जाएगी। इसके अलावा चिन्हित किए गए मुख्य चौक चौराहों पर 50 से अधिक नाके लगाकर निगरानी रखी जाएगी। नागरिकों से अनुरोध है कि वह किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु के बारे में सूचना देकर पुलिस प्रशासन के कार्यों में सहयोग दें।




गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा के मद्देनजर लगे नाकों पर तैनात पुलिस के जवान।

# बालिकाओं को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रशंसा पत्र व नकद राशि देकर सम्मानित किया। सम्मानित की गई 9 बालिकाएं अपने-अपने क्षेत्र में हुनरमंद हैं और उन्होंने जिला में अपने हुनर में अलग पहचान बनाई है।


**मृतक की पहचान**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.01.2022 को एक अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब 55 साल रंग गेंहुआ, कद 5 फुट 6 इंच जिसने चैरी रंग का कोट, संतरी, नीली व सफेद रंग की जर्सी, काले रंग की जवाहर कट व सफद गरम बनियान व नीचे स्लेटी रंग की पजामी, नंगे पैर हनुमान मंदिर सेक्टर 20 बी फरीदाबाद के छोटे प्रांगन की सीढियों पर मिला है। मुकद्दमा न. 15 तिथि 22.01.2022, थाना सेक्टर-8, फरीदाबाद में दर्ज है। पहचान होने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर-8 फरीदाबाद- 9582200134**
**प्रभारी पुलिस चौकी, सेक्टर-11, फरीदाबाद- 9582200166**
**मु0सि0 जय प्रकाश पुलिस चौकी सेक्टर-11- 9990911401**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 21.01.2022 को शिवानी लड़की ममता देवी पत्नी सियाराम निवासी साई धाम कालोनी अगवानपुर फरीदाबाद, घर से सुबह कुड़ा डालने के लिए घर से बाहर गई। जिसे रोहित पुत्र अजय शादी करने के नियत से कही भगाकर ले जाने के बारे मे। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, चेहरे पर काले दाने, जिसका कद 5 फुट 2 इंच बा उम्र 19 वर्ष है, जिसने हरे रंग का सुट सलवार, पैरो मे गोल्डन रंग की जूती पहने हुए है। मुकदमा न0 61 दिनांक 22.01.2022, थाना पल्ला फरीदाबाद मे दर्ज है, पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरो पर सुचित किया जाये।

**एसएचओ पल्ला फरीदाबाद- 9382200139**
**आई/सी पीपीनवीन नगर फरीदाबाद-9382200174**

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 25 जनवरी , 2022



# पूरे पर अंगूठा लगवा बांट रहे हैं आधा राशन

कविता। फरीदाबाद

सरकार गरीबों को अनाज मुफ्त बांटने का दावा कर रही है। गांव छायंसा निवासी जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी से शिकायत कर डिपो धारक पर अनाज नहीं देने का आरोप लगा रहा हैं। उन्होंने डिपो होल्डर पर आरोप लगाया है कि आवाज उठाने पर वह गलत भाषा का उपयोग करता है और हमारे राशन कार्ड को रद्द कराने की भी धमकी देता है। बीपीएल कार्ड धारकों को भी वह पूरा सामान नहीं दे रहा है। आरोप है कि उनसे मशीन में एंट्री करवा कर आधा अनाज ही दिया जा रहा है।

इस लिखित शिकायत को सोशल मीडिया पर वायरल करने पर डिपो होल्डर ग्रामीणों को धमकियां दे रहे हैं।

## यह है पूरा मामला

गांव छायसां के निवासी मनोज ने बताया कि जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी को नवंबर माह में शिकायत की थी। तब उन्हें अनाज मिलना शुरू हो था। अब फिर दिसंबर से उन्हें राशन पूरा नहीं मिल रहा है। मनोज, गजन, अनिता, देवी राम, दुलीचंद, मोना, बनवती, सुमन, किशनपाल, रमेश, धन्नीराम, कुमरपाल ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी से की शिकायत में बताया कि गांव में सभी डिपो धारक ने मार्च तक मिलने वाला मुफ्त राशन नहीं दिया। वहीं बीपीएल को चीनी और नमक



डिपो धारक मशीन में एंट्री करते हुए।

दिसंबर व जनवरी न देकर ऑनलाइन साइट पर चढ़ा दिया। अन्य लोगों को आधा राशन देकर पूरे पर अंगूठा लगवा लिया।

## अपडेट पूरा, मिला आधा

मनोज कुमार ने बताया कि गांव में पांच डिपो धारक हैं। जिनके पास प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योजना के तहत का राशन आता है। जिसमें प्रधानमंत्री का अनाज उन्हें फ्री और मुख्यमंत्री का अनाज पैसों से दिया जाता है। लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री वाला अनाज ही बांटा है, लेकिन फ्री यानी पीएम वाला अनाज नहीं दिया। हैरानी तो इस बात की है कि पीओएस मशीन में प्रधानमंत्री वाले अनाज का भी अपडेट डाल दिया गया है। जोकि पूरी तरह से गलत है।

## मिल रही है धमकी

ग्रामीणों ने पायनियर को एक वीडियो भेजकर बताया है कि किस तरह से उन्हें डिपो धारक अनाज देने से मना कर रहा है और उन्हें धमका रहा है। इस वीडियो में डिपो धारक के घर में मौजूद महिला भी ग्रामीणों को भला-बुरा कह रही है। डिपो होल्डर मशीन पर एंट्री के साथ ही धमकियां देते हुए कह रहा है कि वीडियो बनाकर क्या करेंगा। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने शिकायत देने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

# प्रदर्शन को लेकर निगम कर्मियों ने बनाई रणनीति

फरीदाबाद। नगर निगम के सभी विभागों के कार्यकर्ताओ की बीके चौक स्थित यूनियन कार्यालय पर बैठक का आयोजन नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक मेसर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा प्रदेश की आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्परो के समर्थन में तथा सरकार के दमन विरोधी रवैया के खिलाफ 1 फरवरी को होने वाले दमन विरोधी प्रदर्शनों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने का फैसला लिया। बैठक में 23-24 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल को व्यापक संपर्क किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस समारोह की हुई फुलड्रेस फाइनल रिहर्सल

## उपायुक्त जितेंद्र यादव ने स्थानीय हैलीपैड ग्राउंड में किया ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने 73वें गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह में सोमवार को राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। आपको बता दें अंतिम फाइल रिहर्सल में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। विभिन्न विभागों द्वारा 26 जनवरी को ही झांकियां निकाली जायेगी। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशानिर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि 26 जनवरी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह होंगे।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह के फाइनल रिहर्सल के दौरान सुबह 9:58 पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण हैलीपैड ग्राउंड सेक्टर-12 में किया। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण के बाद खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में शामिल सभी टुकडियां भव्य मार्च पास्ट में शामिल हुई तथा मुख्य मंच के सामने से गुजरते हुए सलामी दी।



सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में गणतंत्र दिवस की फूलड्रैस रिहर्सल में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

परेड कमाण्डर एसीपी मुनिष सहगल के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी के इन्चार्ज पीएसआई विशाल, हरियाणा पुलिस महिला टुकड़ी की इन्चार्ज पीएसआई सुमन, हरियाणा होमगार्ड टुकड़ी के इन्चार्ज एसजे बिजेन्द्र, एनसीसी एसआर विंग टुकड़ी के इन्चार्ज विकास, एनसीसी जेआर विंग टुकड़ी के इन्चार्ज रविकुमार मिश्रा, सैंट जोनसन ब्रिगेड टुकड़ी के इन्चार्ज विनीत, भारतीय स्काउट टुकड़ी के इन्चार्ज अमन कुमार, भारतीय गाइड टुकड़ी के इन्चार्ज पंकज कुमार, हिन्दुस्तान स्काउट टुकड़ी के इन्चार्ज सचिन , हिन्दुस्तान गाइड टुकड़ी की इन्चार्ज मनिषा और प्रजातंत्र के प्रहरी के इन्चार्ज गोल्डी रहे।

मंच संचालन डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बेहतरीन देशभक्ति व देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत राजकीय माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने तेरी मिट्टी में मिल जावा, वन्देमातरम वन्देमातरम, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओल्ड के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी लोकगीत होलिया में उडे रे गुलाल , कहियो मंगेतर से, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एन आईटी-5 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य हरियाणा एक हरियाणवी एक, दुनिया में होगा नाम मेरे हरियाणा का,झुलण जांगी हे मां मेरी बागां मै सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

जिनमें हरियाणा के अलावा पंजाब व राजस्थान की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली। फाइल रिहर्सल का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ। रिहर्सल दौरान कोविड प्रोटोकॉल के नियमों का गंभीरता से पालन किया गया। इस अवसर पर एडीसी सतबीर मान, एसडीएम परमजीत चहल, सीटीएम नसीब कुमार, ज्वाइंट कमीशनर एमसीएफ डॉ. नरेश कुमार, डीआरओ बिजेन्द्र राणा व पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# ससुराल वालों पर लगा युवक की हत्या का आरोप



रोते बिलखते मृतक युवक के परिजन।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गांव मोठूका में रहने वाले एक युवक की रहस्यमय हालत में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक पत्नी के साथ ससुराल के पास कमरा किराये पर लेकर रहता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामनगर के रहने वाले मंगल सिंह ने बताया कि उनके छोटे बेटे 28 वर्षीय विनोद की शादी साल 2012 में गांव मोटूका की रहने वाली सविता के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही सविता और उसके परिजन विनोद को परेशान करने लगे। सविता विनोद को उसके मायके में रहने के लिए कहती थी। इसे लेकर सविता कई बार झगड़ा कर अपने बच्चों को लेकर मायके चली जाती थी। परेशान होकर विनोद मोठूका में किराए के मकान में रहने लगा। लेकिन वहां भी सविता और उसके मायके वाले पैसों के लिए विनोद के साथ झगड़ा करते रहते थे। 22 जनवरी को उनके पास दोपहर में विनोद का फोन आया कि सविता व उसके परिवार वाले उसके साथ मरपीट कर रहे है। अगर उसको बचाया नहीं गया तो उसको जान से मार देंगें।

उसके कुछ समय के बाद सविता के बड़े भाई तिलक का फोन विनोद की बहन मीना के पास आया और उसने कहा कि विनोद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह सूचना मिलने के बाद उनका लड़का राम निवास, उनकी पत्नी व बड़ी लडकी मीना घटना स्थल पर पहुंचे।

# मुंबई की बच्ची को लव जिहाद से बचाया

## जीआरपीएफ पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

लव जिहाद में फंसाकर शादी का झांसा देकर नाबालिक बच्ची को मुंबई से फरीदाबाद बुलाकर विवाह करने निकले एक युवक को जीआरपीएफ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बच्ची को आरोपी के चंगुल से बचाकर जीआरपीएफ पुलिस ने जिला बाल कल्याण समिति के माध्यम से उसके परिजनों को सौंप दिया।

### यह है पूरा मामला

एक बच्ची जो पालघर मुंबई की रहने वाली है, उसकी इंस्टाग्राम पर राहुल नामक युवक से दो महीने से दोस्ती थी। राहुल जोकि मुस्लिम युवक था, उसका असली नाम हैदर है परंतु उसने इंस्टाग्राम पर राहुल के नाम से फर्जी आईडी बनाकर बच्ची को फरीदाबाद बुला लिया। बच्ची रुपये और गहने लेकर मुंबई से पहले अमृतसर गई।

बच्ची वहां दस दिन तक रही। फिर राहुल उर्फ हैदर ने उसे फरीदाबाद बुला लिया और कहा कि वह उससे शादी कर लेगा। बच्ची फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची, तो वहां राहुल उर्फ हैदर मिला। तभी जीआरपी फरीदाबाद को शक हुआ। जिस पर पुलिस ने पुछताछ की तो बच्ची ने यह सारी बात बताई। जीआरपीएफ पुलिस ने बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्रीपाल करहाना ने काउंसिलिंग व बयान दर्ज करने के बाद बाल ग्रह में भेज दिया।

# विधायक के कार्यालय पर किया प्रदर्शन

फरीदाबाद। अपनी मांगों के समर्थन में आज आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं की यूनियन ने फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता के कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। और उनको अपना 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा।


पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कड़ाके की ठंड होने के बावजूद भी हजारों की संख्या में आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्पर सेक्टर 12 लघु सचिवालय के सामने एकत्रित हुई। यहां से नारे लगाते हुए विधायक के कार्यालय सेक्टर 11 के सामने पहुंची। सरकार की नीतियों से खफा हुई आशा वर्कर यूनियन ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व राज्य प्रधान देवेंद्री शर्मा ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव मालवती कर रही थी। इस मौके पर सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लीजिए एनीवर्सरी सेल '10 का दम' का आनंद

## महिलाओं के कपड़ों ब्यूटी एंड परफ्यूम पर पाएं 90 प्रतिशत तक की छूट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत के अग्रणी ऑनलाइन मार्केटप्लेस शॉपक्लूज डॉट कॉम ने अपनी 10वीं सालगिरह पर 10 का दम' के नाम से एनिवर्सरी सेल की शुरुआत की है। 21 जनवरी से शुरू हुई यह सेल 27 जनवरी तक चलेगी जिसमें कई डील, कॉम्बो और 90 प्रतिशत तक के मेगा डिस्काउंट का लाभ लिया जा सकता है। इसमें होम एंड किचनवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, अपैरल, मोबाइल फोन आदि पर ऑफर मिलेगा। सेलेक्टेड वस्तुओं पर 99 रुपये से ज्यादा के सभी ऑर्डर पर 30 रुपये की छूट और नए यूजर्स को



50 रुपये की छूट भी मिलेगी।

शॉपक्लूज डॉट कॉम के हेड मार्केटप्लेस अनुरोग गंभीर ने कहा, 'ग्राहकों के भरोसे के दम पर हमने सफलता के साथ शानदार 10 साल बिताए हैं। 2021 के चुनौतीपूर्ण माहौल में भी ग्राहकों ने हम पर भरोसा रखा, जो उत्साहजनक है। हम अपनी 10वीं सालगिरह के मौके पर अपने ग्राहकों को खास ऑफर देना चाहते हैं। आने वाले वर्षों में हम टियर 2,3, और 4 के ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करेंगे और ओपन मार्केटप्लेस के सिद्धांत को बढ़ावा देंगे।' पिछले 10 साल में शॉपक्लूज डॉट कॉम ने देशभर में 26,933 पिन कोड पर प्रोडक्ट पहुंचाए हैं। वर्तमान समय में हमारे प्लेटफॉर्म पर आने वाले मासिक ग्राहकों का औसत 4.5 करोड़ है।

# जेसी बोस में अल्पकालिक प्रशिक्षण समारोह आयोजित

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और इसके अनुप्रयोगों में चुनौतियां एवं विकास' विषय पर आयोजित एक सप्ताह का शार्ट-टर्म प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसटीटीपी) आज प्रारंभ हो गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा प्रायोजित है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की और प्रतिभागियों को कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में चुनौतियों और विकास के बारे में भी बताया तथा इसके आधार पर नवीनतम अनुप्रयोगों के बारे में उल्लेख किया। राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान, गुरुग्राम के पूर्व महानिदेशक डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रहे।

# किरायेदारों का वैरीफिकेशन न कराने पर 12 मालिक नामजद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर कानून व्यवस्था तथा नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में सभी धर्मशाला, गेस्ट हाउस, होटल इत्यादि स्थानों पर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के दिशा निर्देश दिए थे जिसके तहत डीसीपी हेडक्वार्टर नीतिश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा एसीपी मुजेसर की निगरानी में पुलिस थाना सेक्टर 58 प्रभारी ने सेक्टर 56 स्थित आशियाना फ्लैट में सर्च अभियान चलाया जहां पर बिना पुलिस वैरिफिकेशन की लोगों को किराए पर रखने के जुर्म में 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके साथ ही अजनबी तरीके से रह रहे 123 लोगों के पर्चे अजनबी भरकर उनका क्रिमिनल रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए संबंधित स्टेट के पुलिस स्टेशन में भेजा गया है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें देवेंद्र, आनंद,



राजेश, निसार, वकील, संतोष, बंजोर, कोसर, सोनी, राजरानी, प्रियंका तथा सीमा का नाम शामिल है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशों के तहत कार्य करते हुए डीसीपी हैडक्वार्टर नीतीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह सर्च अभियान चलाया गया था। वहां पर रह रहे लोगों से पूछताछ करने पर सामने आया कि करीब 15 वर्ष पहले सेक्टर 17 बाईपास रोड पर झुग्गियां तोड़ी गई थी और सरकार द्वारा झुग्गियों में रहने वाले लोगों के लिए सेक्टर 56 में आशियाना नाम से फ्लैट बनवाए थे। पुलिस द्वारा चेक करने पर पता चला कि यहां पर बिना आता पत्ते के बहुत लोग रह रहे हैं तथा इसमें रहने वाले कुछ लोगों से किराया लिया जा रहा है। इनकी पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं करवाई गई है इसलिए इन 12 लोगों के खिलाफ नियमों का उल्लंघन ना करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बहू-बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे : रेनू

फरीदाबाद। हरियाणा महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में बहू-बेटियों के मान सम्मान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि महिलाओं को कोई परेशानी आती है तो महिला आयोग हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को महिला आयोग इतना सक्षम बनाने का काम करेगा कि वह अपने आप को कहीं भी कमजोर महसूस नहीं करेंगी। रेनू भाटिया सोमवार को एनआईटी दो स्थित भाटिया सेवक समाज में उनके सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहीं थी।

उन्होंने कहा कि संघर्ष मनुष्य के जीवन का अनुभव होता है और इस अनुभव को प्रेरणा के रूप में स्वीकार करके कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश महिला आयोग लड़कियों को स्कूल, कॉलेजों और उद्योगों में काम करने वाली लड़कियों की आत्म शक्ति को मजबूत बनाने का काम करेगी और उन्हें संघर्ष को प्रेरणा स्वरूप स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# ऑटो चालक के अपहरण में छह आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी सुमेर सिंह की टीम ने अपहरण कर युवक के साथ की गई मारपीट के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम तुगलक उर्फ शेरखान, मूबीन उर्फ सेंटी, चांद उर्फ भूपल्ली, राहुल उर्फ शूटर, आदिल और शाहरुख का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के रहने वाले हैं। इस मामले में अभी 2 आरोपियों सादिक और शाहिद की गिरफ्तारी बकाया है। जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

17 जनवरी को आरोपियों ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक ऑटो चालक का अपहरण करके उसके साथ मारपीट की थी जिसमें पीड़ित के हाथ और पैर में फ्रैक्चर आया था। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह सेक्टर 56 स्थित आशियाना फ्लैट में रहता है और ऑटो चलाता है। 17 जनवरी शाम को जब वह अपने ऑटो में बैठा हुआ था



आटो चालक के अपहरण में गिरफ्तार युवकों के साथ क्राइम ब्रांच टीम।

तो आरोपी तुगलक और मोबिन उसको कोल्ड्रिंक पिलाने के बहाने से मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए और रास्ते में उसकी कमर पर कट्टा लगाकर उसे जबरदस्ती आशियाना फ्लैट के पास खाली पड़े ग्राउंड में ले गए जहां आरोपी सादिक,शाहिद, आदिल,चांद, राहुल तथा शाहरुख लाठी-डंडों के साथ पहले से ही मौजूद थे। वहां पर ले जाकर आरोपियों ने दानिश के साथ लोहे की रोड और लाठी-डंडों से मारपीट की जिसमें दानिश को गंभीर चोटें आई।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोना : दो मौत हुईं और 808 नए पॉजिटिव मिले



फरीदाबाद। जिले में कोरोना के 808 नए संक्रमित मरीज सामने आए है। वहीं जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 2 मौत होने की पुष्टि है। कोविड-19 के मृतकों की संख्या का आंकड़ा 728 पर पहुंच गया है। जिले में एक्टीव केस 11006 हो गए है। जिसमें होम आईसोलेशन में 10809 और अस्पताल में दाखिल मरीजो की संख्या 197 है। जिसमें 37 ऑक्सीजन, आईसीयू 44 और 11 वैंटीलेटर पर भर्ती है। जिले में राहत की बात यह रही कि 1384 मरीज को ठीक होने पर घर भेज दिया। वहीं स्वस्थ्य होने की दर 90.28 प्रतिशत हो गई है। जिले में कोरोना से बचाव के लिए लगातार वैक्सीनेशन और अधिक से अधिक सैम्पल लेने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले 24 घंटे में जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 4505 सैम्पल जांच किए है। वहीं जिले में सरकारी के 3531 और निजी प्रयोगशालाओं के 1018 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

## मुजेसर में नई डीएमसी हुई शुरू



फरीदाबाद। डीएमसी डेजिग्नेटिड माइक्रोस्कॉपी सेंटर मुजेसर में डीएमसी का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत ने किया। उनके साथ मुजेसर के डॉक्टर अनीता, डॉ श्रुति कांत, डॉ. समरजीत तथा स्टाफ से टीवी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर बिजेंद्र, सीनियर लेबर सुपरवाइजर राजकुमार तथा वही के लैब टेक्नीशियन वासु और रिंकू मौजूद थे। इस मौके पर डॉ. शीला भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में फिलहाल 18 डीएमसी है। जिनमें से ईएसआई 4 जोकि एक नंबर में स्थित है वह डीएमसी बंद हो गई थी अब मुजेसर में डीएमसी शुरू होने के बाद इनकी संख्या दोबारा से 18 हो गई है। उन्होंने कहा कि मुजेसर गांव के आसपास के एरिया को जिनको बलगम की जांच करवाने के लिए बीके हॉस्पिटल आना पड़ता था उनको अब इधर आने की जरूरत नहीं है। वहां के आसपास के एरिया के जितने भी मरीज हैं वह सभी मरीज व लोग बलगम की जांच मुजेसर में ही करवा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि टीवी के मुख्य चार लक्षण होते हैं लंबी खांसी, लंबा बुखार, वजन का घटना लगातार, रात को पसीना आना और इसकी मुख्य जांच बलगम के द्वारा ही की जाती है। जोकि बिल्कुल मुफ्त में होती है। इसकी दवाइयां भी मुफ्त में दी जाती हैं। मरीजों को हर महीने सरकार की तरफ से पोषण आहार योजना के तहत 500 रुपये मिलते हैं।

## जरूरतों को पूरा करने के लिए नए ईंधन स्रोत जरूरी



सेक्टर-91 सूर्या नगर में पीएनजी पाईप लाइन के कार्य का शुभारंभ करते स्थानीय निवासी तिगांव के विधायक राजेश नागर व अन्य।

फरीदाबाद। तिगांव से विधायक राजेश नागर ने सूर्या नगर सेक्टर 91 में पीएनजी लाइन डालने का काम शुरू करवाया। इस अवसर पर पीएनजी कंपनी के अधिकारी और स्थानीय आरडब्ल्यूए के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आज बढ़ती आबादी के हिसाब से हमें ईंधन के नए स्त्रोतों को अपने जीवन में अपनाना ही होगा। जैसे बिजली के क्षेत्र में सोलर एनर्जी और व्हीकल कैटेगरी में ई वीइकल नए स्त्रोत हैं, वैसे ही घरेलु ईंधन में भी पीएनजी नया स्त्रोत है। श्री नागर ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद ही नए ईंधन को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में करोड़ों लोगों को उन्होंने एलपीजी के निशुल्क कनेक्शन दिलवाए, वहीं शहरी क्षेत्रों में पीएनजी की पाइपलाइन के जरिए सीधे रसोई में ईंधन पहुंचाने के काम में भी तेजी आई है। विधायक राजेश नागर ने स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं भी जानीं और उन्हें तत्काल प्रभाव से दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकास के क्षेत्र में समस्याएं तेजी से दूर हो रही हैं और प्रशासनिक व्यवस्था में भी सुधार आ रहा है। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक नागर का स्थानीय आरडब्ल्यूए सदस्यों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिर्राज शर्मा, प्रहलाद शर्मा, अमन नागर, दयानंद नागर, आरडब्ल्यूए के प्रेसीडेंट एएन राय, वाइस प्रेसीडेंट सुनील कुमार, महासचिव कंचन मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, कुलदीप गुप्ता, उत्कर्ष गर्ग, शीशराम अवाना, सुमन चंदेल, बृजेश ठाकुर, प्रदीप त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## रोटरी क्लब ने ट्रस्ट को भेंट की एम्बुलेंस



फरीदाबाद। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भारत सेवा प्रतिष्ठान (सर्व इंडिया ) ट्रस्ट के कार्यकर्ता समाज सेवा के सच्चे काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष पर रोटरी क्लब ऑफ़ दिल्ली प्रीमियर के द्वारा मैत्री थाई के सहयोग से जो एम्बुलेंस भारत सेवा प्रतिष्ठान ( सर्व इंडिया ) ट्रस्ट को दी जा रही है वास्तव में ट्रस्ट के माध्यम से वो गरीब एवं पीड़ित लोगों के काम आयेगी। गुर्जर रोटरी क्लब ऑफ़ दिल्ली प्रीमियर के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। फरीदाबाद एनएचपीसी चौक स्थित शोरूम में आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ़ दिल्ली प्रीमियर के द्वारा मैत्री थाई के सहयोग से रोटरी क्लब के अध्यक्ष राघव चंद एवं मैत्री थाई प्रोजेक्ट के इंचार्ज अनीश गोयल के द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की गरिमामयी उपस्थिति में भारत सेवा प्रतिष्ठान (सर्व इंडिया) ट्रस्ट के चेयरमैन श्रीकृष्ण सिंघल एवं अध्यक्ष दीपक अग्रवाल को एम्बुलेंस सौंपी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में रोटरी क्लब के अध्यक्ष राघव चंद ने रोटरी क्लब के द्वारा किये जा रहे सेवा के कार्यों के बारे में बताया ढ्ढ इस मौके पर मैत्री थाई प्रोजेक्ट के इंचार्ज अनीश गोयल ने बताया कि उनके इस प्रोजेक्ट के तहत देश भर में 33 एम्बुलेंस बांटी गई हैं जिसमें से 5 एम्बुलेंस हरियाणा प्रदेश में दी गयी है। भारत सेवा प्रतिष्ठान (सर्व इंडिया) ट्रस्ट के चेयरमैन श्रीकृष्ण सिंघल ने अपने उद्बोधन में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, रोटरी क्लब एवं मैत्री थाई का ट्रस्ट को एम्बुलेंस देने के लिए आभार व्यक्त किया एवं रोटरी क्लब के द्वारा किये जा रहे सेवा के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी अमर जवान ज्योति राष्ट्रीय युद्ध स्मारक स्थल पर स्थापित करने की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के पंकज मुनारका ने आये हुए सभी अथितियों का धन्यवाद् किया। इस मौके पर भारत सेवा प्रतिष्ठान के महासचिव दीपक ठुकराल, कोषाध्यक्ष कौशल गोयल, राजकुमार सीकरी, राकेश गुप्ता, डॉ बालकिशन गुप्ता, अरुण वालिया, प्रोफेसर अरविन्द गुप्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

## उपायुक्त और पुलिस आयुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

## गणतंत्र समारोह में बिजली एवं जेल मंत्री मुख्य अतिथि होंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की फुल ड्रेस रिहर्सल करती छात्राएं।



गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की फुल ड्रेस रिहर्सल में देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**गणतंत्र** दिवस समारोह को गरिमामयी रूप से मनाने के लिए सोमवार को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। पिछले वर्षो की तरह इस बार भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल खेल परिसर के चौधरी सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट पैवेलियन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में इस बार हरियाणा के बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को गुरुग्राम में ठीक 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। सोमवार को फुल ड्रेस रिहर्सल को उपायुक्त डॉ. यश गर्ग तथा पुलिस आयुक्त केके राव ने देखा और प्रतिभागियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक टीमों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनके माध्यम से देश की अनेकता मे एकता की छवि प्रस्तुत की जाएगी। हालांकि कोरोना के माहौल को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूलों व विद्यार्थियों की संख्या को सीमित ही रखा गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी-अपनी प्रस्तुति को आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों में होड़ लगी हुई है। जिसके लिए वे कोरोना प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए व सर्द मौसम की परवाह किए बगैर जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं।

इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय विद्यालय बादशाहपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष के मद्देनजर अपनी जोश एवं उत्साह से भरी हुई प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में नेताजी द्वारा देशवासियों के नाम किए गए आह्वान दिल्ली चलो व स्वतंत्रता सेनानी एवं अवधि कवि पंडित वंशीधर शुक्ल द्वारा वर्ष 1942 में आजाद हिंद फौज की कदम ताल के लिए लिखे गए गीत-कदम कदम बढ़ाए जा को शामिल किया गया है।

वहीं मानव जीवन में माता-पिता का कितना महत्व है, खासकर जब वे वृद्धावस्था में होते हैं। इस संवेदनशील विषय की मार्मिक प्रस्तुति राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा की छात्राओं द्वारा दी जा रही है। कार्यक्रम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा राजस्थानी संस्कृति से ओत-प्रोत नृत्य में राजस्थान के प्रसिद्ध बाबा रामदेव पीर की उपासना का दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशांत लोक सेक्टर-43 के छात्र-छात्राओं द्वारा कृषि प्रधान हरियाणा प्रदेश के किसानों द्वारा फसल तैयार होने पर किया जाने वाला धमाल नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से दर्शाया जाएगा कि कैसे हरियाणा का किसान पूरे देश का अन्नदाता है।

इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में चार टुकड़ियां परेड में भाग ले रही हैं, जिनका नेतृत्व एसीपी सदर अमन यादव कर रहे हैं। परेड में गुरुग्राम पुलिस, गुरुग्राम महिला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, होम गार्ड, की टुकड़ियां भाग ले रही हैं। मार्च पास्ट पर धुन हरियाणा पुलिस के ब्रास बैंड द्वारा दी जा रही है। समारोह का समापन राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले राष्ट्रीय गान के साथ होगा।

# गोरक्षकों ने 22 गोवंश को सुरक्षित छुड़ाया, वाहन चालक किए काबू

## पुलिस ने वाहन चालक और साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन जब्त किया

पायनियर समाचार सेवा। होडल

**होडल** गोरक्षा समिति के सदस्यों ने पुलिस के सहयोग से यूपी से मेवात दस टायर ट्रक में तस्करी के लिए जा रही 22 गायों को सुरक्षित छुड़ाया है। सदस्यों ने गौवंश से भरे वाहन के साथ वाहन चालक को भी मौके पर दबोच लिया। सदस्यों ने वाहन में सवार गोवंश को उझीना स्थित गोशाला में सुरक्षित छोड़ दिया है। सदस्यों ने वाहन चालक व वाहन के होडल थाना पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने वाहन चालक व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है।

गोरक्षा समिति के प्रधान भगत सिंह रावत ने जानकारी में बताया कि रविवार देर रात उन्हें सूचना मिली कि यूपी से एक दस टायर ट्रक में गोवंश भरकर मेवात में तस्करी के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही गोरक्षा समिति, मोनू मानेसर, मोनू वृन्दावन, शैलेंद्र पलवल, बिजेंद्र पटेल पुन्हाना, धीरज गोवर्धन की टीम के सदस्यों ने नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर पर गोवंश से भरी गाडी का इंतजार शुरू कर दिया। जैसे ही गोवंश से भरी गाडी बॉर्डर पर पहुंची वैसे ही गोरक्षकों ने गाड़ी को रुकने का इशारा दिया, लेकिन गाड़ी के चालक ने गाड़ी को रोकने के बजाय गाड़ी की स्पीड बढ़ा दी। गोरक्षकों ने मामले की सूचना होडल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने हसनपुर चौक फ्लाई ओवर पर नाका लगा दिया। गोरक्षकों ने भी अपने वाहनों से गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। जैसे ही गोवंश से भरे वाहन में मौजूद लोगों ने हसनपुर फ्लाई ओवर पर पुलिस का नाका देखा वैसे ही उसमें सवार लोग गाड़ी में उतरकर भाग गए। पीछे से आ रहे गोरक्षकों ने वाहन के चालक को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस व समिति के सदस्यों ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें से 22 गोवंश बरामद किया। समिति के सदस्यों ने गाड़ी में से बरामद हुए गोवंश को सुरक्षित उझीना स्थित गोशाला में छोड दिया और गाडी चालक व गाड़ी को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर गाड़ी को जब्त कर लिया है।

## जिले में ड्रोन उड़ाने पर लगायी गई रोक

**गुरुग्राम।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा कारणों के मद्देनजर जिलाधीश तथा उपायुक्त डा. यश गर्ग ने जिला गुरुग्राम में 26 जनवरी को ड्रोन, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, ग्लाइडर/पॉवर ग्लाइडर/होट एयर बलून, काइट फ्लाइंग व चाइनीज माइक्रो लाइट के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

जिलाधीश द्वारा निषेधाज्ञा के ये आदेश दंड प्रक्रिया अधिनियम की धारा 144 के तहत किए गये हैं और 26 जनवरी को प्रभावी रहेंगे। ये आदेश गणतंत्र दिवस के अवसर पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत जारी किए गए हैं।

आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# यू-ट्यूब चैनल पर देख सकेंगे गणतंत्रता दिवस

## कोरोना को देखते हुए गणतंत्रता दिवस के कार्यक्रम का यू-ट्यूब पर होगा प्रसारण

**गुरुग्राम।** जिला का गणतंत्र दिवस कार्यक्रम आप घर बैठे यू-ट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। कोरोना को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम जिला प्रशासन ने गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का यू-ट्यूब के माध्यम से प्रसारण करने का निर्णय लिया है।


उपायुक्त डा. यश गर्ग ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में दशज़्को की ज्यादा भीड़ ना जुटे, इसके लिए पूरे कार्यक्रम का प्रसारण यू-ट्यूब के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला के लोग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं, इसी बात को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए इसका प्रसारण यू-ट्यूब पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस समारोह का कार्यक्रम बुधवार 26 जनवरी को प्रातः 10 बजे शुरू होगा। इसे देखने के लिए यू-ट्यूब लिंक पर क्लिक करें।

सारा कार्यक्रम इस लिंक पर लाईव नजर आएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में प्रदेश के बिजली एवं नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग के मंत्री रणजीत सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए इस बार कार्यक्रम छोटा रखा गया है।

# सूबेदार मेजर दीपक शर्मा हार्ट अटैक से शहीद

## होडल गढ़ी रोड निवासी शर्मा तैनात थे असम राइफल मणिपुर में

पायनियर समाचार सेवा। होडल



शहीद दीपक शर्मा की फाइल फोटो।

**असम** राइफल मणिपुर में सूबेदार मेजर के पद पर तैनात होडल गढ़ी रोड निवासी दीपक शर्मा ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक पड़ने से शहीद हो गए। दीपक शर्मा के शहीद होने की सूचना मिलते ही शहर में मातम छा गया और उनके परिवार को सांत्वना देने के लिए काफी संख्या में लोग दीपक शर्मा के निवास पर एकत्रित हो गए। शहीद दीपक शर्मा के पार्थिक शरीर को सोमवार देर सायं उनके निवास पर लाया गया।

शहीद दीपक शर्मा के भाई महेश ने बताया कि 2001 में दीपक ने कमांडो के पद पर ज्वाइन हुए। उन्होंने बताया कि शहीद दीपक शर्मा की आयु लगभग 43 वर्ष है। उन्हें दो लड़की जो कि बड़ी लड़की याशिका 11 वर्ष तथा आइशी 6 वर्ष है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले उनके परिवार वालों की दीपक से फोन पर बात हुई थी। उस दौरान उन्हें कैसी भी दिक्कत नहीं थी। रविवार रात लगभग साढ़े आठ बजे परिजनों को फोन द्वारा सूचना मिली कि दीपक की हार्ट अटैक पड़ने से मौत हो गई है। दीपक के शहीद होने के सूचना जैसे ही उनके परिवार वालों तक पहुंची वैसे ही परिवार में मातम की लहर दौड़ गई और चीख-पुकार शुरू हो गई।

# शहरी क्षेत्र में 2800 किशोरों को लगी कोरोना डोज

## स्वास्थ्य विभाग ने किया ्र फीसदी लक्ष्य पूरा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**शहरी** क्षेत्र में 15 से 18 वर्ष की उम्र वाले किशारों को वैक्सीनेशन का 100 फ ीसदी लक्ष्य पूरा हुआ। नागरिक अस्पताल की तरफ से 2800 किशोरों को कोरोना की डोज लगाई गई। नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र में 15 से 18 वर्ष की उम्र वाले किशोरों को कोरोना की डोज लगाने का लक्ष्य सोमवार को पूरा कर लिया।

सोमवार को नागरिक अस्पताल की टीम ने शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में शेष 30 छात्राओं को कोरोना की डोज दी गई। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में 15 से 18 वर्ष की उम्र वाले किशोरों को वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य पूरा हो गया। नागरिक अस्पताल ने अपना यह लक्ष्य मात्र 21 दिन में पूरा किया है। 18 से अधिक उम्र वाले 400 छात्र शामिल नागरिक अस्पताल में कोरोना वैक्सीनेशन की प्रभारी डॉ. गरिमा ने बताया कि कक्षा 9 से 12वीं में पढ़ने वाले 400 विद्यार्थियों की उम्र 18 वर्ष से पार थी। जिन्हें कोरोना की पहली और दूसरी डोज में शामिल करते हुए पहली डोज लगाने का कार्य पूरा हो गया है। दूसरी डोज समय सीमा पूरी होने पर लगा दी जाएगी।

### 67 आयुर्वैदिक किट वितरण

**आयुष** विभाग की तरफ से कोरोना की ओमिक्रोन से संक्रमित शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 67 को आयुर्वैदिक किट वितरण की गई है। आयुष विंग के प्रभारी डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला और नागरिक अस्पताल सोहना सीमा क्षेत्र में 67 कोरोना संक्रमित मामले आए हैं। जिन्हें आशा वर्कर्स के माध्यम से घर पर जाकर उपचार किट दी गई है। शहरी क्षेत्र में कोरोन की पहली और दूसरी डोज का लक्ष्य 99 फीसदी पूरा हो गया है। नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र से बाहरी लोग कोरोना वैक्सीनेशन के लिए आ रहे है। जिनकी संख्या एक दिन में 50 के लगभग है।

**डॉ. नवल किशोर ( एसएमओ नागरिक अस्पताल )**

### 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 908 किशोरों को लगाई वैक्सीन

**गुरुग्राम।** जिला में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान के तहत सोमवार को 908 किशोरों को कॉवैक्सीन का पहला टीका लगाया गया। जिला में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ सरकारी व निजी क्षेत्र स्कूलों में भी टीकाकरण केंद्र बनाए गए थे। जिला में सोमवार के टीकाकरण आंकड़ों को मिलाकर अभी तक 101619 किशोरों को कोरोना रोधी टीका लगाया जा चुका हैं। जिला में वैक्सीनेशन अभियान के नोडल अधिकारी एवं उप-सिविल सर्जन डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि मंगलवार को जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उनमें एसडीएच हेलीमंडी, सुल्तानपुर, ट्रेंनिंग सेंटर एसडीएच सोहना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोमा, मंदपुरा, सूरत नगर, दौलताबाद,ओम नगर, कासन, घाटा व वजीराबाद, पीएचसी गड़ी, राजीव नगर, नाहरपुर रूपा, गुड़गांव गांव, मुल्लाहेड़ा, बादशाहपुर, राजेंद्रा पार्क, सीएचसी फरूखनगर, पीएचसी भांगरोला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलपुर, पीएचसी भोड़ा कला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, तिगरा, मानेसर, नाथूपुर, पटेल नगर, पीएचसी पलड़ा, घगोला, बसई एनक्लेव व चंद्रलोक, नागरिक अस्पताल पटौदी, पीएचसी भोंडसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखराली, लक्ष्मण विहार, फिरोज गांधी कॉलोनी व खांडसा, पॉलीक्लीनिक सेक्टर-31 व अन्य जगहों पर बनायें गए अस्थायी केन्द्रों पर ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से कॉवैक्सीन की पहली डोज़ के रूप में 05 हजार 980 स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ जिला में 04 स्कूलों में बनाये गए टीकाकरण केन्द्रों पर 800 स्लॉट उपलब्ध रहेंगे।

# इस मोबाइल ऐप की मदद से महज कुछ घंटों में मिलेगा पर्सनल लोन, डॉक्युमेंट और क्रेडिट स्कोर की जरूरत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ब्रांच** एक पर्सनल लोन मोबाइल ऐप है. यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पर्सनल फाइनेंस स्टार्टअप है। मोबाइल लेंडर्स में यह एक लीडिंग ब्रांड है। सबसे खास बात ये है कि इस ऐप की मदद से आपको बिना किसी डॉक्युमेंट का पर्सनल लोन मिल जाता है. यह प्रोसेस महज 2 घंटे में पूरा हो जाता है. लोन के लिए किसी तरह के कोलैट्रल की भी जरूरत नहीं होती है. अगर आपका क्रेडिट स्कोर नहीं जेनरेट हुआ है, तब भी इस ऐप की मदद से आपको पर्सनल लोन मिल जाएगा।

ब्रांच की मदद से यूजर्स को लोन के लिए बैंकों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होती है। वैसे पर्सनल लोन चाहिए तो बैंक के कर्मचारी कई स्तरों पर आपके डॉक्युमेंट की जांच करते हैं। आपके ऐड्रेस पर फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाता है. बैंक देखता है कि आपका सिबिल स्कोर कितना मजबूत है, जिसके बाद ही लोन का अप्रूवल मिलता है। ब्रांच की मदद से महज कुछ घंटों में बिना सिबिल स्कोर और डॉक्युमेंटेशन के लोन जारी कर दिया जाता है.

बैंक से लोन लेने के लिए आपको कई दिनों तक इंतजार करना होगा जिससे महत्वपूर्ण काम समय पर नहीं हो पाता है. ब्रांच ऐप का इस्तेमाल करते हैं तो आपको समय पर अकाउंट में पैसे मिल जाते हैं जिसका आप जरूरत के वक्त इस्तेमाल कर सकते हैं।

ब्रांच मोबाइल ऐप की मदद से अब तक 21 मिलियन यानी 2.1 करोड़ का लोन जारी किया जा चुका है। वर्तमान में यह भारत, केन्या, तंजानिया, नाइजीरिया, अमेरिका जैसे देशों में सर्विस देती है. इस ऐप से आपको 50 हजार तक का लोन आसानी से मिल जाता है. मिनिमम लोन अमाउंट 750 रुपए भी हो सकता है। लोन अमाउंट को आपके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाता है. लोन जारी करने में अधिकतम 8 घंटे का समय लगता है.जब आप इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड करते हैं तो पैन नंबर, बैंक अकाउंट डिटेल समेत कुछ जानकारी शेयर करनी पड़ती है. जब कभी लोन चाहिए ऐप पर क्लिक कीजिए और पैसा आपके लिंक्ड अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाता है. लोन अमाउंट पर महीने का 2-3 फीसदी तक इंट्रेस्ट रेट चार्ज किया जाता है. यूजर्स को फ्लेक्सिबल की सुविधा मिलती है।

शुरुआत में आपको कम लोन अमाउंट फिक्स किया जाता है। जैसे-जैसे इस ऐप का इस्तेमाल करते जाएंगे, आपका सिबिल स्कोर तैयार होता जाएगा और अप्रूव्ड लोन अमाउंट बढ़ते जाता है. लोन की लिमिट आपके पेमेंट बिहेवियर पर निर्भर करती है. अगर किसी तरह की परेशानी हो रही है तो 24गुणा 7 कस्टमर सपोर्ट की सुविधा मिलती है. इसके लिए ऐप में ही चौट फीचर दिया गया है। इसमें प्राइवेसी और सिक्योरिटी का विशेष खयाल रखा गया है। यह मोबाइल ऐप हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में उपलब्ध है। इसे गूगल के प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। प्ले स्टोर पर इसकी रेटिंग 4.5 है। अब तक इसे 10 मिलियन से ज्यादा डाउनलोड किया जा चुका है। यह भारत का सबसे तेजी से विकास करने वाला पर्सनल लोन ऐप है।

# अमेजन इंडिया के ऑपरेशंस नेटवर्क को संचालित करते हुए मिलिट्री वेटरंस की देश सेवा जारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**वर्षों** तक सफल मिशनों के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने के बाद हमारे मिलिट्री वेटरंस कॉर्पोरेट लाइफ को एक्स्प्लोर कर रहे हैं और अपने अनूठे अनुभव के साथ एक अनोखे तरीके से फिर से देश की सेवा में लग गए हैं। अमेजन इंडिया ऑपरेशंस में अमूल्य अनुभवों और अद्वितीय कौशल से हमारे मिलिट्री वेटरंस एक दिवस प्रतिभा पूल का हिस्सा हैं, जो डाइवर्सिटी, इक्विटी और इन्क्लूशन के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करता है। अमेजन उन सभी लोगों के कार्य और सिद्धांतों का सम्मान करता है जिन्होंने देश की सेवा की है और कंपनी का मानना है कि हमारे मिलिट्री वेटरन्स दिग्गजों के पास अमेजन के ग्राहकों के लिए कुछ बड़ा सोचने, इनोवेशन करने और सरल बनाने की क्षमता है।

मिलिट्री वेटरन्स के लिए एक मजबूत स्ट्रक्चर और समर्पित कार्यक्रम के साथ अमेजन उनका स्वागत करता है और उन्हें एक सफल करियर बनाने में मदद करता है। 12 साल से अधिक समय तक आर्म्ड फोर्सेज की सेवा करने के बाद मेजर नेहा पटेल ने अपने करियर को बदलने का फैसला किया और अमेजन ऑपरेशन में एक और सफल करियर का मार्ग प्रशस्त किया। सेना के साथ अपने कार्यकाल के दौरान नेहा ने भारत में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल जिले के ग्राउंड जीरो द्रास सहित देश भर में विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं हैं। द्रास में पहली महिला स्टाफ ऑफिसर और फील्ड फोर्सेज की कमांडर के सलाहकार के रूप में उन्होंने परिवहन और ऑर्डिनेंस स्टोर्स सहित क्षेत्र के लोजिस्टिक्स का सफलतापूर्वक प्रबंध किया।

नेहा का मानना है कि उनके मिलिट्री ट्रेनिंग ने उन्हें अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभाने और निष्पादित करने के लिए सुसज्जित किया और साथ हीं उन्हें स्ट्रक्चर्ड तरीके से अमेज़न में अपनी भूमिका के निर्वहन में सक्षम बनाया। वह कहती हैं, अमेजन लॉजिस्टिक्स का सबसे बड़ा हब है, इसके नेतृत्व के सिद्धांत वही हैं जिनका हमने सेना में पालन किया था। डाइव डीप और कस्टमर ऑब्सेशन दो सिद्धांत हैं जिनका मैंने पालन किया है, जिन्हें हम हर दिन अपने संचालन में लागू करते हैं।

नेहा जून 2021 में अमेजन कस्टमर फुलफिलमेंट नेटवर्क का समर्थन करते हुए अमेजन में कैपेक्स प्रोक्योरमेंट लीडर के रूप में शामिल हुईं। इसी तरह सतीश एस जो कि एक नेवी वेटरन हैं और ऑपरेशन विजय मेडल तथा ऑपरेशन विजय स्टार से सम्मानित हैं। भारतीय नौसेना के लिए विभिन्न स्तरों पर मेरीटाइम, एविएशन ऑपरेशन्स, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम्स, कम्युनिकेशन और वेपन सिस्टम्स के प्रबंधन से लेकर अमेज़न के डिलीवरी ऑपरेशन्स के प्रबंधन तक का उनका ट्रांजीशन बिलकुल निर्बाध रूप से हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## शहीद के परिजनों को अलीपुर में सांत्वना देने पहुंचे नेतागण



कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा शहीद सचिन डागर के परिजनों को सांत्वना देते हुए।



भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया शहीद सचिन डागर को श्रद्धांजलि देते हुए।

**सोहना।** सोहना के पूर्व विधायक एवं राजस्थान टोंग से भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व कांग्रेस नेता चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा गांव अलीपुर में पहुंचे। जिन्होंने शहीद सचिन डगर को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। रविवार की शाम को राजस्थान के टोंग संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद चौधरी सुखबीर सिंह जौनापुरिया अलीपुर में शहद सचिन डागर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सुखबीर सिंह जौनापुरिया सोहना विधानसभा क्षेत्र से 2005 से 2010 तक विधायक रहे थे। वहीं कांग्रेस नेता चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी शहीद परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। दोनों ही नेताओं ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## युवक ने महिला से की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना सीमा क्षेत्र में गली में झाड़ू लगा रही 34 वर्षीय महिला के साथ युवक ने गलत नीयत से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी थाना क्षेत्र में रहने वाली 34 वर्षीय महिला ने डिफेंस कॉलोनी निवासी अंकित उर्फ सुनील के खिलाफ गलत नीयत से छेड़छाड़ करने की शिकायत दर्ज कराई है। 34 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपने घर के बाहर गली में झाड़ू लगा रही थी। उसी समय पीछे से कॉलोनी में रहने वाला अंकित उर्फ सुनील आया। उसे पकड़ लिया। पकड़ने का विरोध करने पर आरोपी युवक ने उसके बालों को पकड़ा तथा जमीन पर गिरा दिया। अंकित उर्फ सुनील ने गलत इरादों से उसके शरीर पर हाथ भी चलाए। भोंडसी पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

## जोखिम भरी सैकड़ों महिलाओं को बांटा राशन



जिला रेडक्रॉस सोसायटी में महिलाओं को दिया राशन।

**गुरुग्राम।** रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से जोखिम भरी सेंकड़ों महिलाओं को कोविड काल में राशन आवंटित किया गया। यह राशन वितरण चंदन नगर स्थित रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय परिसर में दिया गया। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान डा. यश गर्ग के निर्देशों पर समाजसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। रेडक्रॉस की ओर से टारगेट इंटरवेंशन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके तहत काफी महिलाओं का पंजीकरण किया गया है। कोरोना काल में ऐसी महिलाओं को किसी तरह की दिक्कत ना हो, इसके लिए रेडक्रॉस सोसायटी समय-समय पर उन्हें सहायता देती है। अब इन महिलाओं को राशन की किटें वितरित की गई। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि समाज के हर वर्ग के लिए रेडक्रॉस काम करता है। रेडक्रॉस का गठन भी वंचितों की सहायता के लिए ही हुआ है। इसलिए अपना कर्तव्य समझते हुए रेडक्रॉस ऐसे लोगों को सहायता देता है। समाज में रक्त की कमी की पूर्ति करना व अन्य सामाजिक कार्यों में रेडक्रॉस सोसायटी सदैव आगे रहती है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में रेडक्रॉस ने ऑक्सीजन, दवाइयों की पूर्ति करके लोगों का जीवन बचाया। महिलाओं को राशन वितरण के दौरान रजनी कटारिया, सुषमा, विनीता टीआई से, रेडक्रॉस से अतुल पराशर व आकांक्षा आदि उपस्थित रहे।

## आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई जाएगी शपथ

**गुरुग्राम।** जिला में मतदाताओं की जागरुकता के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए खंड, विधानसभा क्षेत्र और जिला स्तर पर शपथ दिलाई जाएगी। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि इसके तहत हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूण आस्था रखने, अपने देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, की शपथ दिलाई जाएगी। इस दौरान जिला की चारों विधानसभा से सर्वश्रेष्ठ बूथ स्तर अधिकारी, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर के स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिले में जिला मुख्यालय, ब्लॉक स्तर पर व सभी मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। सभी मतदान केन्द्रों पर विद्यार्थियों व वहां पर आने वाले सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी।

## आचार्य संतोष दास जी महाराज बने कान्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष

**फरीदाबाद।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी की मीटिंग मैंगपाई होटल फरीदाबाद में संपन्न हुई। जिसमें आचार्य संतोष दास जी महाराज को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। आचार्य विनोद मिश्रा को महासचिव बनाया गया। कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्र को नियुक्त किया गया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज 45 सदस्यों की कार्यकारिणी जिसमें प्रमुख रूप से केदारनाथ धाम, जगन्नाथ धाम, द्वारिका धाम, रामेश्वरम धाम, बद्रीनाथ धाम के एरिया अध्यक्ष नियुक्त किए गए। जिसमें प्रमुख रुप से एरिया के चार अध्यक्ष के रूप में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही यह पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध रूप से चुनी गई। इस मौके पर समाज के प्रमुख अंशुमान वाजपेई, निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर चौबे, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर धर्मपाल भारद्वाज, ब्रह्म रत्न शरद पांडे, पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, पूर्व महामंत्री सतीश कौशिक, नरेंद्र भारद्वाज एवं सभी प्रमुख गणमान्य समाज के सभी प्रमुख जनों ने बधाई दी। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज हमेशा समाज सेवा में बढ़कर समाज की आर्थिक रूप से एवं प्रसाधन सामग्रियों के द्वारा गरीब बच्चों की सहायता विकलांगों की सहायता गरीब कन्याओं के विवाह आदि की कन्यादान सहायता के साथ-साथ अन्य समाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष आचार्य संतोष दास जी महाराज ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को संस्था को आगे बढ़ाना है तो हमें सकारात्मक ऊर्जा मन में पैदा करते हुए समाज की सेवा में संलग्न रहना है। जिससे समाज में समन्वय की भावना सनातन की स्थापना हो सके।


## सशक्त और शिक्षित बालिका, देश का भविष्य

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि बालिका दिवस की शुरुआत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 2008 में की गई थी। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों जिसमें सेव द गर्ल चाइल्ड, चाइल्ड सेक्स रेशियो और बालिकाओ के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण बनाने सहित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत सरकार ने समाज में समानता लाने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य देश की लड़कियों को जागरूक करना है।

# जल निकासी और मुआवजा नहीं मिला तो 27 को करेंगे प्रदर्शनः विधायक

### बारिश से फसलों में भरे पानी की निकासी और विशेष गिरदावरी को दिया था ज्ञापन

दीपक कुमार। नूंह



विधायक आफताब अहमद।

**नूंह** विधायक व कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि खेतों से पानी निकासी की जाए व खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जाए, अगर 26 जनवरी तक पानी निकासी व किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो लघु सचिवालय में 27 जनवरी को धरना प्रदर्शन किया जायगा।

बता दें कि बारिश से मेवात जिले के क्षेत्र में फसलों में भरने वाले पानी की निकासी और विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग को लेकर नूंह विधायक व सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद बीते शुक्रवार डीसी कैप्टन शक्ति सिंह से मिले थे। बताया कि बीते दिनों अत्याधिक बारिश के कारण मेवात जलि के खेत पानी से भर गए हैं। जिसके कारण वर्तमान फसल खराब हो गई है और अगली फसल बुवाई भी खतरे में पड़ गई है। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, इसलिए प्रशासन विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा राशि दे और पानी निकासी की व्यवस्था करे।

आफताब अहमद ने मांग थी कि किसानों की ये मुख्य फसल है इसलिए तुरंत उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। वहीं जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने आफताब अहमद को आश्वासन दिया था कि तुरंत मामले में राज्य सरकार को लिखकर वो विशेष गिरदावरी की सिफारिश करेंगे और पानी निकासी के प्रबंध किए जाएंगे। कांग्रेस के तीनों विधायकों ने चंडीगढ़ में आला अधिकारियों के समक्ष व विधानसभा में भी मांग उठाई थी। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने बताया कि जिले के किसानों ने कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब अहमद से मिलकर मांग कि थी की उनकी फसलों में पानी भर गया है और फसल बर्बाद हो गई है। जिससे अगली फसल की बुआई पर भी संकट छा गया है। उन्होंने पानी निकासी व मुआवजा देने की मांग रखी थी। जिसके बाद आफ़ताब अहमद ने जिला उपायुक्त से बैठक कर मांग की थी। महताब अहमद ने कहा कि उनकी मांग है कि 26 जनवरी तक फसल गिरदावरी कराने के आदेश व पानी निकासी व्यवस्था हो अन्यथा 27 जनवरी को जिला लघु सचिवालय में धरना प्रदर्शन विधायक आफताब अहमद की अगुवाई में किया जाएगा।

### सबसे बड़े राज्य में खड़ी होकर देश का नेतृत्व करेगी कांग्रेस

**मेवात।** सीएलपी उप नेता विधायक आफताब अहमद ने कहा कि यूपी में कांग्रेस 32 सालों से शासन में नहीं है, उसके बावजूद राजनीति में कांग्रेस ने नई दिशा दी है। युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों में एक नई उम्मीद की किरण जगाई है। यूपी के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि प्रियंका गांधी, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस फिर से सबसे बड़े राज्य में खड़ी होकर देश को नेतृत्व देने का काम करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी मजबूती से लोगों की आवाज बनकर मामलों को उठा रही हैं। आधी आबादी लड़कियों के लिए लड़की हूं, लड़ सकती हूं। जैसा नारा दिया है। जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा गोवा, मणिपुर, पंजाब तथा उत्तराखंड में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और कई राज्यों में कांग्रेस सरकार बनाएगी।

# पात्र महिलाएं उठाएं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभः डीसी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि महिला व उसका शिशु स्वस्थ रहे, इस उद्देश्य को लेकर इस योजना को राज्य सरकार ने क्रियान्वित किया है।

कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि किसी भी परिवार में पहली बार गर्भवती हुई महिला को अच्छा स्वास्थ्य और सही खान-पान देने के लिए सरकार द्वारा किश्तों में सहायता राशि उक्त योजना के तहत प्रदान की जाती है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि योजना के तहत कुल पांच हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसमें पहली किश्त एक हजार रुपये की है। दूसरी किश्त 2 हजार रुपये की व तीसरी किश्त भी 2 हजार रुपये की निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने यह भी बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें भी निर्धारित की गई है और लाभार्थी के पास आवश्यक दस्तावेज भी होने चाहिए। शर्तो का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला का किसी भी सरकारी स्वास्थ्य इकाई में 150 दिनों के भीतर पंजीकरण पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाने पर पहली किश्त का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही इस महिला के पास आवेदन प्रपत्र 1 ए, एमसीपी कार्ड, पहचान प्रमाण पत्र, बैंक, पोस्ट ऑफिस अथवा अकाउंट पासबुक का होना भी जरूरी है।

उपायुक्त ने बताया कि इसी प्रकार 2000 रुपये की दूसरी किश्त प्राप्त करने के लिए कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच होने के दावों को गर्भावस्था से 180 दिन बाद दस्तावेजों के साथ जमा करवाना होगा और इसके साथ ही आवेदन प्रपत्र एक बी तथा एनसीपी कार्ड भी लगाना होगा। उन्होंने कहा कि 2 हजार रुपये की तीसरी किश्त प्राप्त करने के लिए शिशु जन्म का पंजीकरण करवाना जरूरी है। इसके साथ शिशु को प्रथम चक्र बीसीजी, ओबीपी, डीपीटी एवं हेपेटाइटिस बी अथवा समकक्ष का टीकाकरण करवाने के बाद दस्तावेजों के साथ जमा करवाने पर भुगतान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य शिविर का 80 से लोगों ने उठाया लाभ



स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाते ग्रामीण।

**नूंह।** नूंह जिले के गांगोली गांव में बीपीसीएल समर्थित बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) जन आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोमवार को गांगोली स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। कोविड -19 प्रोटोकॉल लागू होने के कारण 80 से अधिक लोगों ने इस स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लिया। शिविर में मरीजों की एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच की गई। इसमें ब्लड टेस्ट, बीपी, ईसीजी, ऑक्सीजन सैचुरेशन और आंखों की जांच भी की गई। शिविर में पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता पैदा करने पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही दवाएं और सूती मास्क भी मुफ्त प्रदान किए गए। बीएसजीएसएस के निदेशक एवं संचालन अनूप कुमार के कहा अगस्त 2011 में शुरू किया इस जन आरोग्यम, स्वास्थ्य आउटरीच कार्यक्रम ने गंगोली और आसपास के गांवों के 12,500 से अधिक लोगों की सेवा की है। इस स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में मुफ्त दवाओं के साथ नियमित ओपीडी, प्रयोगशाला परीक्षण, स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम और रेफरल सेवाएं शामिल हैं। बीएसजीएसएस और जन आरोग्यम टीम ने क्षेत्र में गतिविधियों का समन्वय किया। इस पहल को स्थानीय लोगों ने खूब सराहा। इस मौके पर गांव के मौजिज लोगों के साथ डॉक्टर मौजूद रहे।

### हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड ने दूसरे दिन किया सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण



सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण में रिहर्सल करते हुए।

**नूंह।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड मेवात की जिला कार्यकारिणी ने योग आयोग हरियाणा एवं हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड के संयुक्त कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव पर 75 करोड़ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में दूसरे दिन सूर्य नमस्कार की तैयारी कराई गई। हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड के राज्य सचिव नवीन जयहिंद व राज्य कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के मार्गदर्शन में व निकिता खुराना जिला सचिव नूंह के निर्देशन में जिला की पूरी कार्यकारिणी ने सूर्य नमस्कार की फुल रिहर्सल जूम मीटिंग पर की। समस्त हरियाणा से स्काउट एंड गाइड मीटिंग पर जुड़े हुए थे। सोमवार के जूम मीटिंग पर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के युवा नेता मुकेश गौड़ ने सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी। राज्य सचिव नवीन जयहिंद ने बताया कि सूर्य नमस्कार एक तरह से योग ही है। प्रतिदिन योग करने वाला व्यक्ति तन व मन से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करता हैं। हमें योग को प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है। सूर्यनमस्कार प्रशिक्षण में जिला प्रशिक्षण आयुक्त जयसिंह, आईटी सैल से मनीष भारद्वाज, किशोर जावलिया, जिला ट्रेनर करिश्मा, संतोष, मनीषा, चैतन्य आदि ने भाग लिया ।

### देश को आजाद कराने में नेताजी की अहम भूमिकाः डॉ सुरेश बघेल



सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनको नमन करते डॉक्टर सुरेश बघेल।

**नूंह।** भाजपा नेता डॉ सुरेश बघेल ने कहा कि आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस रूप में मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों के तहत गांव खेड़ला नूंह के बूथ नंबर 101 पर भी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। डॉ सुरेश बघेल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा जगाई गई क्रांति की अलख को हमारे शहीद जवान आज भी जगाये हुए हैं। हमारे देश को आजाद करवाने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका है उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज भी जब हम सुनते हैं तो हमारे शरीर में सिरहन पैदा करता है। इनके बलिदान के कारण ही आज हम आजाद देश की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस दौरान सभी ने शहीदों और सैनिकों को नमन किया। इस मौके पर गुरचरण सिंह मलिक, मास्टर हेतराम, डॉक्टर वेद, कृष्ण मोहम्मद जैद सहित अन्य मौजूद रहे।

### बाइक चुराकर भागते आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**पुन्हाना।** शहर से बाइक चुराकर भाग रहे एक चोर को स्थानीय सिटी चौकी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पकड़ लिया। पुलिस की तत्परता से की गई कार्रवाई से मोटरसाइकल चोरी होने से बच गई, वहीं बाइक चोर भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बाइक चोरों के प्रति स्थानीय सिटी चौकी की चल रही लगातार कार्रवाई से अब तक दर्जन भर बाइक चोर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, वहीं पुलिस दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम इत्यादि से चोरी हुई बाइक भी चोरों से बरामद कर चुकी है। बीती रात्रि पकड़े गए चोर के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी से पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर दिया है। सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बीती रात्रि को एक बाइक चोर शहर से बाइक चुराकर भागने लगा। जिसकी सूचना तुरन्त पुलिस को मिली तो पूरी मुस्तैदी के साथ टीम को लेकर नाकाबंदी की तो चोर को बाइक के साथ पकड़ लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए चोर की पहचान राहुल पुत्र इशाक निवासी खेड़ला पुन्हाना के रूप में हुई है।

पायनियर क्लासीफाइड

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051518530/7/03 पर रिक्त स्थान है। किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे फिरदौस - अमीना ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदकों के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदकों के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
फिरदौस पत्नी मुस्तुफा - अमीना पत्नी सहीद
निवासी भाजलाका, जिला नूंह

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से लोगों की सोच में आया परिवर्तन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल।



बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते डीसी।

**महिला** एवं बाल विकास विभाग की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बतौर मु य अतिथि जिला की विभिन्न स्पर्धाओं में अव्वल स्थान हासिल करने वाली 7 लड़कियों को नकद राशि का ईनाम व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनको शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

उपायुक्त ने इस मौके पर जिलावासियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं। अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को प्रोत्साहित करें। आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला व डीसीपीओ रीना कादियान उपस्थित रही। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि सम्मानित होने वाले बच्चों में एमडीडी बाल भवन की छात्रा पूनम, श्रद्धानंद आश्रम की शिवांशी, अमृता, अंजलि, एमडीडी बाल भवन की काजल व अंजलि व माता करतार कौर से आरती शर्मा का नाम शामिल है। इन बच्चों को 2100 रुपये, 5100 तथा 11 हजार रुपये की नकद राशि का ईनाम तथा प्रशंसा पत्र मिला है।

# फ्लोरोसिसः मरीजों को बांटीं ट्राईसाइकिलें

### जिला अस्पताल माण्डीखेड़ा के एसएमओ डा. अरविन्द्र कुमार ने दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



फ्लोरोसिस मरीजों को सामान्य अस्पताल माण्डीखेडा में ट्राईसाइकिल तथा व्हील चेयर प्रदान करते एसएमओ डा. अरविन्द्र कुमार।

**राष्ट्रीय** फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियन्त्रण कार्यक्रम द्वारा सिविल सर्जन, नूंह डा. सुरेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिला अस्पताल माण्डीखेडा में हड्डी रोग फ्लोरोसिस मरीजों को डा. अरविन्द्र कुमार एसएमओ माण्डीखेडा द्वारा ट्राईसाइकिल तथा व्हील चेयर प्रदान किए गए। इस मौके पर डा. अरविन्द्र कुमार द्वारा लोगों को बताया गया कि फ्लोरोसिस एक गम्भीर और दर्दनाक बीमारी है, जो पानी में अत्याधिक फ्लोराइड की मात्रा होने के कारण होती है। पेयजल, भोजन के जरिये अधिक मात्रा में फ्लोराइड का सेवन कर लेने के कारण फ्लोरोसिस की समस्या उत्पन्न होती है।

इस मौके पर डा. प्रवीण राज तंवर नोडल अधिकारी फलोरोसिस एवं नियन्त्रण कार्यक्रम, डा. रिजवान खान फ्लोरोसिस सलाहकार जिला नूंह तथा वसीम अकरम लैब टैक्नीशियन फ्लोरोसिस, मुबारिक हुसैन काउंसलर, मौ. शाकिर को-आर्डिनेटर, आशीष गुप्ता आपरेटर आदि मौजूद रहे।

**नूंह जिले के पानी में दस गुना अधिक फ्लोराइड :** ब्यूरो आफ इंडियन स्टैण्डर्ड द्वारा पानी मे फ्लोराइड की अधिकतम मात्रा 1.5 पीपीएम तय की गई है। जबकि नूंह जिले मे पानी में फ्लोराइड की मात्रा 10 गुना अधिक है। फलस्वरूप नूंह जिले में दांतों का पीलापन तथा समय से पहले दांतों का खराब होना तथा जोड़ों में दर्द की समस्या (विकृति या हड्डियों का टेढापन) बहुत ही सामान्य रूप से पाई जाती है। इसलिए जिला नूंह की फ्लोरोसिस टीम द्वारा गांव गांव जाकर फलोरासिस ग्रसित लोगों की जांच की जा रही है तथा जटिल मरीजों को उपचार के लिए जिला अस्पताल माण्डीखेडा लाया जा रहा है।

**ये हैं फ्लोरोसिस बीमारी के लक्षण** : फ्लोरोसिस बीमारी के मुख्य लक्षण उल्टी आना, भूख कम लगना, पेट में दर्द होना, पेट फूलना, गैस बनना दांतों का रंग बिगड़ना, बार-बार पेशाब आना, अत्याधिक प्यास लगना, मांसपेशियों, जोड़ों मे दर्द होना, लम्बी दूरी तक चलने में असमर्थता आदि शामिल हैं।

# यूआईईटी संस्थान के 33 विद्यार्थी टीसीएस में इंजीनियर पद पर चयनित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के 33 विद्यार्थियों का टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर पद पर चयनित हो चुके हैं। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने यूआईईटी संस्थान को बधाई देते हुए संस्थान के ट्रेनिंग प्लेसमेंट विभाग की भी प्रशंसा की। कुवि कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा ने भी यूआईईटी संस्थान के चयनित छात्रों को बधाई दी। जानकारी देते हुए यूआईईटी संस्थान के निदेशक एवं कुरुक्षेत्र विवि के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. सीसी त्रिपाठी ने बताया कि किसी विषय पर निरंतर कार्य करने से उसकी बारीकियों का गहनता से अध्ययन हो जाता है। यूआईईटी संस्थान भी ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के क्षेत्र में निरंतर गहन रुचि लेकर कार्य कर रहा है। जिसका परिणाम आईटी सेक्टर की प्रमुख कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में संस्थान के 33 विद्यार्थियों का चयन एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ है। जो बड़े गर्व की बात है।

प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में यूआईईटी ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। संस्थान के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. निखिल मारीवाला व डॉ. संजीव आहूजा ने बताया कि ऑनलाइन हुए प्लेसमेंट ड्राइव में यूआईईटी संस्थान के बीटेक और एमटेक के छात्रों ने हिस्सा लिया।

टाटा कंसल्टेंसी द्वारा लिए गए आनलाइन तकनीकी परीक्षा, लिखित परीक्षा व कम्युनिकेशन स्किल की सभी गतिविधियों को पूरा करते हुए छात्रा इशिका अग्रवाल, अर्जुन डोगरा, रिया गुप्ता, अक्षरा कोल, अमन, गौरव कुमार, अक्षत, प्रतीक बाजपेयी, रितिक कुमार, ईशान गोयल, भवन कटारिया, उज्ज्वल मुंजाल, ऋषभ शर्मा, अंजली मलिक, मंजीत सिंह मिनोचा, दीपक शर्मा, श्रेया रंजन, वर्तिका भटनागर, कृष्ण पोडर, प्रतीक, उमा नेगी, वंश कंडारी, अभिमन्यु सैनी, ड्रोन कुमार रॉय, साहिल सरोहा 3 लाख 60 हजार का पैकेज दिया जाएगा।

### साई केंद्र में प्लेयरों की संख्या घटाने पर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ ने साई खेल केंद्र भिवानी में खिलाड़ियों की संख्या कम किए जाने के विरोध में सांसद रेडमैन धर्मबीर सिंह को जिला खेल प्रकोष्ठ संयोजक राजेश धनखड़ के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राजेश धनखड़ ने कहा कि भिवानी साई खेल केंद्र बहुत पुराना है और इसी की वजह से भिवानी को छोटी काशी के बाद मिनी कयूबा के नाम से पहचाना जाता है।

साई खेल केंद्र ने राजकुमार सांगवान, शक्ति सिंह, जितेंद्र, राजीव धनखड़, विजेंद्र, अखिल बॉक्सर आदि सैकड़ों ओलंपियन एशियन एवं कॉमनवेल्थ खिलाड़ी दिए हैं। आज भिवानी खेल केंद्र हमारे जिले की पहचान बन चुका है। इसलिए इसमें खिलाड़ियों की संख्या कम करना भिवानी के लिए दुखदाई है।

# गणतंत्र दिवस की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

### परेड की सलामी लेते हुए उपायुक्त ने किया परेड का निरीक्षण

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने पुलिस लाइन परिसर को किया सराबोर

**सोनीपत।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ललित सिवाच ने देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। उन्होंने जिला, प्रदेश व देशवासियों को 73वें गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया कि कोविड-19 के प्रोटोकॉल को अपनाते हुए राष्ट्रीय पर्व को मनाएं।

पुलिस लाइन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल का शानदार आयोजन किया गया। उपायुक्त ने तिरंगा फहराते हुए परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने जोश, उमंग व उत्साह से लबरेज परेड की सलामी ली। परेड की कमान को परेड कमांडर के रूप में एएसपी दीप्ति गर्ग ने संभाली। जिनके पीछे पुलिस के जवानों की टुकड़ी सीना तान कर कदमताल कर रही थी। पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई राहुल कुमार कर रहे थे। हरियाणा, पंजाब, गुजरात प्रदेशों की संस्कृति के अनूठे रंग देखने को मिले।

# बीस हजार रुपये की लागत पर एक लाख रुपये के बेर बिकना तय

### जिला बागवानी अधिकारी ने 93 एकड़ भूमि में बेर के नए बाग लगवाए

### पिनगवां, घासेड़ा, खेड़ी, छपेड़ा, रानीका, मढ़ी, मरोड़ा गांवों में बेर की लहलहा रही फसल

रिजवान कासिम। मेवात



बेरी में लटकते रसीले बेर।

**मेवात** जिले में बेर की खेती लगातार बढ़ रही है। किसान कम सिंचाई और अच्छी आमदनी की वजह से लगातार बेर रकबे को बागवानी विभाग बढ़ा रहा है। प्रति एकड़ तकरीबन एक लाख रुपये का बेर बिक जाता है, जिस पर करीब 20 हजार की लागत आती है, तो सीधा 80 हजार रुपये का मुनाफा किसान कमा रहा है। पिनगवां, घासेड़ा, खेड़ी, छपेड़ा, रानीका, मढ़ी, मरोड़ा इत्यादि गांवों में बेर की इस बार अच्छी फसल है। इस बाग में केथली और गोला किस्म के बेर हैं। केथली किस्म देखने में हरा और छोटा है, लेकिन मिठास और मुलायम में इसका कोई सानी नहीं है। दर्जनों महिलाएं इस बैग में बेर तोड़कर पेट पाल रही हैं तो रेहड़ी इत्यादि पर बेर बेच कर दर्जनों लोग कई माह अच्छी आमदनी प्राप्त करते हैं। बात दें कि मेवात जिले के मढ़ी गांव में पीने के पानी की बूंद तक के लिए लोग तरसते हैं। भूजल बेहद गहरा व खारा है, लेकिन किसान की अपनी अथक मेहनत व लगन से बंजर भूमि में बेर के बाग की फसल पूरी तरह लहरा रही है। इस फसल से किसान को अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। एक एकड़ के बेर बाग को बढ़ाकर अब मढ़ी गांव में 6 एकड़ एक ही किसान ने कर दिया है। जिला बागवानी अधिकारी डॉ दीन मोहम्मद के प्रयासों से 93 एकड़ भूमि में बेर के नए बाग लगाए गए हैं, जबकि 267 एकड़ भूमि में पहले से ही बेर की फसल मेवात में लगाई गई है। दीन मोहम्मद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया की बागवानी विभाग किसान को बेर का बाग लगाने पर 40 प्रतिशत अनुदान राशि देता है। उन्होंने कहा कि पहले साल 3400 रुपये तथा दूसरे व तीसरे साल 1700 रुपये खाद / दवाई के लिए बागवानी विभाग मदद करता है।

### कम पानी में उगाएं बेर की बेहतर फसल

**कृषि** अधिकारी ने किसानों से आग्रह किया है कि जिस भूमि में पानी की कमी है या फसल अच्छी नहीं होती है, तो ऐसी भूमि में बेर व अमरूद के बाग लगाकर अपनी आमदनी को दोगुना बढ़ाया जा सकता है। किसानों ने कहा कि बागवानी विभाग के सुझाव पर उन्होंने देर के बाद लगाए हैं, जिससे उनकी आमदनी लगातार बढ़ रही है।

### मेवात के बेर की गुणवत्ता भी लाजवाब

**इस** फसल पर खर्च बहुत कम आता है, निलाई/सिंचाई व खाद का ही खर्च होता है और तीन साल बाद अच्छी खासी आमदनी बेर के बाग से उनको हो रही है। जिनसे उनके घर में खुशहाली आई है। खास बात यह है कि मेवात की बंजर भूमि में होने वाले बेर की फसल की गुणवत्ता का कोई मुकाबला नहीं है।

### अमरूद की फसल को भी चाहिए कम पानी

**उन्होंने** बताया कि इस फसल को पानी की कम आवश्यकता होती है, इसलिए इस बेर व अमरूद के बाग से किसानों को अच्छी आमदन हो रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी के सीजन में भी बेर व अमरुद के पौधे को ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं होती है। मेवात का किसान बाग की खेती की तरफ तेजी से रुझान कर रहा है और अपनी आमदनी को बढ़ाने में लगा हुआ है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## शिक्षा का माध्यम

### बहुभाषायी दृष्टिकोण

**अंग्रेजी** या मातृभाषा में पढ़ने के सवाल पर बहुभाषाई दृष्टिकोण सही है। तेलंगाना सरकार ने अगले अकादमिक वर्ष से सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने का फैसला किया है, जबकि राज्य की भाषा तेलगू अन्य शिक्षा माध्यम के रूप में बनी रहेगी। इस परिवर्तन के लिए पहले से तैयार तर्क यह है कि तेलंगाना के सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों के मां बाप को लगता है कि कालेज के स्तर पर पहुंचने के समय वे अंग्रेजी माध्यम छात्रों के बराबर नहीं पहुंच पाते हैं। दूसरा, निजी स्कूल अब तक शहरी केन्द्रों में अंग्रेजी माध्यम वाली शिक्षा के साथ सीमित थे, पर अब वे ग्रामीण तेलंगाना में भी फल-फूल रहे हैं और अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दे रहे हैं। इसके कारण तेलगू माध्यम स्कूलों में लगभग भगदड़ वाला माहौल है जिनमें से अनेक बंद हो गए हैं या उनका बड़े स्कूलों के साथ विलय किया गया है या छात्रों की कमी के कारण दूसरे स्थानों पर ले जाया गया है। हालांकि, सरकार पहले से ही राज्य भर में कुछ आवासीय स्कूल अंग्रेजी माध्यम से चला रही थी, लेकिन उस समय यह मुद्दा सामने नहीं आया था। सरकार के सामने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी है। वे बहुत कम हैं। अधिकांश शिक्षक तेलगू में सिद्धहस्त हैं। सरकार को इन शिक्षकों को पुन: प्रशिक्षित करना होगा जो एक कठिन काम है क्योंकि अंग्रेजी में बीएड पाठ्यक्रमों के लिए नया दृष्टिकोण अपनाना होगा। लेकिन मोटेतौर से तेलंगाना के सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम के प्रवेश पर ज्यादा लोग नाराज नहीं हैं क्योंकि 'अमेरिका जाना' लोकप्रिय धारणा है और तेलगू माध्यम के छात्र निजी अंग्रेजी माध्यम वाले पाठ्यक्रमों के प्रवेश हेतु बड़ी धनराशि खर्च कर रहे हैं।



लेकिन यह मुद्दा एक परेशान करने वाले तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करता है। स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी हम इसी समस्या में फंसे हैं कि हमारे स्कूलों में शिक्षा का माध्यम क्या होना चाहिए। हम अभी बहस कर रहे हैं कि बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाया जाय या मातृभाषा के माध्यम से। हमें अभी यह विश्वास भी नहीं है कि मातृभाषा में अनेक बोलियां भी हैं। उदाहरणार्थ बहुत से लोग भोजपुरी बोलते हैं, पर इसे हिंदी की एक बोली माना जाता है। पिछले साल ही बिहार के एक मंत्री ने 'क्षेत्र की मातृभाषा' को शिक्षा का माध्यम बनाने का विचार सामने रखा था। इससे स्पष्ट होता है कि भारत में इस विषय पर कभी व्यापक बहस नहीं हुई। संज्ञानात्मक शिक्षा पर जोर देने वाले भाषाविज्ञानियों के अनुसार छात्र मातृभाषा या जिस भाषा के परिवेश में वे बड़े होते हैं वहां से नए कौशल सीखते हैं। सामाजिक सशक्तीकरण तथा महत्वाकांक्षी अधिकार-आधारित तर्क अंग्रेजी के पक्ष में हैं क्योंकि यह भाषा दुनिया भर में कारगर है। इस प्रकार शिक्षा का माध्यम दुनिया के सबसे बड़े बहुभाषीय देश भारत में एक वैचारिक व विशिष्टतावाद के बोझ के साथ सामने आता है। माता-पिता द्वारा अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने की इच्छा के उलट केन्द्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी में मोटेतौर से मातृभाषा को प्राथमिकता दी गई है। समस्या का समाधान द्विभाषी या बेहतर तरीके से बहुभाषी दृष्टिकोण में है। ऐसे देश में जहां अधिकांश बच्चे दो या तीन भाषाओं के परिवेश में रहते हैं, बहुभाषीय शिक्षण विधियां भाषाई व सांस्कृतिक विविधताओं को देखते हुए समान आधार प्रदान करती हैं। इससे माता-पिता तथा एनईपी, दोनों की इच्छा पूरी होगी।

# ग्वांतानामो में मानवाधिकार हनन

**अब समय आ गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ग्वांतानामो बे जेल को बंद कर दें, जो निरंतर मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए बदनाम है।**



माखन सैकिया
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



कुख्यात ग्वांतानामो बे सैन्य जेल ने 11 जनवरी, 2022 को अपने संचालन के दो दशक पूरे किए। कई लोग कहते हैं कि यह गुप्त जेल वास्तव में अमेरिकी न्याय प्रणाली की नैतिक विफलता है। इसके अलावा, ग्वांतानामो में पिछले बीस वर्षों में एक भयावह कानूनी चूक रही है जो विश्वसनीय समाधानों की तुलना में घर में अधिक समस्याएं और अपमान ला रही है। यह तेजी से यातना का प्रतीक बनता जा रहा है। क्यूबा की सैन्य जेल में अब केवल 39 कैदी रह गए हैं। अपने चरम समय के दौरान, इसमें लगभग 800 कैदी थे। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यह सीआईए द्वारा स्वीकृत टॉर्चर सेल को चुपके से अंजाम दिए जाने का लक्षण है। आज एक और महत्वपूर्ण सवाल बिडेन प्रशासन पर मंडरा रहा है : क्या यह 1,500 कमांडो की सबसे परिष्कृत रिंग में से एक के साथ 39 कैदियों की रखवाली करने लायक है? यह महसूस किया गया है कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के समय में करदाताओं के डॉलर को विवेकपूर्ण तरीके से खर्च किया जाना चाहिए।

ग्वांतानामो डिटेंशन कैंप, जिसे ग्वांतानामो बे, ग्वांतानामो या गिट्मो भी कहा जाता है, क्यूबा के दक्षिणपूर्वी हिस्से में है। भयानक जेल अमेरिका के ग्वांतानामो बे नेवल बेस में स्थित है। इसे देश पर 11 सितंबर को हुए आतंकी हमले के बाद साल 2002 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने बनाया था। और जेल को विशेष रूप से उन कैदियों की मेजबानी के लिए डिज़ाइन किया गया था जो आतंक पर वैश्विक युद्ध के एक भाग के रूप में पकड़े गए थे। हालांकि जेल का इस्तेमाल पहली बार 2002 में किया गया था, अमेरिकी सरकार 1903 से वहां एक सैन्य नौसैनिक अड्डे का रखरखाव कर रही है। दिलचस्प बात यह है कि मूल जेल का नाम कैंप एक्स-रे था। दरअसल, 11 सितंबर को हुए आतंकी हमले के बाद महज 96 घंटे में जेल सुविधा को तत्काल इस्तेमाल के लिए तैयार कर लिया गया था. बुश प्रशासन द्वारा अफगानिस्तान में मुल्ला उमर के नेतृत्व वाली तालिबान सरकार को गद्दी से हटाने के कुछ ही समय बाद, यह सुविधा सबसे सुरक्षित जेल के रूप में अस्तित्व में आई। बंदियों के पहले जत्थे को अगले साल 11 जनवरी को जेल लाया गया और उन्हें शत्रु लड़ाकों के रूप में वर्गीकृत किया गया। ग्वांतानामो बे के अधिकांश कैदी उन देशों से थे जो या तो जीडब्ल्यूओटी का हिस्सा थे या जिन्होंने आतंकवादियों को शरण देने में मदद की थी। संक्षेप में, उनमें से अधिकांश पश्चिम एशिया के देशों के थे। ग्वांतानामो गाथा का सबसे बुरा हिस्सा यह था कि इन कैदियों को विदेशी धरती पर पकड़ लिया गया था, लेकिन उन पर किसी विशेष अपराध का आरोप नहीं लगाया गया था। इसके अलावा, उन्हें अनिश्चित काल के लिए इस एकांत जेल में बंद कर दिया गया और किसी भी कानूनी वकील तक पहुंच से वंचित कर दिया गया। यहां ध्यान देने योग्य एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि तङ्खह्लङ्ग एक आधिकारिक युद्ध नहीं है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस द्वारा युद्ध की कोई घोषणा नहीं की गई थी। 13 नवंबर, 2001 को, आतंकवादी हमले के बमुश्किल दो महीने बाद, राष्ट्रपति बुश ने एक सैन्य आदेश की घोषणा की, आधिकारिक तौर पर इन कार्रवाइयों की अनुमति दी : इसने सैन्य आयोग द्वारा अल-कायदा के किसी भी वर्तमान या पूर्व सदस्य और किसी भी व्यक्ति को हिरासत में लेने और परीक्षण को अधिकृत किया। अपने काम में सहायता या प्रोत्साहन देता है या अपने सदस्यों को आश्रय देता है। इस प्रकार, जीडब्लूओटी की कोई निर्धारित समाप्ति तिथि नहीं है, और इसने शक्तिशाली सशस्त्र बलों को ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए अनिश्चितकालीन जनादेश दिया है, जब तक कि असली अपराधी पकड़े नहीं जाते। और जब 2011 में ओबामा प्रशासन के दौरान 9/11 के पीछे दिमाग वाले ओसामा बिन लादेन को अमेरिकी सेना ने मार गिराया, तो एक तरह से ऑपरेशन का सबसे बड़ा मील का पत्थर पहले ही हासिल कर लिया गया था। अब, अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी पिछले साल उसी तालिबान को शासन सौंपकर पूरी हुई, जिसके खिलाफ अमेरिका और अन्य उदार देशों ने लगभग दो दशकों तक लड़ाई लड़ी। अब, ग्वांतानामो बे को बनाए रखने का कोई मतलब नहीं है। दरअसल, पूरे रास्ते आतंक घर आ गया है। यह अब सर्वव्यापी है। अब, सबसे प्रासंगिक प्रश्न हैं- ग्वांतानामो को क्यों चुना गया और यह अभी भी खुला क्यों है? सबसे पहले, अमेरिकी रणनीतिक विशेषज्ञ और सुरक्षा एजेंट वैश्विक आतंकी संदिग्धों को जनता के दायरे से बाहर रखना चाहते थे और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगातार मीडिया की चकाचौंध। साथ ही, जब उन्हें अमेरिका की मुख्य भूमि से बहुत दूर रखा जाता है, तो ये बंदी देश की न्याय प्रणाली के तहत अधिकारों के संरक्षण की मांग और आनंद दोनों नहीं ले पाएंगे। यहां ध्यान देने वाली एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि 117 वर्ग किलोमीटर के आधार में कैदियों को लंबे समय तक रखने के लिए पर्याप्त जगह और सुविधाएं थीं। कई मानवाधिकार अधिवक्ताओं का कहना है कि यह खाड़ी तकनीकी रूप से अमेरिकी क्षेत्र का हिस्सा नहीं है, बल्कि कानून के बाहर द्वीप है। दूसरा, यह अभी भी खुला है क्योंकि जेल को बंद करने के लिए कांग्रेस की कठिन बाधाएं हैं। वैश्विक विशेषज्ञ ग्वांतानामो बे में लगातार मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करते हैं। डिटेंशन सेंटर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वहां किए गए मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जाना जाता है। सबसे दुखद बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय 2002 से लगातार अमेरिकी सरकार पर दबाव बनाकर या अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों को लागू करके जेल को बंद करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में विफल रहा है। अधिकारों के पैरोकारों का कहना है कि जेल में अमेरिकी कार्रवाइयाँ तीसरे जिनेवा कन्वेंशन, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वाचा , कन्वेंशन अगेंस्ट टॉर्चर और प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन करती हैं। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि ग्वांतानामो बे में उल्लंघन में अवैध और अनिश्चितकालीन हिरासत, अमानवीय स्थिति, यातना, अनुचित परीक्षण (सैन्य आयोग) आदि शामिल हैं। आज यह जेल अमेरिकी अन्याय और यातना का प्रतीक बन गई है। संक्षेप में, ग्वांतानामो को बंदियों को यातना देने के लिए ही तैयार किया गया था, जिनमें ज्यादातर अल-कायदा और तालिबान से संबंधित थे। आज, यह द्वीप जेल इस बात की गवाही देता है कि कई लोग 21वीं सदी का पहला युद्ध कहते हैं। यह युद्ध एक अलग तरह के दुश्मन के खिलाफ एक अलग तरह का युद्ध था। जीडब्लूओटी इस तथ्य पर प्रकाश डालता है कि दुश्मन एक राष्ट्र नहीं है, बल्कि दुश्मन एक विशाल वैश्विक आतंकी नेटवर्क है जो सभी शांतिपूर्ण लोगों के जीवन के लिए खतरा है। सच कहूं तो अब यह स्पष्ट हो गया है कि जेल परिसर के अंदर बंदियों के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है और होता भी है। चूंकि जेल को पूरी तरह से वैश्विक मीडिया की चकाचौंध से बाहर रखा गया है, इसलिए अंदर हुई कुछ दुखद घटनाओं को बाहरी दुनिया के ध्यान में लाया गया। ग्वांतानामो बे जेल का रखरखाव अमेरिकी लोकतंत्र और उदारवादी लोकाचार का अपमान है जिसका प्रचार वाशिंगटन दशकों से करता आ रहा है। राष्ट्रपति बाइडेन आखिरकार पिछले बीस वर्षों से ग्वांतानामो में मौजूद अतिरिक्त न्यायिक और घृणित व्यवस्था को समाप्त कर सकते हैं। क्या इस बात की कोई उम्मीद है कि बाइडेन जेल को बंद कर पाएंगे? वर्तमान में, डेमोक्रेट्स के पास कांग्रेस में बहुत कम बहुमत है। और गिट्मो को समाप्त करने का यह एकमात्र सुनहरा मौका है, जो ओबामा अपने लंबे वादों के बावजूद बुरी तरह विफल रहे। यदि बिडेन इस मुद्दे पर कुछ करना चाहते हैं, तो पहले उन्हें जेल को बंद करने पर लंबे समय से लगे प्रतिबंधों को निरस्त करना होगा क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस हर साल दो कानून लाती है, अर्थात् एक वार्षिक रक्षा प्राधिकरण बिल और एक सरकारी खर्च बिल। ये कानूनी अड़चनें हैं जिन्हें इस समय बाइडेन को दूर करने की जरूरत है। रिकॉर्ड पर, बिडेन ने ग्वांतानामो को बंद करने का भी वादा किया है। लेकिन विडंबना यह है कि ओबामा को रोकने वाली कांग्रेस की बाधाएं अब भी विद्यमान हैं।

# अधिकारों से वंचित अफ़गान महिलाएं

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



दिनांक 20 जनवरी, 2022 को अखबारों में प्रकाशित दो खबरें ध्यान आकर्षित करती हैं। पहला, एक प्रमुख दैनिक के दिल्ली संस्करण में एएफ्पी के हवाले से बताया गया है कि कार्यकारी अफ्गान प्रधानमंत्री मुहम्मद हसन अखुंद ने 19 जनवरी को मुस्लिम देशों से अपील की थी कि 'वे हमें आधिकारिक रूप से मान्यता देने में नेतृत्व करें।' वे अफ्गानिस्तान की व्यापक आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिए आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दूसरी खबर का संबंध द पायनियर के दिल्ली संस्करण में पीटीआई की खबर से है। इसके अनुसार चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शियाओ लिजान ने 18 जनवरी को मीडिया को संबोधित करते हुए आशा प्रकट की थी कि अफ्गान पक्ष अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उम्मीदें पूरी करने हुए आगे बढ़ेगा। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि वह 'एक खुला व समावेशी राजनीतिक ढांचा स्थापित करेगा, मध्यमार्गी व व्यावहारिक घरेलू एवं विदेश नीतियां लागू करेगा, सभी प्रकार के आंतकी बलों के खिलाफकठोर कार्रवाई करेगा तथा अन्य देशों, खासकर अपने पड़ोसियों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध स्थापित करेगा और जल्द ही अंतरराष्ट्रीय परिवार के साथ जुड़ जाएगा।' यह बयान तालिबान द्वारा वैश्विक राजनयिक पहचान प्राप्त करने में चीन की सहायता मांगने के बाद आया था। स्पष्ट रूप से इसमें संकेत किया गया है कि सरकार को 'समावेशी' बनाने के बारे में दुनिया क्या सोचती है। इनमें महिलाओं के प्रति नीतियां भी शामिल हैं जो लगातार उत्पीड़न और दमन का शिकार बन रही हैं जिससे तालिबान के 1996 से 2001 में सत्ता की याद आ जाती है। ऐसा तालिबान के इस आश्वासन के बावजूद हो रहा है कि महिलाओं को शरीया कानून के अंतर्गत उपलब्ध शिक्षा और काम के अधिकार प्राप्त होंगे।



वास्तव में संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा उसकी संस्थाओं ने अनेक अवसरों पर तालिबान से अपने द्वारा किए वादे पूरे करने को कहा है तथा उसकी कार्रवाइयों की आलोचना की है। संरा. महासचिव अंटोनियो गुटरेस ने पिछले साल 7 अक्टूबर को रिपोर्टरों को बताया था, 'मुझे खासकर इसलिए चिन्ता है कि तालिबान द्वारा अफ्गान महिलाओं और लड़कियों से किए वादे तोड़े जा रहे हैं।' उन्होंने यह भी कहा था कि 'मैं तालिबान से अपील करता हूं कि वे महिलाओं और लड़कियों से किए अपने वादे पूरे करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों और मानवतावादी कानूनों के अंतर्गत दायित्व निभाएं।' संरा. व्यवस्था में मानवाधिकारों को प्रोत्साहित करने व उनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अंतर-सरकारी संस्था मानवाधिकार परिषद में बोलते हुए मानवाधिकारों के संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त माइकेल बेचलेट ने 13 सितंबर, 2021 को कहा था, 'मेरे कार्यालय को अनेक विश्वसीनय आरोप प्राप्त हुए हैं कि पूर्व अफ्गान नेशनल सिक्यूरिटी फोर्सेज़-एएनएसएफकर्मियों ने दंड स्वरूप हत्यायें की हैं। इसके साथ ही पूर्व प्रशासनों में काम कर चुके अधिकारियों से खबरें मिली हैं कि उनके परिवारी सदस्यों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया है। कुछ मामलों में अधिकारियों को रिहा किया गया, जबकि दूसरों में उनको मरा पाया गया।' बैचलेट ने यह भी कहा कि कुछ एडवोकेसी समूहों के कार्यालयों पर तालिबानी हमले की 'अत्यधिक चिन्ताजनक सूचनायें' प्राप्त हुई हैं। इन मामलों में संरा. संस्थाओं ने कार्रवाई भी की। 17 सितंबर को सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव स्वीकार कर कहा कि तालिबान को एक समावेशी सरकार बनानी चाहिए तथा उसे 'महिलाओं की पूर्ण, समतापूर्ण व सार्थक सहभागिता' सुनिश्चित करते हुए मानवाधिकारों का पालन करना चाहिए। मानवाधिकार परिषद ने 7 अक्टूबर को एक प्रस्ताव स्वीकार कर मार्च, 2022 से संरा. विशेषज्ञों द्वारा समर्थित एक विशेष रेपोंट्योर नियुक्त करने की घोषणा की जो अफ्गानिस्तान में जमीनी स्तर पर मानवाधिकार की स्थिति की निगरानी करेगा।

इस बात के कुछ संकेत हैं कि तालिबान समुचित प्रतिक्रिया कर रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री अब्दुल बाकी हक्कानी ने 12 जनवरी को काबुल में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि सरकार जल्द ही पुरुष व महिला छात्रों के लिए सार्वजनिक विश्वविद्यालय जल्द खोलेगी। उन्होंने यह घोषणा भी की कि इन छात्रों को अलग-अलग रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अफ्गानिस्तान के आर्थिक संकट तथा पुरुष व महिला छात्रों के लिए अलग-अलग कक्षायें न होने के कारण इसमें विलंब हुआ है। इसके पहले 3 दिसंबर को कार्यकारी प्रधानमंत्री के नाम से जारी आदेश में तालिबान ने कहा था कि 'महिलायें संपत्ति नहीं हैं, बल्कि वे आदर्श व स्वतंत्र मनुष्य हैं तथा कोई उनको शांति के बदले या दुश्मनी समाप्त करने के लिए किसी और को नहीं सौंप सकता है।'

इस आदेश में कहा गया था कि महिलायें और पुरुष 'समान होने चाहिए' तथा 'किसी को दबाव में महिलाओं को विवाह के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए।' इस आदेश में अपने पति की मृत्यु के 17 सप्ताह बाद विधवा को पुनर्विवाह की अनुमति दी गई है, जबकि लंबे समय से अफ्गान कबीलाई परंपराओं के अनुसार उसे पति की मृत्यु के बाद उसके भाइयों या रिश्तेदारों में से एक से विवाह करना पड़ता है। तालिबान नेतृत्व ने बार-बार अफ्गान अदालतों से कहा है कि वे महिलाओं के प्रति न्यायोचित व्यवहार करें तथा खासकर विधवाओं द्वारा विरासत पाने के मामलों में सक्रियता दिखायें। इस घोषणा के अनुसार तालिबानों ने अपने मंत्रियों को जनसंख्या में महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भी कहा है। लेकिन यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि पहली घोषणा में कोई निश्चित तिथि नहीं बताई गई है कि सार्वजनिक विश्वविद्यालय कब खुल जांएगे। इसमें महिलाओं के काम के अधिकार का भी उल्लेख नहीं है। कुरान पाक के तीसरे सूरा-आयत 193 व 194 में किसी पुरुष या महिला के श्रम को बरबाद न करने को कहा गया है। चौथे सूरा-आयत 36 व 37 में कहा गया है 'पुरुष व महिला को उसकी मेहनत का एक हिस्सा दो।' लेकिन दूसरी घोषणा में महिलाओं की शिक्षा और काम के अधिकारों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए ये मुद्दे महत्वपूर्ण हैं।

विवाह संबंधी अधिकारों के बारे में सारे आदेश पैगंबर मुहम्मद के समय से स्पष्ट हैं। लेकिन घोषणाओं में इनका कोई उल्लेख नहीं है और इनका अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। इसे देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय जल्द ही तालिबान सरकार को मान्यता देगा या उसकी उदारतापूर्ण सहायता के लिए खजाना खोलेगा।

## आप की बात

### स्वार्थी हैं अमीर देश

**विश्व** के अमीर देश बड़ा मतलबी एवं पक्षपाती हैं। निष्पक्षता इनमे लेस मात्र भी नहीं है। अब देखिये न, पिछले सोमबार को, यूऐई के राजधानी अबू धाबी पर हवाई हमलों की, बढ़चढ़कर निंदा की जा रही है, जिसमें तीन लोग मारे गए थे। हमला यमन स्थित हुथी विरोधियों ने की थी। उसके बाद सऊदी अरब ने यमन में बदला लेते हुए हवाई हमला किये, जिनसे 70 लोग मारे गए। 150 घायल हैं। मगर पूरी दुनिया को यह ज्यादिति नहीं दिख रहा है। इसमें किसी प्रकार का, मानवाधिकार का हनन भी नहीं दिख रहा है। मानेगा भी कैसे सन 2015 से अबतक सऊदी एवं उसके मित्र देशो ने मिलकर, यमन पर 20,100 से अधिक हवाई हमले किए हैं, एक दिन में औसतन 12 हमले। अगर एक हमले में औसतन पांच लोगों की मृत्यु भी हुई होगी तो कुल 1 लाख 500 सौ के करीब लोग मारे गए होंगे। क्या यह यूऐई एवं सऊदी अरब का यमनी लोगों का कत्लेआम नहीं है? क्या यह नरसंहार नहीं है? अगर इन नरसंहारों के बदला लेने की कोशिश होती है तो दुनिया आग बबूला क्यों हो जाती है? आखिर इस ऐसे अन्यायपूर्ण विश्वव्यवस्था कब तक चलता रहेगा?

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### सुधार की जरूरत

**वोट** व सत्ता की चाह में सियासत करने वाले दलबल चाहे मुफ्त की घोषणाएं करने वाले हो, सियासत के मैदानों में दागी बागी (अवसर वादियों) का मसला हो, यह शाश्वत जड़ की तरह रहने वाले हैं। भले ही प्रबुद्ध जन इन पर अपनी चिंता करें, मगर इन मुद्दों पर अंकुश लगना मुश्किल है। भले ही धर्मराज युधिष्ठिर ने यक्ष के नामुमकिन सवालों का जवाब दिया हो। लेकिन इन मुद्दों पर जनता को कोई बेहतर समाधान देने वाला नहीं है। आज की सियासत में धर्मराज युधिष्ठिर जैसा कोई (दलबल) नहीं है, जो प्रदूषित होती राजनीति को साफ स्वच्छ करें। जिस तरह से जम्मू कश्मीर में धारा 370 को हटाकर दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई गई थी, उसी प्रकार केंद्र की मोदी सरकार से अपेक्षा है कि वे अपने बाकी बचे समय में इन पर सख्त से सख्त कानून बनाकर रोक लगाए। जब तक संसद में कानून नहीं बनता, तब तक न्यायपालिका व चुनाव आयोग केवल आशा, अपेक्षा व चिंता कर सकता है । लेकिन उनके लिए भी कानून के बगैर एक कदम भी बढ़ना असंभव है । मोदी है तो मुमकिन है, इस ब्रह्म वाक्य को सार्थक करने का समय मोदी सरकार के पास है। इन मुद्दों पर भी कानून बना कर कसौटी पर खरा हर हाल में उतरना ही चाहिए।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, अक्षय खाचरोद, उज्जैन


### आग पर नियंत्रण

**महोदय**, साउथ मुंबई की कमला बिल्डिंग में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख?या 7 हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, ताड़देव में स्थित 20 मंजिला इमारत के 18वें माले पर लेवल 3 की आग लगी थी। इमारत में रहने वालों ने कहा कि आग लगते ही पूरी बिल्डिंग धुएं से भर गई। बिल्डिंग में अग्निशमन की व्यवस्था है लेकिन वो किसी कारण से चालू नहीं हुई जिससे ये हादसा हुआ। बड़े शहरों में कई मंजिला ऊंची इमारतों के निर्माण की इजाजत टी-शर्ट के साथ दी जाती है कि अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था होगी मगर यहां तो आग लगने पर मालूम होते व्यवस्था सिर्फ दिखावे की थी इन लोगों की जान का जिम्मेदार कौन मुंबई महानगरपालिका ने अग्निशमन व्यवस्था की जांच के लिए पूरा एक हमला बना रखा है इसके बावजूद दीदी किसी बड़ी दुर्घटना होती है तो जाहीर हे इसके लिए नियुक्त अधिकारी कर्मचारी इमानदारी से अपना काम नहीं कर रहे हैं! अत: इन्हें दंडित किया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए सतत जांच की व्यवस्था की जाए!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मुंबई** की एक ऊंची इमारत में आग लगने की दुखद खबर विचलित करने वाली है। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**आप** सभी के प्रयास से आज आकांक्षी जिले देश की प्रगति में आने वाली बाधाओं को दूर कर रहे हैं। वे बाधाओं के बजाय विकास के त्वरक बन रहे हैं

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**इस** महामारी के लगभग दो वर्षों के शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव के बाद, हम में से कई लोगों के लिए, यह सहन करने के लिए बहुत अधिक है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति

Good Morning!
# राजस्थान पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022
ई-पेपर www.pioneerhindi.com



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी होंगे सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश भर एम विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में 11.30 से 1 बजे के मध्य वर्चुअल आयोजित किया जायेगा। गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलराज मिश्र, माननीय राज्यपाल होंगे तथा प्रेमसिंह मेहरा, राज्य निर्वाचन आयुक्त, निरंजन आर्य, मुख्य सचिव विशिष्ट अतिथि होंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्चुअल कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल, राजभवन से, विशिष्ट अतिथिगण, निर्वाचन विभाग के स्टेट आइकन शताब्दी अवस्थी एवं सुंदर सिंह गुर्जर, निर्वाचन एवं अन्य सहयोगी विभाग के अधिकारी एवं राज्य स्तरीय स्तर पर सम्मानित होने वाले अधिकारी सचिवालय स्थित कॉफ्रेंस हॉल में उपस्थित रह कर इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के सभी सम्भागीय आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) एवं समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय से वर्चुअल जु?गे तथा इनके साथ जिला स्तर पर




सम्मानित होने वाले कर्मचारी, अधिकारी, छात्र-छात्रायें, स्वयं सेवी संगठन आदि भी उनके साथ उपस्थित रहेंगे। गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की थीम ''चुनावों को समावेशी, सुगम एवं सहभागी बनाना''। इसी थीम के आधार पर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बाद जिला मुख्यालय एवं विधानसभा मुख्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मतदाता शपथ, मुख्य चुनाव आयुक्त का संदेश एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मान से पर्यवेक्षक एवं बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया है। इसके अन्तर्गत सुरेन्द्र डागरिया, पर्यवेक्षक, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र- धरियावाद, प्रतापगढ़, मनीष ठाकुर, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-बीकानेर पूर्व, बीकानेर, नरेन्द्र सिंह यादव, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-तिजारा, अलवर, सूरज भान, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-रामगंज मंडी, कोटा, दीपक कुमार जैन, बीएलओ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-बाडमेर, बाड़मेर, उग्रसेन चालिया, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-पीलीबंगा, हनुमानगढ़, देवी लाल गमेती, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर, रामकेश मीणा, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-डेगाना, नागौर, गजानंद सैनी, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-खण्डेला, सीकर, सुकुमाल जैन, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र - सांगानेर, जयपुर, रविन्द्र सिंह, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-बाडी, धौलपुर को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी होंगे सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के विभिन्न जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 34 अधिकारियों/ कर्मचारियों को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रकाश राजपुरोहित, मिशन डायरेक्टर, जल जीवन, राजस्थान तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर, अजमेर, सिद्वार्थ सियाग, जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर, चूरू तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर, करौली, नथमल डीडेल, जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर, हनुमानगढ, जाकिर हुसैन, विशिष्ट शासन सचिव, आयोजना विभाग, जयपुर तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर, गंगानगर, नन्नुमल पहाडिया, जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर, अलवर, संदेश नायक, आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिक एवं संचार विभाग, जयपुर तत्कालीन आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर, जगजीत सिंह मोंगा, सचिव, (प्रषासन), जयपुर विद्युत वितरण निगम लि0, जयपुर तत्कालीन उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस

### सवाई मानसिंह स्टेडियम में पूर्वाभ्यास किया गया



**राजस्थान, निसं।** गणतंत्र दिवस 2022 के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह का सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक समारोह, परेड व शो का अभ्यास किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गरिमा व उल्लास से सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जाएगा। इस दौरान संबंधित विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय, प्रोटोकॉल सहित कई कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समूह में अभ्यास किया गया। पुलिसकर्मियों ने डॉग शो व घुड़सवारी का आयोजन कर विभिन्न करतबों का अभ्यास किया। सेना के एक दल ने बैंड का अभ्यास भी किया। स्टेडियम में सामान्य प्रशासन, पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। समारोह का आयोजन कोविड प्रोटोकॉल की सख्त अनुपालना में किया जाएगा।

## भ्रूण लिंग जांच को अभियान बनाकर

# आमजन को जागरूक करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान

- दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी दिए गए निर्देश
- प्रदेश भर के सोनोग्राफी सेंटर्स का नियमित निरीक्षण किया जाएगा

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या और कन्या भ्रूण लिंग जांच के अवैध परीक्षण को रोकने के लिए प्रदेशभर के सोनोग्राफी सेंटर्स का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निदेशालय स्तर पर अंतरजिला और प्रदेश स्तर पर कमेटी बनाकर सोनोग्राफी सेंटर्स का औचक निरीक्षण किया जाए ताकि भ्रूण हत्या पर अंकुश लग सके। मीणा सोमवार को बालिका दिवस पर स्वास्थ्य भवन में आयोजित राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड द्वारा आयोजित पीसीपीएनडीटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिकॉय ऑपरेशन के दौरान दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि लोगों में डर



बना रहे और वे किसी भी भ्रूण लिंग की जांच करने से डरें। उन्होंने कहा कि हालांकि पीसीपीएनडीटी सेल द्वारा प्रदेश में बेहतर कार्य किया जा रहा है। यही वजह है कि प्रदेश का महिला लिंगानुपात जो 2011 में 1000 पुरुषों के मुकाबले 900 था वहीं अब बढ़कर 945 हो गया है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश भर में पंचायती राज संस्थानों तक वितरण के लिए जागरूकता पोस्टर एवं फोल्डर का विमोचन भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सोनोग्राफी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने वाले मुखबिर को राशि बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दी गई है। आमजन बिना किसी भय और दबाव के सूचना दे सकता है। उन्होंने इस कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने और ज्यादा से ज्यादा ऑपरेशन व प्रभावी मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों द्वारा सोनोग्राफी सेंटर्स का निरीक्षण नहीं करने पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। चिकित्सा सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर ने सोनोग्राफी सेंटर्स पर सोनोलॉजिस्ट के नियमित प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए। वर्तमान में प्रदेश की छह मेडिकल कॉलेजों पर ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आगामी दिनों में प्रशिक्षण सेंटर भी बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने सोनोग्राफी सेंटर्स पर मिले डाटा का विश्लेषण कर प्रभावी कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। मिशन निदेशक जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि विभाग द्वारा कार्य योजना बनाकर व्यापक स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर तक लोगों को इस कानून के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### बस और पिकअप की टक्कर

## एक की मौत, तीन घायल

राजस्थान, निसं

बाड़मेर जिले में ग्रामीण थाना इलाके में जालीपा के पास सोमवार को बस और पिकअप में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां एक की हालत ज्यादा गंभीर होने के चलते उसे बाड़मेर रेफर किया गया है। एसआई पुरखाराम ने बताया कि सोमवार को बाड़मेर से जैसलमेर की तरफ जा रही पिकअप गाड़ी का जालीपा कपूरडी के पास सामने से आ रही बस से टक्कर हो गई। इस हादसे में रमेश उर्फ दोसु खान (27) की मौत हो गई और वही खवाड खा,अकबर खा और सदाम खान घायल हो गए है। फिलहाल पुलिस घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक चालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की जयपुर मुख्यालय स्थित विशेष अनुसंधान टीम ने सोमवार को झुंझुनूं में कार्रवाई करते हुये सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ब्लॉक चिढ़ावा जिला झुंझुनूं एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय झुंझुनूं का कनिष्ठ सहायक चालीस हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान टीम को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि डॉ सविता बेन अम्बेडकर अन्तरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत सरकार से मिलने वाली पांच लाख रुपये की राशि के आवेदन को स्वीकृत करने की एवज में ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ब्लॉक चि?ावा प्रियतम डांगी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय झुंझुनूं का कनिष्ठ सहायक राजीव कुल्हार चालीस हजार रूपये की रिश्वत राशि मांग रहे है। एसीबी पाली-प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुये सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रियतम डांगी को परिवादी से चालीस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। वहीं प्रकरण में अधिकारिता विभाग कार्यालय झुंझुनूं का कनिष्ठ सहायक राजीव कुल्हार को भी गिरफ्तार किया गया है।

### डंपर और इनोवा कार में भिड़ंत में लोगों की मौत

**राजस्थान, निसं।** टोंक जिले के दूनी थाना इलाके में रविवार देर रात को जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे पर डंपर और इनोवा कार में भिड़ंत में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे दोनों शवों को बाहर निकाल कर मोर्चरी में रखवाया। जहां पुलिस ने सोमवार को दिन में दोनों मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## भाजयुमो के माइक्रो डोनेशन अभियान कार्यक्रम

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा., राजस्थान

महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125वीं जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के माइक्रो डोनेशन अभियान का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ कर संबोधित किया, साथ ही भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने भी वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

जेपी नड्डा के वर्चुअल संबोधन को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुनाद्य महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125वीं जयंती पर पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भारतीय जनता युवा मोर्चा राजस्थान के रक्तदान संकल्प अभियान की शुरुआत की।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में प्रदेशभर में मनाया गया। भारतीय जनता युवा



मोर्चा राजस्थान ने इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में रक्तदान संकल्प अभियान को पूरे प्रदेश में शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत युवा मोर्चा कार्यकर्त्ता रक्तदान का संकल्प लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता को भी जागरूक करेंगे।रक्तदान संकल्प अभियान की शुरुआत भाजपा प्रदेश कार्यालय से की गई । इस अभियान के पोस्टर का विमोचन सतीश पूनियां ने किया। इस मौके पर सतीश पूनियां ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 125 वी जयंती के अवसर पर युवा मोर्चा की अभिनव पहल को सराहा और कहा कि आज पूरे प्रदेश के भाजयुमो कार्यकर्ता रक्तदान का संकल्प लेंगे जो किसी असहाय और पीड़ित परिवार को रक्त की जरूरत पड़ने पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की ओर से रक्तदान किया जाएगा।

युवा मोर्चा के राष्ट्रीय माइक्रो डोनेशन वर्चुअल रैली के माध्यम से तेजस्वी सूर्या ने सभी कार्यकर्ताओं से मंडल और वार्ड स्तर पर जनता को छोटे-छोटे दान करने और भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा इस सूक्ष्म दान अभियान को निचले स्तर तक ले जाएगा। भारतीय जनता पार्टी एक लोकतांत्रिक पार्टी है जो अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से शक्ति और ऊर्जा प्राप्त करती है न कि किसी विशेष परिवार से।

## राज्य कर्मचारियों की मांगों को लेकर महासंघ (एकीकृत) का 11 फरवरी को धरना प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान।** राज्य कर्मचारियों की मांगों को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) 11 फरवरी को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित करेगा। महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार पिछले 3 वर्षों से राज्य कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों की लगातार अनदेखी करती आ रही है। यहां तक की सरकार ने सुराज संकल्प पत्र 2018 में कर्मचारियों से जो वादे किए थे उन्हें भी अभी तक पूरा नहीं किया है। इससे प्रदेश के सभी राज्य कर्मचारियों में आक्रोश है। राठौड़ ने कहा कि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए महासंघ (एकीकृत) ने पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के सप्तम अधिवेशन के दौरान 11 फरवरी 2022 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है और सभी जिला अध्यक्ष अपने- अपने जिले में जिला पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे। वहीं जयपुर में प्रदेश नेतृत्व की अगुवाई में प्रदेश पदाधिकारी शहीद स्मारक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। राठौड़ ने महासंघ (एकीकृत) के सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि वे धरने- प्रदर्शन के दौरान कोविड गाइड लाइन की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें । महासंघ (एकीकृत) के मुख्य महामंत्री राजेंद्र शर्मा ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए गठित डी सी सामंत समिति एवं खेमराज चौधरी समिति की रिपोर्ट को शीघ्र प्रकाशित किया जाए। वित्त विभाग के 30 अक्टूबर 2017 के वेतन कटौती के आदेश को निरस्त किया जाए । वहीं कांग्रेस के जन घोषणा पत्र- 2018 में कर्मचारी कल्याण के तहत की गई घोषणाओं की अनुपालन में जनता जल योजना कर्मी, होमगार्ड, आंगनबाड़ी कर्मियों, सीसीडीयू एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंशकालीन रसोईये व चौकीदार, संविदा कर्मियों, एनआरएचएम एवं एनयूएचएम कर्मियों, पैरा टीचर्स, उर्दू पैराटीचर, लोक जुंबिश कर्मियों, शिक्षा कर्मियों, विद्यार्थी मित्रों, पंचायत सहायकों, प्रेरक, वन मित्र, कृषि मित्र, चिकित्सा कर्मी, एंबुलेंस कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, संविदा फार्मासिस्ट, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना में लगाए गए लैब टेक्नीशियन, लैब अटेंडेंट एवं लैब सहायक, आईटीआई संविदा कर्मी एवं पशुपालन विभाग के पशुधन सहायक आदि सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित किया जाने सहित कई प्रमुख मांगे है।

# दूसरा डोज लगाने में भी प्रतापगढ़ ने मारी बाजी



## शत प्रतिशत हुआ वैक्सीनेशन, परसादी लाल मीणा ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने प्रतापगढ़ जिले द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन के दोनों डोज लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रतापगढ़ की तरह अन्य जिले भी अपने स्तर पर नवाचार करते हुए आमजन को कोरोना वैक्सीन के प्रथम व द्वितीय दोनों डोज लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हालांकि सभी जिलों ने वैक्सीनेशन में बेहतरीन कार्य किया है लेकिन दोनों डोज लगने के बाद ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण से निजात पाई जा सकती है।

मीणा ने बताया कि राज्य में प्रतापगढ़ ने वैक्सीनेशन की पहली डोज लगाने का लक्ष्य भी सबसे पहले हासिल किया था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिले को 6 लाख 52 हजार 61 डोज लगाने का लक्ष्य दिया था, जिसके मुकाबले 6 लाख 64 हजार 199 डोज लगाए जा चुके हैं।

**प्रदेश को मिली 41 लाख कोविशील्ड वैक्सीन**

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार को वैक्सीन की कमी होने के बाद पत्र लिखा गया, जिसके फलस्वरूप आज प्रदेश को 41 लाख कोविशील्ड वैक्सीन की डोज राज्य सरकार को प्राप्त हुई। इसका वितरण सभी जिलों में किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब 67 लाख से ज्यादा कोवैक्सिन और कोविशील्ड की डोज उपलब्ध है। उन्होंने आमजन से ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन लगवाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन और कोरोना अनुरूप व्यवहार के जरिए ही कोरोना जैसी महामारी को हराया जा सकता है।

# जिले के पर्यटन विकास में सरिस्का अभ्यारणय एक अहम कड़ीः सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री


पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि अरावली की तलहटी में फैला विस्तृत सरिस्का क्षेत्र जिले के पर्यटन विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री जूली ने शनिवार को सरिस्का टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में बनाए गए नये ट्यूरिस्ट रूट बारा-लिवारी का शुभारम्भ किया तथा दो पर्यटक वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सरिस्का स्थित टाइगर रिजर्व क्षेत्र एक बडे पर्यटक स्थल के रूप में उठकर जिले के विकास में महत्वपूर्ण घटक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरिस्का अपनी मनोरम प्राकृतिक छटा से देश-विदेश में अपनी अमिट पहचान रखते हुए निरन्तर पर्यटकों को अपनी ओर लुभाता रहा है जिससे पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के सृजन को भी बढ़ावा मिलता है। मंत्री जूली ने कहा कि सरिस्का टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में बनाए गए नये ट्यूरिस्ट रूट के प्रारम्भ होने से जहां स्थानीय ग्रामीणों की आय का स्रोत बढ़ेगा वहीं पर्यटकोंको सरिस्का टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने का अवसर मिलेगा तथा कोर क्षेत्र पर भी दबाव कम होगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सरिस्का टाइगर रिजर्व के नेचर गाइड का शुल्क रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के समान जिप्सी के लिए 750 रूपये प्रति पारी तथा केन्टर के लिए 860 रूपये प्रति पारी किया गया है। इस अवसर पर जिला कलक्टर नन्नूमल पहाडिया, पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम, वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक सरिस्का आर.एन मीना, वन संरक्षक जयपुर फूलसिंह, उप वन संरक्षक सरिस्का सुदर्शन शर्मा एवं उप वन संरक्षक विस्थापन जगदीश प्रसाद दैया तथा जिला बीसूका समिति के उपाध्यक्ष यागेश मिश्रा, मालाखेडा प्रधान मती वीरमती देवी, उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव, पार्षद सुरज्ञानी मीणा, सरपंच बसन्त सिंह, अब्बास अली, तथा सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे।



## चींटियों को दाना डालते समय लगा करंट!

# बुजुर्ग की मौत



पायनियर समाचार सेवा, राजस्थान

भट्टा बस्ती थाना इलाके में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब हाईटेंशन लाइन के पोल में बह रहे करंट की चपेट में आने से एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के बाद एंबुलेंस के घटनास्थल पर नहीं पहुंचने के चलते स्थानीय लोग शव को अपने साथ लेकर सड़क पर आ गए और वाहनों को रोककर एक कार में शव को रख कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचाया गया। हालांकि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से समझाइश कर बात बिगड़ने से पहले ही संभाल ली। थानाधिकारी हुकुम सिंह ने बताया की घटना रविवार सुबह नौ बजे की है। जहां इलाके की जेपी कॉलोनी में हाईटेंशन पोल के इंसुलेटर के टूट कर नीचे गिर जाने से जमीन में करंट दौड़ गया।

इसी दौरान चींटियों को दाना डालने आए जेपी कॉलोनी के सेक्टर तीन निवासी मजीद अहमद (62) करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से मजीद अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने मजीद अहमद को तुरंत कांवटिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मजीद अहमद को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र जब्बार अहमद के मुताबिक उसके पिता रोजाना इसी जगह चीटियों को दाना डालने जाते थे। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे जब वह चींटियों को दाना डाल रहे थे तो इसी दौरान पोल से बह रहे करंट की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया । मृतक जयपुर नगर निगम से दो साल पहले ही रिटायर हुआ था और रोजाना चींटियों को दाना डालने जाता था।

# बाढ़ और सूखा राहत बोर्ड के लिए 494 करोड़ रुपये मंजूर

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा, खेतों में खड़े पानी का दोबारा होगा इस्तेमाल

### हरियाणा सरकार ने 221 करोड़ की योजना पर लगाई मोहर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस वर्ष बरसात के पानी को दोबारा उपयोग में लाने के लिए ज्यादा योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया है। इससे बाढ़ की स्थिति से निपटने के साथ-साथ ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग व सूखे क्षेत्रों में इस पानी का सदुपयोग किया जा सकेगा।

इसके लिए सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड के तहत 320 नई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत लगभग 494 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 53वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व कृषि मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सालों में मई महीने के दौरान बाढ़ नियंत्रण एवं सूखा राहत बोर्ड की बैठक होती थी। वर्तमान सरकार ने इस बैठक को साल में जनवरी व मई महीने में दो बार करने का निर्णय लिया है, ताकि मई महीने के दौरान किए गए कार्यों की वर्षा से पहले समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि खेतों में खड़े पानी की निकासी व उसके दोबारा उपयोग के लिए 221 करोड़ रुपये की योजनाएं तैयार की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा पिछले वर्ष क्रियान्वित योजनाओं का फायदा यमुना क्षेत्र में अब देखने को मिला है। पहली बार बारिश के दिनों में यमुना के क्षेत्र में बाढ़ का पानी नहीं भरा। उन्होंने कहा कि जल भराव से फसलों में नुकसान होने से भिवानी, रोहतक, झज्जर, हिसार व सोनीपत जैसे जिलों में 650 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष एक लाख एकड़ भूमि से वाटर लॉगिंग की समस्या खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए प्रभावित किसानों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

किसानों को केवल 20 प्रतिशत खर्च की राशि देनी होगी, शेष 80 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा खर्च की जाएगी। एक लाख एकड़ भूमि से वाटर लॉगिंग खत्म होने के बाद भविष्य में पूरे प्रदेश की जमीन को वाटर लॉगिंग से मुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में अलग-अलग श्रेणी के लिए करीब 494 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसमें बारिश के पानी के पुन: उपयोग के लिए 80 योजनाओं पर करीब 144 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

#### केंद्र से मांगे पांच हजार करोड़

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट कुछ दिनों में पेश होने वाला है। केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा बुलाई गई प्री-बजट बैठक में उन्होंने अपने कुछ सुझाव दिए थे। प्रदेश का अधिकतर क्षेत्र एनसीआर में होने के कारण 5 हजार करोड़ रुपये उन्हें दिए जाने की मांग की है। इसके साथ-साथ हरियाणा में बजट की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सांसदों व विधायकों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। इन सुझावों को हरियाणा की प्री-बजट बैठक में शामिल किया जाएगा।



# हरियाणा में अब आरटीआई के लिए नहीं कराना होगा आवेदन

### घर बैठे ऑनलाइन कर सकेंगे आरटीआई आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना प्राप्त करने वालों के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल लांच किया। मुख्यमंत्री का ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त अरुण सांगवान ने बताया कि पोर्टल पर प्रथम अपील के रूप में एसपीआईओ द्वारा जानकारी डाली जाएगी तथा द्वितीय अपील के रूप में राज्य सूचना आयुक्त कार्यालय द्वारा सुनवाई की जाएगी। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि आरम्भ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस पोर्टल को मुख्य सचिव कार्यालय तथा हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कार्यालय से जोड़ा गया है। कोई भी व्यक्ति पोर्टल पर लॉग इन कर अपना पंजीकरण कर सकता है तथा इसके लिए उसके मोबाइल पर ओटीपी आएगा।

किसी भी विभाग से सूचना प्राप्त करने के लिए वह अपनी जानकारी इस पोर्टल पर डाल सकता है और संबंधित विभाग के राज्य जन सूचना अधिकारी (एसपीआईओ) द्वारा मांगी गई सूचना को ऑनलाइन ही पोर्टल पर अपलोड किया जाएगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त यशपाल सिंघल से कहा कि जनता, विभाग व एसपीआईओ को किसी प्रकार कठिनाई न हो इसके लिए सूचना का अधिकार अधिनियम में जो भी संशोधन करने की आवश्यकता होगी उसके लिए केन्द्र सरकार को लिखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस के जवानों ने की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल



**कुरुक्षेत्र।** लगातार बरसात के कारण पुलिस लाइन का प्रांगण गीला हो गया है, अब गणतंत्र दिवस कार्यक्रम नई अनाज मंडी थानेसर में होगा। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्व के एक-एक क्षण को यादगार बनाना है। इस कार्यक्रम को भव्य और परम्परागत ढंग से मनाने के लिए सभी के साझे सहयोग की जरूरत होगी। वे सोमवार को नई अनाज मंडी थानेसर के प्रांगण में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम फुल ड्रैस रिहर्सल के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त मुकुल कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद फाइनल रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। परेड का निरीक्षण करने के उपरांत मार्च पास्ट में शामिल जवानों की सलामी ली। इस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मुकुल कुमार ने परेड को और बेहतर बनाने के लिए प्लाटून कमांडर को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की कमांड एएसपी कर्ण गोयल सम्भालेंगे। इस परेड में हरियाणा पुलिस के जवानों की दो टुकड़ी, हरियाणा महिला पुलिस की टुकड़ी, होमगार्ड की टुकड़ी व डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बैंड की टुकड़ी सहित पांच टुकड़ियां परेड में भाग लेंगी।

### मांगों को लेकर छात्रों ने दिया धरना



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों के रिजल्ट में आरएलडी, आरपीएफडी आरएलए और आरपीआर की समस्या को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कुलपति कार्यालय समक्ष धरना दिया। एनएसयूआई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि अधिक संख्या में विद्यार्थियों के रिजल्ट में आरएलडी, आरपीएफडी आरएलए और आरपीआर लिखा आ रहा है। लगभग तीन माह से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कमेटी बैठी है उस कमेटी ने अब तक इन विद्यार्थियों की समस्याओं का कोई भी समाधान नहीं किया है। जिस वजह से ना तो विद्यार्थियों को डीएमसी मिल पाती और ना ही रिजल्ट मिला है। एनएसयूआई ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुलपति आफिस के सामने सुबह से धरना दिया। परीक्षा नियंत्रक अंकलेश्वर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी विद्यार्थियों का रिजल्ट साइट पर दोबारा अपलोड किया जाएगा। इस अवसर पर रजत सैनी, लकी चौहान, उपकार राणा जतिन, अश्वनी शर्मा, अनिकेत सिंह, विकास मौजूद रहे।

### एनआरआई क्लब ने शिविर में 31 ने किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** एनआरआई क्लब द्वारा गांव धनोरा जट्टान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऋषि पाल, सतीश कुमार, कपिल शर्मा व बिंदर कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में कुल 31 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कपिल शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि धनोरा जट्टान में यह पहला रक्तदान शिविर है। उनका प्रयास है कि गांव के युवा समाज सेवा में आगे आएं। रक्तदान शिविर में गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। उन्होंने कहा कि गांव व आसपास के एनआरआई युवाओं ने क्लब का गठन किया है। इस क्लब के माध्यम से वे चाहते हैं कि गांव धनोरा व आस-पास के गांव में विकास हो, समाज हित के कार्य किए जाएं व युवाओं को समाज सेवा के लिए जागृत किया जाए। ऋषि पाल, सतीश कुमार व बिंदर कुमार ने कहा कि रक्त का दान महादान है, ऐसे में युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ एनआरआई क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस मौके पर नरेश गागैन, रिंकू, रविंद्र कुमार, सागर शर्मा, रुपेश, राजेश कुमार, अमन कुमार, राजेश कुमार, कोमल व जॉनी सहित अन्य युवाओं ने रक्तदान किया।

### करनाल में हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

**करनाल।** उपमंडल स्तर पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल नई अनाज मंडी प्रांगण में आयोजित हुई। इस मौके पर तहसीलदार रमेश अरोड़ा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए उपमंडल प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। समारोह में 26 जनवरी को प्रात: 9.58 बजे एसडीएम अभय सिंह जांगड़ा बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, मार्च पास्ट का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में तीन सांस्कृतिक टीमें तथा 4 टीमें परेड में भाग लेंगी। उपमंडल प्रशासन की ओर से ऐसी विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। इस अवसर पर बीईओ सुदेश कुमारी, एसएमओ विनोद गुप्ता, रमेश कुमार, राहुल व अशोक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### दुकानों की समय सीमा बढ़ाने के लिए लेकर ज्ञापन सौंपा

**सोनीपत।** जिला व्यापार मण्डल के शिष्टमंडल ने सोमवार को दुकानें खोलने की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में जिला प्रधान संजय सिंगला, जिला प्रवक्ता एवं कार्यकारी शहरी अध्यक्ष पवन तनेजा, संरक्षक अनिल गुप्ता सीटू, सुशील स्याल, नरेंद्र धवन, रविन्द्र सरोहा, नवीन गर्ग, राजेश गर्ग नीटू शामिल रहे। ज्ञापन के माध्यम से जिला व्यापार मण्डल के प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि कोरोना महामारी अबकी बार ज्यादा खतरनाक व जानलेवा नहीं है और शायद इसी को देखते हुए सरकार ने शराब की दुकानें रात 10 बजे तक तथा जिम व स्पा सैंटर आधी क्षमता के साथ खोलने की अनुमति दे दी है। अत: हरियाणा में भी मार्किट खोलने की समय सीमा को बढाया जाए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सांसद को सौंपा 19 सूत्रीय मांग पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**आंगनबाड़ी** कार्यकर्ता एवं सहायिका तालमेल कमेटी के आह्वान पर आंगनबाड़ी वर्करों की हड़ताल लगातार जारी। आज धरने की अध्यक्षता गीता नागर एवं सुमन ने संयुक्त रूप से की।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोमवार को अग्रसेन चौक हुड्डा पानी की टंकी पर जिला भर से हजारों आंगनबाड़ी की वर्कर्स, हेल्पर्स, कार्यकर्ता, सहायिका इकट्ठा हुई और रोष प्रदर्शन करते हुए भाजपा सांसद रमेश कौशिक के आवास पर पहुंची ओर आवास की घेराबंदी की। इस दौरान आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सांसद रमेश कौशिक को सौंपा। ज्ञापन लेने के बाद सांसद कौशिक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का सीएम से बातचीत कर हल निकाले का पूरा प्रयास किया जाएगा।

विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी 19 सूत्रीय मांग पत्र को लागू नहीं करती आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने वर्करों को आह्वान करते हुए कहा कि 25 जनवरी को जींद रोड स्थित गोहाना नेहरू पार्क में पूरे जिले की हजारों आंगनवाड़ी वर्कर्स इकट्ठा होकर वहां से गोहाना के विधायक जगबीर मलिक के आवास की घेराबंदी की जाएगी।

## सांसद नायब सैनी पर हुए हमले की निंदा की

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में संयोजक हाकिम सिंह गुर्जर, महासचिव रोशन लाल धीमान, प्रेम नगवान, बलवंत, रामगड़िया, वीरभान प्रजापति पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।

पिछड़ा वर्ग महासभा प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा कि कोडवा खुर्द में कुरुक्षेत्र सांसद व हरियाणा पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नायब सिंह सैनी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए शुक्रवार को कोडवा खुर्द गए थे जब शादी से वापस अपने घर के लिए चले तो मेन सड़क द्वार प्रवेश पर काफी लोग हाथों में काले झंडे व डंडे लिए खड़े थे। जब सांसद गाड़ी की पहुंची तो उन्होंने गाड़ी पर झंडे व पत्थर मारने शुरू कर दिए। जिस पर पुलिस वाले बीच-बचाव करके ले गए।

# व्यापार मंडल ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**हरियाणा** प्रदेश व्यापार मंडल की जिला इकाई द्वारा व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के निर्देशानुसार आज जिला प्रशासन के माध्यम से हरियाणा के राज्यपाल बण्डारू दत्तारेय व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें प्रदेश में दुकानें शाम 6:00 बजे बंद की बजाए दुकानें रात्रि 8:00 बजे तक खोलने की मांग की है।

प्रदेश प्रचार मंत्री राजीव गुप्ता व प्रदेश सचिव रामकुमार बंसल व शहरी प्रधान सिकंदर गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा कि 6:00 बजे दुकानें बंद करने से रेहडी, फड़ी, छोटे व मध्यम व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह से ठप हो गया है क्योंकि इनका व्यापार शाम 6:00 बजे बाद ही चलता है और कोरोना महामारी के कारण पहले ही व्यापारी व उद्योगपति भारी नुकसान में चल रहे हैं। व्यापारी व उद्योगपतियों ने पहले भी लॉकडाउन के समय का बिजली, पानी के बिल, हाउस टैक्स व बैंकों का बयाज अदा किया था। सरकार को कोरोना महामारी को देखते हुए व्यापारी व उद्योगपतियों को सहायता राशि देनी चाहिए।



**डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापार मंडल के प्रतिनिधि।**

# टूटी सड़क, सीवरेज ओवरफ्लो और बरसाती पानी की निकासी को लेकर 7 दिन का अल्टीमेटम

### डीसी ने दिया 7 फरवरी तक का समय, लेंगे अधिकारियों की विशेष बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**भिवानी** के पीपली वाली जोहड़ी मार्ग पर 3 वर्ष से सीवरेज ओवरफ्लो होने से स्थानीय लोगों की दिनों दिन समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। सीवरेज का गंदा पानी सड़कों व नालियों में खड़ा होने के कारण बस्ती में बीमारियां भी जन्म ले रही हैं। यहां तक की किसी के इस क्षेत्र में असामयिक मृत्यु हो जाती है तो इसी टूटी सड़क व गंदे पानी के अंदर से अर्थी को कंधा दिया जाता है।

कई बार यहां टूटी सड़क पर बड़े हादसे भी हो चुके हैं। न तो बारिश के पानी की निकासी है और न यहां पर सीवरेज व नाले की व्यवस्था है। जिसके चलते हर दिन यहां पर कभी बारिश का तो कभी सीवरेज का पानी भरा रहता है। लोगों ने संबंधित विभाग व जिला प्रशासन से मांग की है कि यहां इस क्षेत्र की जल्द सुध ली जाए, ताकि इस विकट समस्या से स्थानीय लोग बच सके।

स्थानीय लोगों की विकट समस्या को देखते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ और उपायुक्त आरएस ढीलो, जिला अतिरिक्त उपायुक्त सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौके पर पहुंचे। जिन्होंने लोगों की विकट समस्या को देखते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इतने दिनों से यह विकट समस्या आखिर क्यों है? इसका जवाब उन्हें जल्द से जल्द दिया जाए। जिला उपायुक्त ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया है कि 7 फरवरी तक के वे अधिकारियों की इस मामले में जो विशेष बैठक लेकर इस समस्या का क्या हल निकल सकता है, इसकी फीडबैक लेंगे।

राजस्थान की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
भवानी शंकर शर्मा
निवासी एम -33, इनकम टैक्स कॉलोनी
टोंक रोड दुर्गापुर, जयपुर (राजस्थान)
पिन कोड 302018
मोबाइल नंबर-7878877419

## धनखड़जी ने देशभक्ति का भरा नया जोश: पुष्पा

**भिवानी।** भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा कौशिक ने जागृति कालोनी मे नुक्कड सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश मे भाजपा ने सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती मनाकर नया जोश भरा है। देशभक्ति की भावना का को जागृत किया है।

कौशिक ने कहा की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने गुमनाम शहीदों को याद करने का जो संकल्प हरियाणा निवासियों को दिलवाने का प्रयास किया है, इस पहल की हर तरफ से सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। जागृति कालोनी मे भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र कौशिक व भाजपा नेता मनोज ढाणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ एक परिवार के इर्द गिर्द घूमती रहती है। इसीलिए उन्होने ऐसे देशभक्त, जिन्होंने हजारों यातनाएं सहकर अपने प्राण इस देश पर न्योछावर कर दीए।

# मीरा घाटी चौक के 100 फुट ऊंचा तिरंगे झंडे का गृहमंत्री अनिल विज करेंगे उद्घाटन

**पायनियर साचार सेवा।** करनाल

**शहर** के मीरा घाटी चौक पर करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से 100 फुट ऊंचे पाइप पर देश का गौरव तिरंगा (राष्ट्रीय ध्वज) लगाया गया है। सोमवार को उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ निशांत कुमार यादव ने राष्ट्रीय ध्वज की फाइनल ट्रायल ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि झंडे के नीचे प्लेटफार्म को खूबसूरती से सजाया-संवारा जाए और एंट्री को नया रूप दिया जाए।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के गृह मंत्री अनिल विज 26 जनवरी को एनडीआरआई में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के बाद इसका विधिवत् उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि मीरा घाटी चौंक स्थित पार्क के प्रवेश पर जो झंडा लगाया गया है उसका साइज 20 गुणा 30 फुट का है और यह 100 फुट ऊंचे मजबूत पाईप पर लगाया गया है। यह कार्य अजमेर राजस्थान की एक एजेंसी ओम गणपति इलैक्ट्रिकल की ओर से करवाया गया है।



**मीरा घाटी चौक पर अधिकारियों से बातचीत करते डीसी।**

# बच्चों में जन्म के दोषों को जानने के लिए जेनेटिक टेस्टिंग एक विकल्प :डॉ दिव्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बच्चों** के जेनेटिक विकृति के कई कारकों में सजातीय संबंधों या रक्त से जुड़े किसी करीबी संबंधों से विवाह करना या रिलेशनशिप रखना भी एक प्रमुख कारण हो सकता है। सजातीय संबंध एक ऐसी प्रथा है, जिससे निकटतम पारिवारिक संबंधों, वंश या सजातीय विवाह करने वाले वैवाहिक जोड़ों की संतानों में जेनेटिक गड़बड़ियां पाई जा सकती हैं, उनसे पार्टनर्स के बीच जीन्स साझा होते हैं।

कई अन्य कारक जो सजातीय संबंधों पर प्रभाव डालते हैं इस में साक्षरता स्तर और परिवार की सामाजिक-आर्थिक स्थिति होती है। सजातीय विवाह और आनुवांशिक गड़बड़ियां किस तरह आपस में संबंधित है इस पर बताते हुए लाइफसेल डायग्नोस्टिक्स की क्लिनिकल सलाहकार डॉक्टर दिव्या अग्रवाल कहती हैं कि एक स्टडीज में पाया गया है कि जिन देशों और आबादी के वर्ग में परिवार में ही शादी करने का प्रचलन है, उनमें अन्य किसी खतरे से कहीं ज्यादा वैवाहिक जोड़े की संतान में आनुवांशिक विकार आने का खतरा ज्यादा होता है।

निकटतम संबंधियों से शादी से उत्पन्न संतानों में जेनेटिक गड़बड़ियों का खतरा तीन फीसदी बढ़ा है। इसके साथ ही सामान्य आबादी में इस तरह के विवाहों में 2-3 प्रतिशत अप्रत्यक्ष रूप से अन्य खतरे भी सामने आते हैं।

मनुष्यों मे 28 हजार जीन्स में से हरेक जीन्स की दो कॉपी होती है। इसमें से एक उनको विरासत के तौर अपने माता-पिता से मिली होती है। जब आपस में बेहद निकट दो व्यक्ति, जिनमें काफी मात्रा में एक समान जीन्स होती हैं, का विवाह होता है और उनकी संतान होती है तो नवजात शिशु में साझा जीन्स की संख्या बढ़ती है। इस तरह के विवाह से उत्पन्न संतानों में जीन्स के रूप बदलने से बने गड़बड़ जीन्स विरासत में मिलने की आशंका बढ़ जाती है। तरह-तरह के जेनेटिक विकारों से इन बच्चों में जन्मजात गड़बड़ियों, पैदाइशी दोष, प्रजनन क्षमता में कमी या मृत बच्चों का जन्म भी हो सकता है। जीन्स की दोनों तरह की कॉपी का रूप बिगड़ने और उनमें होने वाले बदलाव से जेनेटिक विकार जन्म लेते हैं, उन्हें ऑटोसोमेल रिसेसिव डिसऑर्डर कहा जाता है।

# सर्दियों के महीनों के दौरान हृदय रोग का निवारक प्रबंधन है महत्वपूर्ण : डॉ गौरव मिनोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली।

**अनुमानों** के अनुसार, सर्दियों के महीनों में दिल के दौरे, कार्डियक अरेस्ट और स्ट्रोक से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ जाती है। भले ही सिस्टम ठंड में समायोजित हो जाए लेकिन शरीर के तापमान में गिरावट हृदय रोगियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है। इससे दिल के दौरे की संख्या में वृद्धि हो सकती है। सर्दी के मौसम में सीने में बेचैनी, तेज पसीना आना, सांस लेने में तकलीफ और गर्दन, हाथ, जबड़े और कंधों में दर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह सभी दिल की विफलता के प्रमुख लक्षण हैं और ऐसे में तुरंत किसी विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।

डॉ गौरव मिनोचा, निदेशक और यूनिट हेड कार्डियोलॉजी मैक्स अस्पताल, वैशाली ने इस बारे में बात करते हुए कहा, ठंडे तापमान में धमनियां संकुचित हो जाती हैं। जिससे हृदय में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह बाधित हो जाता है।



इसकी वजह से जो लोग पहले से ही दिल से जुडी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्हें उच्च रक्तचाप की समस्या होना शुरू हो सकती है। रक्त का थक्का बनने की संभावना भी बढ़ जाती है क्योंकि ठंड में प्लेटलेट्स सक्रिय और चिपचिपे हो जाते हैं। इस दौरान लोग घर पर प्रतिबंधित हैं, इसलिए कई लोग विटामिन डी की कमी से पीड़ित हो सकते हैं। यह सब इस्किमिया कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर, हार्ट अटैक और स्ट्रोक की संभावना को बढ़ा सकता है।

डॉ मिनोचा ने आगे कहा, सर्दियों के दौरान दिल संबंधित समस्याओं से जूझने वाले लोगों में बीपी और हृदय गति जैसी महत्वपूर्ण बातों की निगरानी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

असामान्य लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें और ज्यादा मेहनत और थका देने वाली गतिविधियों से बचें जो दिल पर दबाव डालती हैं। कोलेस्ट्रॉल के स्तर में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए आहार पर ध्यान देना और यह समझना भी जरूरी है कि किसी विशेषज्ञ के परामर्श से दवा की खुराक को समायोजित किया जाना चाहिए या नहीं।

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

शब्दों से प्रेम है तो मौन पर भी अधिकार करो,
असत को मिटाने के लिए सत को स्वीकार करो,
मुट्ठियों को मत भीचो जब तक प्रहार का मौका न हो,
क्रोध को पालो और सही वक्त का इंतजार करो।

# एक संत मुख्यमंत्री नहीं हो सकता

## द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य के प्रतिनिधि अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा

**प्रतिनिधि संत ने कहा धर्मनिरपेक्षता की शपथ के चलते वह धार्मिक कैसे रह सकता है**



**राजनीतिक दल अपनी बात कहलवाने के लिए अपने आदमी धार्मिक स्थलों पर बैठा रहे ह**

एजेंसी। प्रयागराज

**द्वारका** पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के प्रतिनिधि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमवार को कहा कि एक संत मुख्यमंत्री नहीं हो सकता है, क्योंकि व्यक्ति जब संवैधानिक पद पर बैठता है तो उसे धर्मनिरपेक्षता की शपथ लेनी पड़ती है। ऐसे में वह व्यक्ति धार्मिक कैसे रह सकता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संत होने संबंधी प्रश्न के उत्तर में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने यह बात कही। यहां गंगा के तट पर चल रहे माघ मेले में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, व्यक्ति एक साथ दो शपथ नहीं निभा सकता। एक संत, महंत हो सकता है, लेकिन वह मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री नहीं हो सकता। खिलाफत का यह काम मुसलमानों के यहां होता है। वहां धर्माचार्य राजा होता है।

द्वारका पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के प्रति हमेशा से सहानुभूति रही है। पिछले वर्ष माघ मेले के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यहां मनकामेश्वर मंदिर परिसर में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया था। माघ मेले में अव्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, इस बार माघ मेले में बहुत अनदेखी की गई है। कुछ संत महात्माओं ने अनशन और आत्मदाह करने तक की बात कही है।

अगर नेता चुनाव में व्यस्त हैं तो अधिकारी क्यों व्यवस्था को नहीं ठीक कर रहे हैं। माघ मेले में गंगा का जल स्तर अचानक बढ़ने से कल्पवासियों और साधु संतों को हो रही परेशानी पर उन्होंने कहा, आपके (सरकार के) पास आज की तारीख में रेगुलेटर है, तो फिर नियंत्रित प्रवाह क्यों नहीं हो रहा है। जलस्तर बढ़ने से कई लोगों को अपने शिविर उखाड़ने पड़े हैं और दूसरी जगह शिविर लगाना पड़ा है। धर्म के क्षेत्र में राजनीतिक नेताओं के दखल पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा सभी राजनीतिक दल, धर्म के क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहे हैं, कोई दल आगे हो सकता है, कोई पीछे। यह बात इस स्तर तक पहुंच गई है कि केवल धार्मिक लोगों से संबंध बनाना ही नहीं रह गया है, बल्कि वे धार्मिक स्थलों पर अपने आदमी बैठा रहे हैं। उन्होंने दावा किया, ये राजनीतिक दल अपनी बात कहलवाने के लिए अपने आदमी धार्मिक स्थलों पर बैठा रहे हैं। देश में कुछ ऐसे लोग हैं जो चाहते हैं कि धर्माचार्य उनकी भाषा बोलें। यही वजह है कि पुरानी किताब से धर्म बताने वाले लोग उनको चुभ रहे हैं और ऐसे लोगों को पद से हटाने की नीति चल रही है। उत्तर प्रदेश में सन्निकट विधानसभा चुनावों पर उन्होंने कहा, जनता सही लोगों, सही पार्टी को चुने जिससे उसे सरकार बनने के बाद पछताना ना पड़े जैसा कि इधर देखा जा रहा है कि बहुत से लोग पश्चाताप की बात कर रहे हैं कि उनसे गलती हो गई। कम से कम जो चुनाव आपके सामने है, उसमें ऐसी गलती ना करें।

# बालिकाओं के अधिकारों को लेकर जागरुकता को बढ़ाएं: मनोज सिन्हा

**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बधाई देते हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने कहा**



एजेंसी। जम्मू

**राष्ट्रीय** बालिका दिवस पर देश की बेटियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को हर बालिका को समान अधिकार देने और उन्हें मौके मुहैया कराकर सशक्त बनाने का आह्वान किया।

सिन्हा ने लोगों से बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने और लड़कियों के समर्थन और मौके प्रदान करने के लिए सामूहिक कोशिश करने को कहा। सिन्हा ने ट्वीट किया, हम हर बालिका के लिए समान अधिकार हासिल करने, उन्हें एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और स्थाई समाज में मौके प्रदान कर सशक्त बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उपराज्यपाल ने कहा, मैं देश की बेटियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों के लिए, सलाम करता हूं। वे वैश्विक महामारी से लड़ने वाली हमारी स्वास्थ्य प्रणाली का आधार-स्तंभ भी हैं।

उन्होंने कहा, लड़कियों की शिक्षा, उनके स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। सिन्हा ने कहा कि बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे सभी लोगों के प्रयास सराहनीय हैं।राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को बच्चियों के अधिकारों को लेकर जागरूकता पैदा करने और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर संदेश फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राकांपा ने हिंदुत्व पर ठाकरे के बयान को लेकर उनका समर्थन किया

**मुंबई।** हिंदुत्व पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ठाकरे के बयान को लेकर उनका समर्थन करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को कहा कि सभी को अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर नफरत फैलाना गलत है और शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे ने यही संदेश दिया है। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती के अवसर पर रविवार को शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़ा है, हिंदुत्व नहीं। ठाकरे ने कहा, मेरा मानना है कि भाजपा का अवसरवादी हिंदुत्व केवल सत्ता के लिए है। शिवसेना ने भाजपा के साथ गठबंधन बनाया था, क्योंकि वह हिंदुत्व के लिए सत्ता चाहती थी। शिवसेना ने हिंदुत्व का इस्तेमाल कभी सत्ता पाने के लिए नहीं किया। इन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के मंत्री एवं राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने कहा, हर किसी को अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए, लेकिन एक दूसरे के खिलाफ नफरत होना नुकसानदायक है। उन्होंने कहा, शिवसेना भी यही बात कहना चाहती है कि हर किसी को अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए और उसका प्रसार करना चाहिए लेकिन एक दूसरे के खिलाफ नफरत फैलाना गलत है। मेरा मानना है कि उद्धव ठाकरेजी ने भी यही बात कही है। निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए मलिक ने कहा कि धर्म के नाम पर वोट मांगना आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, लेकिन पिछले सात-आठ साल से निर्वाचन आयोग धर्म के नाम पर वोट मांगे जाने पर चुप है। यह निर्वाचन आयोग की लाचारी है। हमें लगता है कि आयोग को इस बारे में सोचना चाहिए, नहीं तो उसकी विश्वसनीयता समाप्त हो जाएगी।

### भाजपा में शामिल हुए यूपी जलालपुर से सपा विधायक

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के आंबेडकरनगर जिले की जलालपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक सुभाष राय सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में उन्होंने उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में भगवा दल की सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने राय का पार्टी में स्वागत करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में आज कानून का राज है तथा वहां राष्ट्रवाद और विकास की बयार चल रही है। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश में जो वातावरण निर्मित हुआ है, उसे देखते हुए सुभाष राय भाजपा में शामिल हुए हैं। यह उनकी घर वापसी है। उनके आने से भाजपा अंबेडकरनगर जनपद में और मजबूत होगी। उल्लेखनीय है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में जलालपुर से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर रितेश पांडेय विधायक चुने गए थे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उन्हें अंबेडकरनगर संसदीय सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया। चुनाव में जीत दर्ज के बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जलालापुर सीट पर हुए उपचुनाव में सुभाष राय सपा के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए थे। सांसद रितेश पांडेय के पिता राकेश पांडेय हाल ही में समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। वह वर्ष 2002 में सपा के टिकट पर जलालपुर से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। सपा में शामिल होने से उनका जलालपुर से टिकट लगभग तय माना जा रहा है।

### भाजपा के शासन में धर्म संबंधी असुरक्षा लगातार बढ़ रही

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को निशाना बनाते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकाल में धर्म को लेकर असुरक्षा की भावना और भेदभाव बढ़ा है।मायावती ने ट्वीट किया कि उत्तर प्रदेश में भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव एवं जान-माल और मजहब को लेकर असुरक्षा लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, लाखों लोगों का पलायन और खराब कानून-व्यवस्था राज्य की सबसे बड़ी समस्याएं हैं, जो लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ये समस्याएं लोगों में कुंठा पैदा कर रही हैं तथा समाज एवं प्रदेश पिछड़ रहा है। यह अति-दु:खद है। बसपा अध्यक्ष ने गरीबों को आवास देने की भाजपा की योजनाओं को अपना बताते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में बसपा की (पूर्ववर्ती) सरकार में लगभग ढाई लाख गरीब परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराए गए और करीब 15 से 20 लाख मकान मुहैया कराने की तैयारी चल रही थी, मगर सरकार बदलने के कारण यह कार्य अधूरा रह गया और इसे ही भाजपा भुनाने का प्रयास कर रही है। क्या यह उचित है?

### गणतंत्र दिवस: श्रीनगर में फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की गई

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में 26 जनवरी से पहले की गई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गणतंत्र दिवस परेड के लिए सोमवार को श्रीनगर में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के संभागीय आयुक्त पी के पोल ने कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच यहां शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसमें पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों की कई टुकड़ियों ने भाग लिया। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि पूरे कश्मीर में गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर शांति सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिए गए हैं। केंद्रशासित प्रदेश में गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम जम्मू में आयोजित किया जाएगा जहां उपराज्यपाल मनोज सिन्हा समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कश्मीर में मुख्य समारोह शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

### मुंबई की इमारत में आग में जख्मी एक और ने तोड़ा दम

**मुंबई।** मुंबई में ताड़देव इलाके में एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग में जख्मी हुए एक और शख्स ने सोमवार को दम तोड़ दिया जिसके बाद मृतक संख्या बढ़कर सात हो गई। नगर निगम के एक अधिकारी ने डॉक्टरों से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि बीवाईएल नायर अस्पताल में भर्ती 38 वर्षीय मरीज की सुबह सात बजे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि भाटिया अस्पताल में 12 अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है जिनमें से छह की हालत गंभीर है और शेष की स्थिति स्थिर है। अधिकारी के मुताबिक, भायखला के मसीना अस्पताल में भर्ती एक अन्य जख्मी की भी हालत नाजुक है। गोवालिया टैंक स्थित भाटिया अस्पताल के सामने स्थित 20 मंजिला सचिनम हाइट्स इमारत में शनिवार को भीषण आग लग गई थी। इस घटना में पहले छह लोगों की मौत हुई थी और 24 अन्य जख्मी हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि एक और जख्मी की मौत के बाद घायलों की संख्या 23 रह गई है जबकि मृतक संख्या सात हो गई है।

### राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और प्रदेश के विकास तथा समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ते रहने की कामना की। राज्य 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाता है। 1950 में आज ही के दिन तत्कालीन संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था। कोविंद ने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के इतिहास, कला-संस्कृति, साहित्य तथा राजनीति में उत्तर प्रदेश के मेहनती एवं प्रतिभाशाली लोगों ने प्रभावशाली योगदान दिया है। मेरी कामना है कि यह राज्य विकास और समृद्धि के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

### डेढ़ करोड़ रुपये की नकदी एवं गहनों के साथ यात्रा करता व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु जंक्शन रेलवे स्टेशन से संबद्ध रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने मुंबई एलटीटी-एर्नाकुलम दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन में 1.48 करोड़ रुपये की नकदी और 800 ग्राम सोने के गहनों के साथ यात्रा कर रहे एक व्यक्ति को रविवार को हिरासत में लिया। आरोपी के पास नकदी और गहनों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं था। आरपीएफ ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि बाद में इस व्यक्ति को मंगलुरु सेंट्रल रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया। इसने कहा कि व्यक्ति की पहचान महेंद्र सिंह राव (33) के रूप में हुई है, जो राजस्थान के उदयपुर का रहनेवाला है। रेलवे पुलिस ने राव के खिलाफ कर्नाटक पुलिस अधिनियम और दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। आरपीएफ कर्मियों ने दुरंतो एक्सप्रेस में एहतियातन जांच के दौरान व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उन्होंने एस-4 डिब्बे में सवार इस व्यक्ति के सामान की जांच की और इस दौरान पुराने समाचार पत्रों में लपेटकर रखी गई नकदी मिली। व्यक्ति ने आरपीएफ कर्मियों को बताया कि वह केरल के कोझिकोड में प्रवीण सिंह की कंपनी शुभ गोल्ड में काम करता है और कंपनी के मालिक के एक दोस्त ने उसे मुंबई में नोट के छह पैकेट और गहनों के तीन पैकेट दिए, जो मालिक को दिए जाने थे।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक से जुड़ी याचिका पर अदालत 20 अप्रैल को करेगी सुनवाई

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय प्रधानमंत्री की सुरक्षा से संबंधित एक जनहित याचिका पर 30 अप्रैल को सुनवाई करेगा। अदालत ने उच्चतम न्यायालय में इससे जुड़े मुद्दों के लंबित होने के मद्देनजर सोमवार को यह फैसला लिया।

याचिका में मांग की गई थी कि प्रधानमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के मामले में असैन्य, सैन्य समेत सभी प्राधिकार विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) की निगरानी में काम करें। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा कि वह केंद्र से इस जनहित याचिका को एक अभिवेदन के तौर पर मानने के लिए कहेगी।

याचिकाकर्ता आशीष कुमार की ओर से पेश अधिवक्ता वी गोविंद रमणन ने कहा कि यह विशेषकर कानून से जुड़ा सवाल है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मामले में जिम्मेदारी एसपीजी के पास होनी चाहिए और वह गृह मंत्रालय के समक्ष इस बाबत पहले ही अभिवेदन दे चुके हैं।

केंद्र सरकार के अधिवक्ता अमित महाजन ने अदालत को सूचित किया कि उच्चतम न्यायालय इस विषय से जुड़े मुद्दों पर पहले ही विचार कर रहा है। इस पर पीठ ने पीआईएल पर सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि उच्चतम अदालत निर्देश दे चुका है और उसके द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। गत पांच जनवरी को प्रधानमंत्री का काफिला पंजाब के फिरोजपुर में प्रदर्शनकारियों के कारण एक फ्लाईओवर पर फंस गया था।

### पाकिस्तान ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच पोलियो रोधी अभियान शुरू किया


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी अधिकारियों ने देश में कोविड-19 के बढ़ रहे मामलों के बावजूद सोमवार को इस साल पहला राष्ट्रव्यापी पोलियो रोधी अभियान शुरू किया। पोलियो कार्यक्रम के संयोजक शहजाद बेग द्वारा जारी बयान के मुताबिक, पांच दिनों तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान में करीब डेढ़ लाख स्वास्थ्य कर्मी हिस्सा ले रहे हैं और इस दौरान पांच साल से कम उम्र के 2.24 करोड़ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि पिछला पोलियो रोधी अभियान कई हफ्ते पहले कोविड-19 के मामलों में कमी आने के बाद शुरू किया गया था। अधिकारियों को उम्मीद है कि नवीनतम अभियान से देश को पोलियो मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

# मंत्रि परिषद विस्तार पर भाजपा आलाकमान लेगा फैसला : बोम्मई

## कहा, 28 को सरकार के छह महीने पूरे होने पर एक बुकलेट जारी करेंगे

एजेंसी। बेंगलुरु



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंत्रिपरिषद विस्तार के लगातार बढ़ते दबाव के बीच सोमवार को संकेत दिया कि वह इस बाबत भाजपा आलाकमान की स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं। बोम्मई ने कहा कि आगामी 28 जनवरी को अपनी सरकार के छह महीने पूरे होने के मद्देनजर कहा कि इस मौके पर वह एक बुकलेट जारी करेंगे। जिसमें राज्य सरकार की उपलब्धियों का विवरण होगा।

मंत्रिपरिषद विस्तार या फेरबदल से जुड़े सवाल पर बोम्मई ने कहा, चार मंत्री पद खाली हैं, जिन पर नियुक्ति की महत्वाकांक्षा होना लाजिमी है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। पार्टी आलाकमान को पता है कि यह कब और कैसे करना है। मैं भी यह मुद्दा आलाकमान के संज्ञान में ला रहा हूं। आलाकमान मुझे जब भी चर्चा के लिए बुलाएगा, मैं उसे पूरा ब्योरा दूंगा। अलग-अलग बोर्ड और निगमों में नियुक्ति के सवाल पर बोम्मई ने कहा कि इस पर पार्टी बैठक में चर्चा होगी और बैठक में निकलने वाले निष्कर्ष के आधार पर संबंधित कदम उठाए जाएंगे।

कर्नाटक में 2023 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले बोम्मई पर मंत्रिपरिषद में फेरबदल या विस्तार का दबाव बढ़ रहा है, ताकि रिक्त मंत्री पदों को भरने के साथ ही उसमें नए चेहरों को भी शामिल किया जा सके।

राज्य मंत्रिपरिषद में कुल 34 मंत्री पद हैं जिसमें अभी मुख्यमंत्री सहित 30 मंत्री ही हैं। कर्नाटक में मंत्रिपरिषद विस्तार या फेरबदल पर पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद ही फैसला होने की उम्मीद है।

# पाकिस्तान 20 भारतीय मछुआरे भारत को सौंपेगा

## पुलिस उपाधीक्षक अजीम थेबो ने बताया, सद्भावना के तहत इन मछुआरों की होगी रिहाई

एजेंसी। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** देश के जलक्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश करने के कारण गिरफ्तार किए गए 20 भारतीय मछुआरों को सोमवार को वाघा बॉर्डर के जरिए भारत को सौंपेगा। एक वरिष्ठ कारागार अधिकारी ने यह जानकारी दी। कराची की लांडी जेल में रखे गए मछुआरों को मानवीय आधार पर रविवार को रिहा कर दिया गया।

डॉन समाचार पत्र के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक अजीम थेबो ने बताया कि सद्भावना के तहत इन 20 भारतीय मछुआरों की रिहाई के बाद इस जेल में अब 568 भारतीय मछुआरे हैं। रिहा किए गए इन मछुआरों को पाकिस्तानी जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने और बिना अनुमति मछलियां पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें सामाजिक कल्याण के लिए काम करने वाले संगठन ईधी फाउंडेशन ने सड़क मार्ग से लाहौर तक पहुंचाया।

ईधी फाउंडेशन के प्रवक्ता ने कहा कि संगठन मछुआरों के लाहौर तक जाने का खर्च वहन करेगा, जहां उन्हें भारत के सीमा सुरक्षा बल को सौंपा जाएगा। ईधी फाउंडेशन ने हर मछुआरे को सद्भावना के तहत पचास-पचास हजार रुपए भी दिए। जेल में चार साल तक रहे मछुआरे भावेश भीका ने कहा कि वह जिस नौका पर सवार था, वह रात में बहकर पाकिस्तानी जलक्षेत्र में आ गई थी। उन्होंने कहा, हमारे पास यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि हमने आपकी सीमा का उल्लंघन किया है। पाकिस्तान और भारत समुद्री सीमा के उल्लंघन के कारण एक दूसरे के मछुआरों को नियमित रूप से पकड़ते हैं।

भारत और पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में कैदियों की सूची का आदान-प्रदान किया था, जिसके अनुसार कम से कम 628 भारतीय कैदी पाकिस्तान में हैं, जिनमें से 577 मछुआरे हैं। भारत ने पाकिस्तान के साथ 355 पाकिस्तानी कैदियों की सूची साझा की थी, जिनमें 73 मछुआरे थे।

# मप्र के श्योपुर जिले में दो तेंदुए मृत मिले

एजेंसी। श्योपुर

**मध्य प्रदेश** के श्योपुर जिले में दो तेंदुए मृत मिले हैं। शक है कि ये तेंदुए पड़ोसी राज्य राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से भटककर यहां आए थे। वन अधिकारियों ने सोमवार ने बताया कि एक तेंदुए का शव रविवार को यहां चंबल नदी में से मिला जबकि दूसरे तेंदुए का शव जिले के विजयपुर रेंज में पाया गया।

वन रेंज अधिकारी अजय बाजपेई ने कहा कि कुछ ग्रामीणों ने ऊंचा खेड़ा घाट के पास नदी में पड़े शव के बारे में अधिकारियों को सूचित किया। जिसके बाद पशु चिकित्सकों सहित वन कर्मियों का एक दल मौके पर पहुंचा। अधिकारी ने कहा कि इस तेंदुए की मौत लगभग पांच दिन पहले हो गई थी और उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है और उसके सभी अंग सही सलामत हैं। उन्होंने कहा कि शव का परीक्षण के बाद दिशा निर्देशों के अनुसार निपटारा कर दिया गया है और विसरा को विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि तेंदुए के घटनास्थल से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से भटककर आने का संदेह है।

वन विभाग के उप मंडल अधिकारी डीएन पांडेय ने बताया कि एक अन्य मामले में रविवार शाम को विजयपुर (पूर्वी) रेंज के बुढेरा बीट में एक तेंदुए का शव मिला।

# विधानसभा चुनाव: वीडियो वैन के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश जारी

## -वीडियो वैन के किसी भी स्थल पर 30 मिनट से ज्यादा रुकने पर पाबंदी लगाई

**वैन के जरिए किसी प्रत्याशी विशेष के लिए वोट या समर्थन नहीं मांगा जा सकेगा**



एजेंसी। नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए वीडियो वैन के इस्तेमाल से जुड़े दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत वीडियो वैन के किसी भी स्थल पर 30 मिनट से ज्यादा समय तक रुकने पर पाबंदी लगाई गई है। कोरोना संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए निर्वाचन आयोग ने रैलियों के आयोजन पर लगा प्रतिबंध 31 जनवरी तक बढ़ा दिया था। हालांकि, आयोग ने शनिवार को खुली जगहों पर कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ अधिकतम 500 दर्शकों की मौजूदगी में वीडियो वैन के जरिए प्रचार करने की इजाजत दी थी।

आयोग ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को एक पत्र जारी कर राजनीतिक दलों द्वारा वीडियो वैन के इस्तेमाल से जुड़े दिशा-निर्देश भी जारी किए थे। पत्र में कहा गया है, राजनीतिक दलों द्वारा वीडियो वैन का इस्तेमाल उनकी योजनाओं और घोषणाओं के प्रचार के लिए किया जा सकता है। इसके जरिए किसी प्रत्याशी विशेष के लिए वोट या समर्थन नहीं मांगा जा सकेगा।

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अगर वीडियो वैन का प्रयोग किसी उम्मीदवार के प्रचार के लिए किया जाता है तो उसका खर्च संबंधित उम्मीदवार के खाते में दर्ज किया जाएगा। चुनाव पर्यवेक्षकों को ऐसे खर्चों पर करीबी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वीडियो वैन से सुबह आठ से रात आठ बजे के बीच ही प्रचार किया जा सकेगा। रैलियों और रोड शो के आयोजन में इन वाहनों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी। आयोग के मुताबिक, राजनीतिक दलों के बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में वीडियो वैन के जरिए अपनी प्रचार सामग्री का प्रदर्शन करने पर भी रोक रहेगी। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि वीडियो वैन किसी भी प्रचार स्थल पर 30 मिनट से अधिक समय तक नहीं रुके, यह सुनिश्चित करना संबंधित राजनीतिक दल की जिम्मेदारी होगी। पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

# पाकिस्तान को भारत का असली दुश्मन नहीं मानने का अखिलेश पर संबित पात्रा का आरोप

**अखिलेश ने कहा था, डा. लोहिया और मुलायमजी का स्पष्ट मत था कि हमारा असल दुश्मन चीन है**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पाकिस्तान को भारत का असली दुश्मन नहीं मानने का आरोप लगाते हुए इसे उनके जिन्ना संबंधी बयान से जोड़ा।

पात्रा ने यहां प्रेस वार्ता में दावा किया, सपा के नेता अखिलेश यादव ने एक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह पाकिस्तान को भारत का असली दुश्मन नहीं मानते। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट की राजनीति के लिए पाकिस्तान को हमारा दुश्मन बताती है। उन्होंने कहा, अखिलेशजी को फौरन इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

मैं अखिलेश जी से पूछना चाहता हूं कि कश्मीर के जिन भाई बहनों को पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादी मार देते हैं, क्या वे भारतीय नहीं हैं? पात्रा ने आरोप लगाया, जिन्ना से जो करे प्यार, वो पाकिस्तान से कैसे करे इनकार। जिन्ना का नाम लेकर उत्तर प्रदेश और वो आज पाकिस्तान पर पहुंच गए। पात्रा ने कहा, आज उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास का संदेश दिया। वहीं, अखिलेशजी ने पाकिस्तान को दुश्मन नहीं बताया, अब आप बताएं पाकिस्तान और जिन्ना को लेकर कौन आया? तुष्टीकरण की पराकाष्ठा की वजह से चुनाव के समय अखिलेश पाकिस्तान और जिन्ना के मुद्दों को लेकर आ रहे हैं। गौरतलब है कि एक अखबार को दिए गए साक्षात्कार में अखिलेश ने कहा था, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव का स्पष्ट मत था कि हमारा असल दुश्मन चीन है। पाकिस्तान तो हमारा राजनीतिक शत्रु है। मगर भाजपा वोट की राजनीति के लिए सिर्फ पाकिस्तान को निशाना बनाती है।

# भाजपा, कांग्रेस और बसपा ने मैदान में उतारे स्टार प्रचारक

## सपा उम्मीदवार के प्रचार को नहीं आया कोई बड़ा नाम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यूपी विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर सभी दल ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। गौतमबुद्ध नगर से बसपा, भाजपा और कांग्रेस ने स्टार प्रचारक को अपनी सूची में जगह दी है। चुनाव में स्टार प्रचारक उम्मीदवारों के लिए जगह-जगह जाकर वोट मांगेंगे। जिले में पहले चरण का चुनाव 10 फरवरी को होगा। कुल मिलाकर लगभग सभी दल के नेताओं ने अपने-अपने स्टार प्रचारकों मैदान में उतार दिए हैं।

वहीं जिले की तीनों सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए अभी तक पार्टी ने किसी बड़े नाम की घोषणा नहीं की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी हाईकमान ने 30 नेता मंत्री को स्टार प्रचारक बनाया है। इस सूची में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर को शामिल किया गया है। सुरेंद्र सिंह नागर को राजनीति में करीब 25 वर्ष का अनुभव है। वह गौतमबुद्ध नगर के लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं। पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुर्जर बिरादरी में अपनी पैठ मजबूत करना चाहती है।

गृह जनपद गौतमबुद्ध नगर से बसपा के 3 नेता शामिल हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके भाई आनंद कुमार का पैतृक गांव दादरी विधानसभा के बादलपुर में है। मायावती ने उत्तर प्रदेश में 4 बार मुख्यमंत्री पद पर रहकर एक कीर्तिमान कायम कर रखा है।

जिले के गुर्जर नेताओं में शुमार करतार सिंह नागर बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जिला अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष के अलावा पार्टी हितों के गतिविधियों पर कार्य कर चुके हैं। कांग्रेस की सूची में शामिल सचिन पायलट मूल रूप से ग्रेटर नोएडा में स्थित वैदपुरा गांव के हैं। वर्तमान में सचिन पायलट राजस्थान के टोंक विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

# अवतार सिंह भड़ाना को निर्वाचन आयोग ने जारी किया नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● 24 घंटे में जवाब नहीं दिया तो होगी कड़ी कार्रवाई

जेवर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे अवतार सिंह भड़ाना के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया है। नोटिस जारी करते समय निर्वाचन अधिकारी ने अगले 24 घंटे के भीतर अवतार सिंह भड़ाना से जवाब मांगा है, लेकिन अगर अवतार सिंह भड़ाना ने जवाब नहीं दिया तो उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जेवर विधानसभा सीट के रिटर्निंग ऑफिसर रंजीकान्त मिश्रा ने अवतार सिंह भड़ाना के खिलाफ नोटिस जारी किया है। अवतार सिंह भड़ाना ने जेवर में स्थित झाझर रोड पर कार्यालय खोला है। रिटर्निंग अफसर का कहना है कि अवतार सिंह भड़ाना ने बिना किसी जानकारी के अपना कार्यालय खोला है, इसलिए उनको नोटिस जारी किया है। रंजीकान्त मिश्रा ने कहा कि किसी भी पार्टी के उम्मीदवार को अपना कार्यालय खोलने से पहले चुनाव अधिकारी को जानकारी देनी होती है, लेकिन अवतार सिंह भड़ाना ने बिना अनुमति के कार्यालय खोला है। यह आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन है। अगर अवतार सिंह भड़ाना ने 24 घंटे के भीतर जवाब नहीं दिया तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

गाजियाबाद। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। इस सरकार के कार्यकाल में न महिलाएं सुरक्षित रहीं, न ही महंगाई पर लगाम लगी म और न ही मिला रोजगार।

श्रीनेत साहिबाबाद के वसुंधरा सेक्टर 12 में साहिबाबाद विधानसभा से कांग्रेस की प्रत्याशी संगीता त्यागी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर मीडिया को सम्बोधित कर रही थीं। इससे पहले हवन पाठकर विधि विधान के साथ कार्यालय का शुभारंभ किया गया। श्रीनेत ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो दावे कर रहे हैं सभी खोखले हैं। यह सरकार पूरी तरह से विफल रही। सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीब और गरीब हो गया है।

# दादरी से गठबंधन प्रत्याशी ने एसीपी पर लगाए गंभीर आरोप

## पार्टी के चुनाव प्रचार से जुड़ा है मामला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● सोशल मीडिया पर भाटी ने डाला वीडियो

दादरी विधानसभा से समाजवादी और राष्ट्रीय लोकदल उम्मीदवार राजकुमार भाटी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो राजकुमार भाटी ने अपने फेसबुक पर अपलोड किया है, जिसमें उन्होंने स्थानीय एसीपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके अलावा उन्होंने एसीपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की भी बात कही है। यह मामला चुनाव प्रचार-प्रसार से जुड़ा हुआ है।

राजकुमार भाटी ने वीडियो के माध्यम से कहा पुलिस के कुछ अधिकारी उन युवाओं को धमका रहे हैं, जो मेरे समर्थन में या भारतीय जनता पार्टी के विरोध में सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रहे हैं। जो लोग समाजवादी पार्टी या मेरा प्रचार कर रहे हैं या फिर भारतीय जनता पार्टी का विरोध कर रहे हैं, उन युवाओं को पुलिस के कुछ अधिकारी फोन करके धमका रहे हैं। राजकुमार भाटी ने बताया मोहित नागर को एक एसीपी ने फोन करके धमकाया कि अपनी पोस्ट को हटाओ।

भाटी ने एसीपी को चेतावनी देते हुए कहा, संविधान का पालन कीजिए, लोगों को स्वतंत्रता दीजिए और चुनाव आयोग के नियमों का पालन कीजिए। भाटी ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर बदमाशी करोगे तो छोड़ा नहीं जाएगा। यहां तक मैं चुनाव आयोग में शिकायत करूंगा। आप के खिलाफचुनाव आयोग में सबूत दूंगा। आप के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाऊंगा। मेरे किसी साथी को धमकाने की कोशिश मत करना।

# पत्नी की हत्याकर शव को पंखे से लटकाया, गिरफ्तार

*मृतका के भाई की शिकायत पर केस किया दर्ज, निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड है आरोपी*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● दोनों के बीच अक्सर होता रहता था विवाद

जनपद में एक दिन दहलाने वाली घटना हुई है। एक पति ने अपनी पत्नी की पहले गला घोटकर हत्या कर दी और फिर उसके बाद उसके शव को पंखे से लटका दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

सेक्टर-142 कोतवाली प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि नोएडा के शाहदरा गांव में अनिल अपनी 33 वर्षीय पत्नी शारदा देवी के साथ रहता था। अनिल एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था और उसकी पत्नी भी एक कंपनी में कर्मचारी के रूप में तैनात थी।

उन्होंने बताया कि दोनों के बीच किसी ना किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। एसएचओ ने बताया कि छानबीन में पता चला कि अनिल ने अपने चचेरे भाई को कुछ रुपए उधार दे दिए थे, इस बात पर भी शारदा देवी अपने पति से विवाद करती थी।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों के बीच छोटी-मोटी बात को लेकर विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते शनिवार देर रात को अनिल और उसकी पत्नी शारदा देवी के बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद अनिल ने अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी और उसके शव को पंखे से लटका दिया।

इस मामले में शारदा देवी के भाई ने अपने जीजा के खिलाफ सेक्टर-142 थाने में लिखित शिकायत दी। इसके बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

## चुनाव से पहले कार से 2.71 लाख बरामद

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस ने प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही गाड़ियों की जांच के दौरान एक कार से 2.71 लाख रुपये जब्त किए हैं।

पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि नोएडा के सेक्टर 54 में पुलिस और उड़न दस्ते विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार रात वाहनों की जांच कर रहे थे, इसी दौरान एक कार को जांच के लिए रोका गया। उन्होंने बताया कि कार में से 2.71 लाख रुपये नकद बरामद किए गए।

# मुआवजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

## यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण उच्च अदालत ने जारी किया नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मोरना गांव में बढ़े हुए मुआवजा की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और नोएडा प्राधिकरण से जवाब मांगा है। दरअसल, यह मामला मोरना गांव के किसानों की जमीन का मुआवजा 355 रुपए प्रति वर्गगज से बढ़ाकर 449 रुपए को लेकर है।

मोरना गांव में भूमि अधिग्रहित किए जाने की अधिसूचना वर्ष 1991 में निकली थी। वर्ष 1992 में उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिग्रहित जमीन पर कब्जा लेकर उसे विकसित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण को दे दी थी। भूस्वामियों को अधिग्रहित जमीन का 74.40 रुपए की दर से मुआवजा दिया गया, लेकिन भूस्वामी मुआवजा बढ़वाने के लिए रिफ्रेंस कोर्ट गए थे। रिफ्रेंस कोर्ट ने 2003 में मुआवजा बढ़ाकर 264 रुपये प्रति वर्गगज कर दिया था, जिससे भूस्वामी खुश नहीं हुए और फिर और भी ज्यादा मुआवजा बढ़ाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

हाईकोर्ट ने बीते वर्ष 23 मार्च 2021 को दिए अपने फैसले में जमीन का मुआवजा बढ़ाकर 355 रुपए प्रति वर्गगज कर दिया, इससे भी किसान खुश नहीं हुए और फिर वह सुप्रीम कोर्ट चले गए।

# मानसिक तनाव के चलते फंदे से लटकर महिला ने की आत्महत्या

## दो महिलाओं समेत तीन ने की खुदकुशी की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जनपद गौतम बुद्धनगर के अलग-अलग इलाकों में मानसिक तनाव के कारण एक युवती ने कथित रूप से खुदकुशी कर ली जबकि दो महिलाओं समेत तीन लोगों ने आत्महत्या की कोशिश की।

ुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर 63 के चोटपुर कॉलोनी में रहने वाली भारती (21) ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खुदकुशी की कोशिश के मामलों के बारे में उन्होंने बताया कि बिसरख थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव में रहने वाले अखिलेश कुमार (42) ने जहरीला पदार्थ खाकर कथित रूप से आत्महत्या करने का प्रयास किया। मीडिया प्रभारी के मुताबिक, उनकी पत्नी ने उन्हें गंभीर हालत में एक अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि अन्य घटना में, थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सोरखा गांव में रहने वाली 20 वर्षीय युवती सबीना ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि सेक्टर 72 में रहने वाली सुनीता कुमारी (30) ने भी जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी की कोशिश की है और अस्पताल में उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सभी घटनाओं में संबंधित थानों ने मामले दर्ज कर लिए हैं और जांच जारी है।

## प्रत्याशी के लिए लोगों से मांगे वोट

गाजियाबाद। मुरादनगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अजीत पाल त्यागी की धर्मपत्नी पथिका त्यागी ने महानगर के मीडिया संयोजक प्रदीप चौधरी के घर संजयनगर सेक्टर 23 पहुंचकर उनकी मम्मी चन्द्रकला देवी से जीत का आशीर्वाद लिया। उन्होंने गले लगाकर पथिका त्यागी को अजीत पाल त्यागी की पुनः ऐतिहासिक जीत का आशीर्वाद दिया। घर पहुंचने पर प्रदीप चौधरी की पत्नी बीना चौधरी, पुत्री डॉक्टर आंचल चौधरी, भतीजी अनुष्का चौधरी ने डोर टू डोर प्रचार करके एच ब्लॉक सेक्टर 23 संजयनगर में जनसंपर्क कराया। योगी सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए भाजपा प्रत्याशी अजीत पाल त्यागी के लिए लोगों ने अपार समर्थन दिया। इस अवसर पर विधानसभा प्रवासी शिखा माथुर,स्थानीय पूर्व पार्षद मुनेश नागर पत्नी पूर्व पार्षद मनवीर नागर (वार्ड 71), भाजपा महिला मोर्चा महानगर मीडिया प्रभारी शीतल चौधरी, राजनगर मंडल अध्यक्ष कविता चौहान, पूर्व अध्यक्ष कौशल तेवतिया, रमा गुप्ता, ऐडवोकेट अंजु पुंढीर आदि प्रचार का हिस्सा बनीं।

# नोएडा में एक महिला समेत दो अज्ञात लोगों के शव मिले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले के अलग-अलग इलाकों से एक महिला समेत दो अज्ञात लोगों के शव मिले हैं। वहीं एक अन्य इलाके में पुलिस को एक शख्स बेहोशी की हालत में मिला था जिसने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

कासना थाने के प्रभारी सुधीर कुमार ने सोमवार को बताया कि थाना-क्षेत्र के फैजायल पूर गांव के पास नहर में से रविवार रात एक महिला का शव मिला और शक है कि महिला की हत्याकर शव को नहर में फेंका गया है। उन्होंने कहा कि महिला की उम्र करीब 40 साल होगी। सिंह ने बताया आसपास के लोगों की सहायता से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है।

वहीं बिसरख थाने के एक अधिकारी ने बताया कि इलाके से एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस शव की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। इस बीच जिले के थाना सेक्टर 39 के प्रभारी राजीव बालियान ने बताया कि सेक्टर 45 की झाड़ियों से शहजाद नामक युवक मूर्छित अवस्था में पुलिस को मिला था जिसे गंभीर हालत में नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तीनों थानों की पुलिस ने कहा है कि उन्होंने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संक्षिप्त समाचार



बसपा उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा करते ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी।

### ब्राह्मण सभा ने दिया प्रत्याशी को समर्थन

गाजियाबाद। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा ने सोमवार को गाजियाबाद विधानसभा पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी केके शर्मा को अपना समर्थन देने की घोषणा की। साथ ही सभा ने शुक्ला को भारी बहुमत दिलाकर विधायक बनाने का दावा भी किया। प्रताप विहार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित केसी गौड़ ने कहा की पिछले 5 साल के दौरान योगी सरकार के कार्यकाल में जितना उत्पीड़न ब्राह्मणों का हुआ है, उतना कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा है कि इस सरकार के कार्यकाल में ब्राह्मणों की हत्या की गई, उनका उत्पीड़न किया गया।




श्रद्धांजलि सभा में लोगों को संबोधित करते राज्यमंत्री अतुल गर्ग।

### कर्पूरी ठाकुर को भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

गाजियाबाद। भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के कार्यालय पर कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिवस अवसर पर भाजपा नेताओं सहित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर गाजियाबाद के भाजपा प्रत्याशी व उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जननायक के नायक थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। राज्यमंत्री अतुल गर्ग व पूर्व महापौर आशु वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता था। कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है में हुआ।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



गाजियाबाद। भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008 से प्रारंभ हुए इस दिवस को आज 14वां राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में एक फेसबुक लाइव कार्यक्रम के जरिये इस दिवस को मनाया गया। हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा ने बालिकाओं को संबोधित कर उनके सवालों का भी जवाब दिया। डॉ उपासना ने बताया कि इस दिन को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि बच्चियों को अभिशाप माना जाता था तथा कोख में ही उनकी हत्या कर दी जाती थी। सन 1994 में भ्रूण लिंग जांच को अपराध मानकर इस पर पर कानून बना और उसके बाद से ही लगातार लिंगानुपात में लड़कियों की संख्या बढ़ी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

नोएडा। थाना बिसरख क्षेत्र के रोजा जलालपुर गांव के पास कुत्ते को बचाने के प्रयास में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की बाइक फिसल गई। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के गांव रोजा जलालपुर के पास आकाश नामक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था, तभी सड़क पर एक कुत्ता आ गया। उन्होंने बताया कि कुत्ते को बचाने की कोशिश में युवक ने तेजी से ब्रेक लगाया और उसकी मोटरसाइकिल फिसल गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में युवक को गंभीर चोट आई। उसे उपचार के लिए नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिविर में बताए प्रजनन क्षमता बढ़ाने के उपाय

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर भारत की आईवीएफ और सरोगेसी सेन्टर की लीडिंग चेन 'सीड्स ऑफ इनोसेंस' ने सोमवार को एक निशुल्क आई वी एफ कैंप का आयोजन किया।

कैम्प यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नेहरू नगर, गाजियाबाद में लगाया गया। शिविर में 52 दंपत्ति निशुल्क परामर्श लेने आये। सीड्स ऑफ इनोसेंस के तत्वाधान में आयोजित इस कैंप का प्रयोजन फर्टिलिटी हेल्थ (प्रजनन स्वास्थ्य) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए था, जहां जरूरतमंद दम्पत्तियों को निशुल्क अल्ट्रासाउंड और सीमेन एनालिसिस की सुविधा भी प्रदान की गई। सीड्स ऑफ इनोसेंस की फाउंडर डॉ गौरी अग्रवाल ने बताया कि सीड्स आफ इनोसेंसअसिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजीज, इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट, हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी के मैनेजमेंट और जेनेटिक डायग्नोस्टिक्स में स्पेशलिस्ट है और इसे इंटरनेशनल स्टैंडर्ड मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के साथ बनाया गया है।

# भारत विकास परिषद ने कराया 13 कन्याओं का सामूहिक विवाह

पायनियर समाचार सेवा। साहिबाबाद।

भारत विकास परिषद के तत्वाधान में साहिबाबाद स्थित राजेंद्र नगर सेक्टर 3 स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में 13 कन्याओं का सामूहिक विवाह विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। शाखा प्रबंधक बृजेश जादौन ने बताया कि तीन वर्षों से शाखा गरीब निर्धन बेसहारा कन्याओं के विवाह आयोजित कर रहा है। साहिबाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण भाटी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं का विवाह संस्था के साथ मिलकर कराया गया है।

कन्याओं को धन के रूप में अर्थ व सम्मान किया गया है तथा प्रत्येक जोड़ों को घरेलू उपयोग वस्तुएं भी दी गई। उनके उज्जवल भविष्य की कामना के बाद आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर पंकज सक्सेना, विपिन अग्रवाल डॉ केशव बाबू गुप्ता डॉ नितिन दालम सुनील खेड़ा तरुण शर्मा केशव दत्त गुप्ता आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## होटल से शव मिलने का मामला

# दो अज्ञात महिला समेत 3 के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जिले के सेक्टर 117 स्थित एक होटल से 48 वर्षीय फैक्ट्री मालिक का शव मिलने के मामले में उनके भाई ने दो अज्ञात महिलाओं तथा एक पुरुष के खिलाफ कार, नकदी व मोबाइल चोरी करने का मुकदमा दर्ज करवाया है।

सेक्टर 113 थाने के प्रभारी शरदकांत ने बताया कि सेक्टर 117 में स्थित एक होटल में उमेश कुमार नामक व्यक्ति 20 जनवरी को ठहरे थे लेकिन शुक्रवार को उनका शव होटल के कमरे में मिला था। थानेदार के मुताबिक, मृतक के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया है कि उमेश बृहस्पतिवार की रात से ही लापता थे और घरवालों ने थाना फेस-2 में उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शरदकांत ने बताया कि उमेश सेक्टर 82 के निवासी थे और उनकी फेस -2 क्षेत्र में केमिकल बनाने की फैक्ट्री है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई संदीप शर्मा ने सेक्टर 113 थाने में दो अज्ञात महिलाओं तथा एक पुरुष पर उमेश की कार, 95 हजार रुपये, मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड आदि चोरी करने का आरोप लगाया है। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

शरदकांत ने बताया कि होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में उमेश के साथ दो अज्ञात महिलाएं तथा एक पुरुष आते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस को शक है कि दोनों महिलाएं उमेश की मित्र थी। तथा उन्होंने ही उन्हें कोई ऐसी दवा पिला दी, जिससे उनकी मौत हो गई।

## जलने की वजह से महिला की मौत

नोएडा। जिले के गांव खेड़ा मोहम्मदाबाद में दिसंबर में खाना बनाते समय जलने से गंभीर रूप से जख्मी हुई महिला की मौत हो गई है। रबूपुरा के थाने के प्रभारी राज कुमार ने सोमवार को बताया कि पूजा (30) खाना बनाते समय दिसंबर माह में अपने घर में जल गई थी और उन्हें अत्यंत गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्होंने कहा कि उनकी रविवार रात को उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लोनी पालिका परिषद चेयरपर्सन

# रंजीता धामा ने दी सीएम आवास पर आत्मदाह की चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।



लोनी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए निर्दलीय पर्चा भरकर आई चेयरपर्सन रंजीता धामा ने फेसबुक लाइव कर सीएम आवास पर आत्मदाह की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि वह विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में हैं, लेकिन उनका नामांकन रद्द करने की साजिश चल रही है। रंजीता धामा ने कहा कि उन्हें पता चला है कि भाजपा प्रत्याशी कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर उनका पर्चा रद्द कराने का प्रयास कर रहे हैं। अगर उनका पर्चा रद्द हुआ या करवाया गया तो वह दोनों बेटियों और परिवार के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह कर लेंगी।


यह उनकी और लोनी की जनता के आत्म-सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा उन्हें चुनाव प्रणाली पर भरोसा है। फिर भी अगर किसी अधिकारी ने दबाव में आकर इस तरह का कोई कार्य किया तो वह आत्मदाह करेंगी।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022



डॉ. अखिल शाहनी का कहना है कि छात्रों को मिलने वाले भारी रिटर्न के कारण एमबीए डिग्री की मांग अधिक बनी रहेगी। यह नेतृत्व कौशल, व्यावसायिक सिद्धांतों, पेशेवर नेटवर्किंग को विकसित करने में मदद करता है और आपको नौकरी के लिए तैयार करता है

# फैशन में होगा एमबीए



प्रबंधन सबसे विशिष्ट व्यवसायों में से एक है और इसलिए एमबीए स्नातक के रूप में अपना परिचय देना हमेशा गर्व की बात होती है। एमबीए की डिग्री व्यक्ति के करियर को प्रोत्साहित करने का एक सही तरीका है। एमबीए प्रोग्राम को पहली बार 1908 में कैम्ब्रिज, एमए में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा पेश किया गया था। भारत में, वर्ष 1953 में, भारतीय समाज कल्याण और व्यवसाय प्रबंधन संस्थान की स्थापना कोलकाता में हुई थी और यह भारत में एमबीए की डिग्री प्रदान करने वाला पहला कॉलेज था।

तभी से एमबीए की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है. लेकिन आप सोच रहे होंगे कि क्या एमबीए की ये डिमांड हमेशा इतनी ज्यादा रहेगी? एमबीए की डिग्री कब तक किसी के करियर में मदद करेगी, यह अभी भी कई लोगों के लिए एक सवाल है।

एमबीए की डिग्री की मांग अभी भी अधिक है और छात्रों को मिलने वाले भारी रिटर्न के कारण यह उच्च बनी रहेगी। यह आपको नेतृत्व कौशल, व्यावसायिक सिद्धांत, पेशेवर नेटवर्किंग विकसित करने में मदद करता है और आपको नौकरी के लिए तैयार करता है।

यह आपको ऐसा धक्का देता है जो बाजार में प्रवेश करने और बनाए रखने के लिए आवश्यक है। एमबीए की डिग्री मार्केटिंग से लेकर फाइनेंस, ऑपरेशंस से लेकर ह्यूमन रिसोर्स तक कई तरह की विशेषज्ञता प्रदान करती है। ये विशेषज्ञताएं प्रबंधकीय कौशल विकसित करती हैं और आपको विभिन्न उद्योग पेशकशों से अवगत कराती हैं।

रोजगार बाजार के नजरिए से, नियोक्ता अब नौसिखिए उम्मीदवारों की तुलना में अत्यधिक कुशल उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं। डेलॉइट, लार्सन एंड टर्बो, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान लीवर, एक्सेंचर, एचडीएफसी बैंक, आदित्य बिड़ला और बैन आदि जैसी कई परामर्श कंपनियां एमबीए योग्यता वाले कर्मचारी चाहते हैं क्योंकि इन उम्मीदवारों के पास विश्लेषणात्मक क्षमता और कार्यक्षेत्र संबंधी ज्ञान है जो कुशलता से नौकरी करने के लिए आवश्यक हैं।

वे एमबीए की डिग्री वाले उम्मीदवारों को पसंद करते हैं जो विचारों को क्रियान्वित करना और उत्पादों या सेवाओं को बेचना जानते हैं। एक और कारणवश नियोक्ता एमबीए उम्मीदवारों को पसंद करते हैं क्योंकि एमबीए पाठ्यक्रम संचार कौशल में सुधार करता है और छात्र के व्यक्तित्व को विकसित करने में मदद करता है। लाभों का यह पूरा पैकेज आपको आगे बढ़ाता है और आपको अपने भविष्य में सफल होने में मदद करता है।

एमबीए की मांग कभी कम नहीं होगी क्योंकि इसमें उम्मीदवारों को देने और उनके सपनों को पूरा करने के लिए बहुत कुछ है, हालांकि, हम दृढ़ता से मानते हैं कि इसकी मांग और लोकप्रियता दशकों और युगों के बाद भी बढ़ जाएगी और यह कभी भी फैशन से बाहर नहीं जाएगी।

कुछ अंतरराष्ट्रीय व स्वदेशी कंपनियां जिनमें एमबीए की उच्च मांग है, वे इस प्रकार हैं :

> कंपनी ऐसे युवा एमबीए उत्साही लोगों की तलाश करती है जो कंपनी को सफल होने और विस्तार करने में मदद कर सकें। यह उन उम्मीदवारों को भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है जिनके पास महान कौशल व क्षमताएं हैं।

- **बीसीजी :** बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप 45 देशों में कार्यालयों के साथ एमबीए छात्रों के उच्चतम नियोक्ताओं में से एक है
- **जेपी मॉर्गन :** जेपी मॉर्गन न केवल वित्तीय क्षेत्र से बल्कि अन्य क्षेत्रों से भी प्रबंधन स्नातकों को रोजगार देता है।
- **माइक्रोसॉफ्ट :** कंपनी के 70 देशों में कार्यालय हैं और यह वित्त, विपणन, संचालन और बिक्री में विभिन्न पदों के लिए एमबीए स्नातकों की भर्ती करता है।
- **मॉर्गन स्टेनली :** यह एक ऐसी कंपनी है जो कर्मचारियों को सर्वोत्तम भुगतान प्रदान करती है और रोजगार के लिए वित्तीय क्षेत्र में एमबीए स्नातकों को चुनती है।
- **टीसीएस :** टीसीएस अपने कर्मचारियों को सर्वोत्तम पारिश्रमिक प्रदान करता है और प्रमुख पदों के लिए प्रसिद्ध बी-स्कूलों से बेहतरीन प्रतिभाओं को नियुक्त करता है।
- **इंफोसिस :** कंपनी ऐसे युवा एमबीए उत्साही लोगों की तलाश करती है जो कंपनी को सफल होने और विस्तार करने में मदद कर सकें। यह उन उम्मीदवारों को भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है जिनके पास महान कौशल व क्षमताएं हैं।
- **विप्रो :** यह कंपनी भी रेस में पीछे नहीं है. यह अपने कर्मचारियों को सबसे अच्छा पैकेज प्रदान करती है और प्रसिद्ध संस्थानों से अत्यधिक कुशल व जानकार एमबीए स्नातकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा की तलाश करती है।

# बदलाव की शुरुआत सही ढंग की शिक्षा से होती है

यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने निर्णयों के प्रभावों को समझें। डॉ. जितिन चड्ढा का कहना है कि यह अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक आवश्यक कदम है



**डॉ. जितिन चड्ढा**
डायरेक्टर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ आर्ट एंड डिजायन

सतत विकास, सामूहिक रूप से हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। हमारे पास जो संसाधन हैं वे सीमित हैं, जो सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं। तथापि, बढ़ती हुई जनसंख्या के रूप में हमारी आवश्यकताएं तेजी से बढ़ रही हैं। जैसे-जैसे हम उपभोग करना जारी रखते हैं, हम उन संसाधनों का अतिक्रमण करते हैं जो धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं। इस तथ्य से कोई इंकार नहीं है कि हम अपने आसपास ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण क्षरण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अनुभव कर रहे हैं।

इस संदर्भ में, उपभोक्ताओं और पर्यावरण के योगदानकर्ताओं के रूप में अपने निर्णयों के निहितार्थ को समझना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। जैसा कि हमने पिछले कुछ दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखा है, हमारा ध्यान हमारे अपने परिवेश और उस दुनिया में वापस लाया गया है जिसमें हम रहते हैं।

पर्यावरण और विकास विश्व आयोग के अनुसार, टिकाऊ डिजाइन या विकास वह है जो भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना अपने वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है। एक अधिक टिकाऊ भविष्य निर्माण के लिए हम अपने लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कैसे करते हैं, डिजाइनर लगातार इस द्वंद्व को हल करने के नए तरीके खोज रहे हैं कि कैसे सीमित संसाधन उनके लिए अनंत मांग की पूर्ति कर सकते हैं।


यह दायित्व केवल हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों के डिजाइनर या निर्माताओं व उत्पादकों के ऊपर नहीं है। यह भी समान रूप से, यदि ज्यादा नहीं तो, उपभोक्ताओं के रूप में, नागरिकों के रूप में और बड़े पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्से के रूप में अपने निर्णयों के प्रभावों को बेहतर ढंग से समझना है। यह अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में पहला और सबसे जरूरी कदम है।हाल के दिनों में हमारी पसंद के परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ी है, विशेष रूप से हम क्या उपभोग करना तय करते हैं और हम अपने उत्पादों का व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर कैसे निपटारा करते हैं। जिस युग में हम रहते हैं वह हमारे जीवन में, यानी सोशल मीडिया में, एक सर्वव्यापी प्रभाव द्वारा धन्य और शापित दोनों है। हालांकि यह जागरूकता बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम है, मगर यह उतना ही जरूरी है कि हम जीने और काम करने के अधिक टिकाऊ तरीके का भी अभ्यास करें।

नए उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया में, कंपनियां और डिजाइनर समान रूप से हरियाली और अधिक पर्यावरण-अनुकूल सामग्री के उपयोग की वकालत कर सकते हैं। यह न केवल ऊर्जा खपत और अपशिष्ट उत्पादन को कम करने में मदद करता है बल्कि यह किसी भी उत्पाद के जीवन चक्र को अनुकूलित करने में भी एक लंबा सफर तय करता है। रसायनों से बचना, रिसाइकिल करने योग्य और आसानी से विघटित होने वाली सामग्री का उपयोग करना, परिवहन व संचालन को ध्यान में रखते हुए सभी अनिवार्य पहलू हैं जिन पर किसी उत्पाद को डिजाइन और निर्मित करते समय विचार करने की आवश्यकता होती है।बेशक, बदलाव की शुरुआत सही ढंग की शिक्षा से होती है।

आने वाले कल के युवाओं को न केवल अपने आस-पास के ज्ञान और जागरूकता से लैस करना, बल्कि एक समाज के रूप में हमारे सामने आने वाली समस्याओं के समान समाधान तैयार करने के लिए कौशल और योग्यता भी होना अनिवार्य है। डिजाइनरों की एक नई पीढ़ी बनाना, जो जागरुक, सहानुभूतिपूर्ण, नैतिक और अभिनव हों, पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।जिस तरह की बहु-विषयक शिक्षा, समस्या समाधान हेतु व्यावहारिक दृष्टिकोण और एक व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ जिसको कि कॉलेज अब अपने अध्यापन में अपना रहे हैं, भविष्य उज्ज्वल दिखता है, एक ऐसा जहां, हम अपने परिवेश के साथ सद्भाव में रह सकते हैं, जहां इसका प्रभाव हमारे निर्णय उस पर्यावरण पर भारी नहीं पड़ते जो हमारा पोषण करता है।

# अवसरों की भूमि

**डॉ. विजय पाटिल** कहते हैं कि तीव्र आर्थिक विकास कुशल जनशक्ति की भारी मांग पैदा कर रहा है, जिसकी केवल शिक्षा संस्थानों द्वारा ही पूर्ति की जा सकती है जो छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं



भारत को ज्ञान और शिक्षा का केंद्र माना जाता है। इसका प्रमाण तक्षशिला और नालंदा जैसी जगहों पर मौजूद है। इन स्थानों में अग्रणी संस्थान थे, और खंडहर अभी भी अपने आधारों पर बुलंद हैं। हालांकि, पिछली कुछ शताब्दियों में, भारतीय शिक्षा प्रणाली की विरासत दुखद रूप से खो गई थी। ब्रिटिश शासन के बाद, भारतीयों को इन शिक्षा केंद्रों के अस्तित्व का एहसास हुआ और आगे के अध्ययन के लिए इन खंडहरों की खुदाई की। स्वतंत्रता के बाद से, इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के सुधार, विकास और विकास पर अत्यधिक ध्यान दिया गया है।

किसी भी देश की प्रगति मुख्य रूप से उसके शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा उद्योगों की स्थिति से आंकी जाती है। वित्त वर्ष 2025 तक भारतीय शिक्षा प्रणाली के 225 बिलियन अमरीकी डालर के मूल्यांकन तक पहुंचने की उम्मीद है। उपमहाद्वीप शिक्षा में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में एक चौराहे पर है।

भारत शायद अपने आप में एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है, और भारत से दुनिया की अपेक्षाएं इन दो कारकों को हमारी प्रगति के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनाती हैं। इसके अलावा, दुनिया भर में दूसरी सबसे बड़ी आबादी और दुनिया में सबसे कम उम्र की आबादी होने से, शिक्षा उपमहाद्वीप के विकास के लिए एक अनिवार्य पहलू बन जाती है।

यहां तक कि राज्य और केंद्र सरकारें भी इस क्षेत्र की अहमियत को समझ रही हैं। हाल के दिनों में तैयार की जा रही शिक्षा नीतियां मजबूत सुधारों से जुड़ी हैं जो निजी क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। निजी पार्टियों को शामिल करने से दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

अधिक शैक्षणिक और प्रशासनिक स्वायत्तता होगी, जिससे अनुसंधान-उन्मुख संस्थानों का तेजी से विकास होगा। पुन:, अधिक ज्ञान केंद्रों के होने से देश के अधिकांश युवाओं को संपूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। नई शिक्षा नीति 2020 में भारत को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वैश्विक हॉटस्पॉट के रूप में स्थापित करने के लिए पहुंच, इक्विटी और समावेशिता मौलिक लक्ष्य हैं। इसका उद्देश्य विदेशों में छात्रों को बहुत कम लागत पर उपलब्ध सभी सुविधाएं प्रदान करना है। इस तरह के उपाय इस तथ्य के संकेतक हैं कि इस क्षेत्र ने एक ऊपर की ओर जाता प्रक्षेप-पथ अपनाया है।

इसके अलावा, देश में तीव्र आर्थिक विकास कुशल जनशक्ति की भारी मांग पैदा कर रहा है। छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने वाले शिक्षण संस्थान ही इस बढ़ती हुई आवश्यकता को पूरा कर सकते हैं। कई स्कूलों व कॉलेजों ने उद्योग-प्रथम दृष्टिकोण अपनाने के लिए अपने पाठ्यक्रम को फिर से डिजाइन किया है। छात्र अब सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ अपने योग्यताओं को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्हें न केवल सिद्धांत के मोर्चे पर मजबूत होने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, बल्कि मकसद उनमें महत्वपूर्ण सोच, विश्लेषणात्मक कौशल, रचनात्मकता और समस्या-समाधान जैसे गुणों को शामिल करना है। यह कहना सुरक्षित है कि अन्य उद्योगों का विकास, चाहे वह आईटी हो या वित्त, शिक्षा क्षेत्र द्वारा पेश किए गए आउटपुट पर निर्भर करता है।



**डॉ. विजय पाटिल**
एमसीए प्रेसीडेंट एंड चांसलर डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी नवी मुंबई

वर्तमान प्रवृत्ति को देखते हुए और अगले पांच वर्षों के बारे में बात करते हुए, भारत में शिक्षा बाजार के 2025 तक 225 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है। यह अंतत: मौजूदा शैक्षणिक संस्थानों पर सुविधा के लिए अनिवार्य कार्यबल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बहुत दबाव डालेगा। ऐसी वृद्धि कई नए स्कूलों व कॉलेजों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी, छात्रों के लिए पाठ्यक्रम, मॉड्यूल, केरीकुलम और संस्थानों की उपलब्धता में वृद्धि करेगा। शिक्षाशास्त्र में भी संशोधन किए गए हैं, और शिक्षक छात्रों को अधिक से अधिक प्रदर्शनियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और इंटर्नशिप में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इस तरह के गतिशील परिवर्तनकारी पहियों के साथ, भारत अवसरों की भूमि और शिक्षा के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन सकता है, यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी।

आखिरकार, यह कोई संयोग नहीं है कि ऐसे कई भारतीय हैं जिन्होंने शायद अपनी शिक्षा घरेलू स्तर पर शुरू की थी और अब वे अंतरराष्ट्रीय दिग्गज कंपनियों में नेतृत्व की स्थिति में हैं।

# सीबीएसई द्वारा नई टर्म असेसमेंट पॉलिसी

**एमके यादव** का कहना है कि सीबीएसई द्वारा निर्धारित नवीनतम पाठ्यक्रम योग्यता-आधारित शिक्षा प्रदान करने और 21वीं सदी के घटकों को आत्मसात करने का प्रयास करता है, जो शिक्षण, साक्षरता और जीवन कौशल पर केंद्रित है



कोविड-19 महामारी ने स्कूली शिक्षा की समूची गतिशीलता को बदल दिया है। पिछले दो साल हमारे स्कूली छात्रों के लिए वास्तव में कठिन रहे हैं। स्कूलों के लगातार बंद होने, कक्षाओं को ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित करने, परीक्षाओं को स्थगित करने व सहकर्मी समूह शिक्षण की कमी ने शिक्षा प्रणाली में व्यापक शिक्षण की खाई पैदा कर दी है।

शिक्षा प्रणाली में नवीनतम तकनीक और तकनीकों को एकीकृत करने हेतु जागरूकता और मांग में वृद्धि हुई है ताकि अध्यापन को रटंत शिक्षा से महत्वपूर्ण चिंतन वाली शिक्षा में स्थानांतरित किया जा सके।

महामारी से उत्पन्न इन चुनौतियों को दूर करने और हमारे छात्रों को 21वीं सदी के लिए तैयार करने हेतु, सीबीएसई ने माध्यमिक और वरिष्ठ-माध्यमिक स्तर पर, यानी कक्षा नौवीं- बारहवीं से टर्म आधारित परीक्षा की घोषणा की है।

सीबीएसई द्वारा निर्धारित नवीनतम पाठ्यक्रम योग्यता-आधारित शिक्षा प्रदान करने और 21वीं सदी के घटकों को आत्मसात करने का प्रयास करता है, जो शिक्षण, साक्षरता और जीवन कौशल पर केंद्रित है।

सीबीएसई ने कक्षा नौवीं-बारहवीं के लिए स्कूल परीक्षा को तीन भागों में वर्गीकृत किया है: टर्म -1 (नवंबर-दिसंबर), टर्म -2 (फरवरी- मार्च), और व्यावहारिक और आंतरिक मूल्यांकन। दोनों टर्म का समान महत्व है, अद्वितीय पाठ्यक्रम और प्रत्येक टर्म के पाठ्यक्रम एक दूसरे के साथ घुले-मिले नहीं हैं।

टर्म -1 में एमसीक्यू आधारित प्रश्न हैं और टर्म -1 में कोई प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं है। साथ ही, टर्म -1 में छात्रों को अंक मिलेंगे और पास, फेल या कंपार्टमेंट जैसा कोई ठप्पा नहीं होगा। टर्म -2 में विषयवस्तु आधारित प्रश्न होंगे और इसमें सिद्धांत और प्रयोगात्मक घटक शामिल हैं।

मेरे विचार से यह स्वागतयोग्य कदम है। आज हमारा ध्यान छात्रों को वे कौशल सिखाने पर होना चाहिए, जो उन्हें आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में टिके रहने और फलने-फूलने में मदद करें। दुर्भाग्य से, अधिकांश स्कूलों का ध्यान वर्तमान में पाठ्यक्रम को तोड़ने मरोड़ने और परीक्षा पास करने पर है। देश में बहुत कम ऐसे स्कूल हैं, जो सूचनाओं को समेटने से ज्यादा कौशल आधारित शिक्षा पर ध्यान देते हैं।

आज, छात्रों को वैचारिक स्पष्टता, एक खोजपूर्ण मानसिकता और सूचना का महत्वपूर्ण विश्लेषण करने की आवश्यकता है। उन्हें विशेष रूप से सूचना अधिभार के इस युग में महत्वपूर्ण सूचनाओं को छांटने की स्थिति में होना चाहिए और उनका ध्यान क्षेत्रों के बारे में स्पष्टता हासिल करना होना चाहिए। वर्तमान में हम जो निर्णय लेते हैं वह हमारे भविष्य को आकार देता है।

यदि छात्रों में समझने की क्षमता की कमी है, तो वे उचित निर्णय लेने में सक्षम नहीं होंगे और अपने जीवन को संभालने में भी सक्षम नहीं होंगे। भारत में अधिकांश स्कूली छात्र अभी भी अपना करियर चुनने के लिए एक विशिष्ट प्रवृत्ति का पालन करते हैं, और माता-पिता और साथियों के दबाव के आगे झुक जाते हैं। उनमें से अधिकांश अपनी क्षमता और उस क्षेत्र के बारे में अनभिज्ञ होते हैं जिसमें वे फल-फूल सकते हैं और उनमें निर्णय लेने की क्षमता का अभाव होता है।

सीबीएसई द्वारा अपनाया गया नया शिक्षाशास्त्र आलोचनात्मक सोच, संचार कौशल और रचनात्मकता पर केंद्रित है, जो छात्रों को परिवर्तनों से निपटने में मदद करेगा, उन्हें और अधिक जिज्ञासु बनाएगा, उन्हें जिज्ञासु मानसिकता विकसित करने में मदद करेगा, और भविष्य संबंधी उनके सोचने के ढंग को बदल देगा।

परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार, जैसे कि अभिकथन- तर्क, कथन और निष्कर्ष, केस स्टडी उन्हें वास्तविक जीवन के समस्या-समाधान परिदृश्य के लिए तैयार करेंगे।

इसके अलावा, जब हम विभिन्न करियर-उन्मुख प्रवेश परीक्षाओं को देखते हैं, जो कक्षा 12वीं के बाद आयोजित की जाती हैं, तो वे छात्रों की तर्क क्षमता व आलोचनात्मक सोच पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। यदि यह स्कूल स्तर पर नहीं पढ़ाया जा रहा है या यदि छात्रों ने स्कूल स्तर पर इस प्रकार की क्षमता विकसित नहीं की होती है, तो उनके लिए इन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना बहुत मुश्किल हो जाता है। हम सभी सीयुईटी के बारे में जानते हैं, जो 41 केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए होने जा रहा है, जिसमें सर्वाधिक संभावना वस्तुनिष्ठ और विषयनिष्ठ किस्म (विभिन्न समाचार पत्रों के लेखों के माध्यम से जानकारी) के प्रश्न होंगे और यदि किसी छात्र ने इस प्रकार के प्रश्नों का अभ्यास किया है तो स्कूल स्तर पर प्रवेश परीक्षा उनके लिए आसान होगी।

वर्तमान टर्म मूल्यांकन नीति छात्रों को अपने लिए सोचने, तथा भविष्य के दृष्टिकोण के बारे में सोचने में मदद करेगी, और शिक्षण, साक्षरता और विभिन्न जीवन कौशल के आधार पर एक सूझबूझ वाला निर्णय लेने में उनकी मदद करेगी। और अंत में, लेकिन समान रूप में महत्वपूर्ण, यह छात्रों के बोझ व तनाव को कम करेगा। पहले जहां छात्रों को परीक्षा से डर लगता था, अब उन्हें ये पेपर देने में मजा आएगा।

अंत में, मैं यह सुझाव देना चाहूंगा कि हमें अपना ध्यान, प्राथमिक विद्यालयों के अपने छात्रों हेतु , विश्लेषणात्मक शिक्षा पर केंद्रित करना चाहिए और कम उम्र से ही उनमें महत्वपूर्ण सोच क्षमता विकसित करनी चाहिए और भारत को एक बेहतर भविष्य देना चाहिए।

**- लेखक एआई टेस्टीफाइड ( आईआईटी कानपुर में इनक्यूबेटेड ) के सीएमडी हैं**

# वनडे टीम का संतुलन एक मसला हार्दिक और जडेजा की कमी खली

## राहुल द्रविड़ ने कहा टीम की लय संतुलन पर निर्भर करती है

एजेंसी। केपटाउन

**भारत** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया कि एक दिवसीय क्रिकेट टीम में संतुलन का अभाव है और छठे सातवें नंबर पर हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा जैसे हरफनमौला खिलाड़ियों की कमी खली।

दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत को 3-0 से हराया। इसके बाद द्रविड़ पर सवालों की बौछार होना लाजमी थी मसलन गेंदबाजी और बल्लेबाजी में बीच के ओवरों में खराब प्रदर्शन, केएल राहुल की कप्तानी और वेंकटेश अय्यर को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतारना वगैरह। द्रविड़ ने कहा, टीम की लय संतुलन पर निर्भर करती है। अगर ईमानदारी से देखें तो जो खिलाड़ी टीम को संतुलन देते हैं और छठे, सातवें, आठवें नंबर पर हरफनमौला के रूप में विकल्प प्रदान करते हैं, वे चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। द्रविड़ का इशारा हार्दिक पंड्या और जडेजा की ओर था जो फिटनेस कारणों से बाहर हैं।

उन्होंने कहा, जब वे वापसी करेंगे तो टीम को गहराई मिलेगी। इससे हमें अलग तरीके से खेलने की सहूलियत भी मिलेगी। केएल राहुल की कप्तानी के बारे में पूछने पर कोच ने कहा कि लोगों को समझना होगा कि वह उपलब्ध टीम से जो सर्वश्रेष्ठ कर सकता था, उसने किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उसने अच्छा काम किया। हारने पर यह सब आसान नहीं होता लेकिन उसने अभी शुरुआत ही की है। वह समय के साथ सीखेगा और कप्तानी का मतलब अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराना भी है। जो भी खिलाड़ी उपलब्ध हैं। वनडे टीम में कुछ कमी रह गई लेकिन उसने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। वह समय के साथ बतौर कप्तान निखरेगा।

उन्होंने कहा, लेकिन सुरक्षा और मौके देने के साथ आप प्रदर्शन की भी उम्मीद करते हैं। इस स्तर पर खेलने वालों से यही अपेक्षा रहती है कि जरूरत के समय वे अच्छा प्रदर्शन करें। हम हरसंभव स्थिरता रखना चाहते हैं। द्रविड़ ने कहा, आप चौथे, पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं तो आपको पता होना चाहिए कि टीम की जरूरत क्या है। श्रेयस तीनों मैचों में जल्दी आउट हो गया। हमें पता है कि ये सभी अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं और हम हरसंभव उनका साथ देंगे। लेकिन टीम में हर जगह के लिए प्रतिस्पर्धा बहुत है और इन हालात में यह आसान नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लिए सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलने के लिए वेंकटेश को मध्यक्रम में खुद को ढालना होगा। केकेआर के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले वेंकटेश के बारे में उन्होंने कहा, छठे गेंदबाजी विकल्प के तौर पर वेंकटेश जैसे खिलाड़ियों को तैयार करना है। वेंकटेश हो या हार्दिक या जडेजा, जब ये वापसी करेंगे तो हमारे पास कई विकल्प हो जाएंगे।



### हमने कुछ खराब शॉट खेल : राहुल द्रविड़

**बीसवें** से 40वें ओवरों के बीच भारतीय बल्लेबाजों ने दिशा खो दी। द्रविड़ ने भी इसे स्वीकार करते हुए कहा, हम बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। लेकिन दो मैचों में पहले बल्लेबाजी करने पर दक्षिण अफ्रीका ने 290 के करीब रन बनाए और अब हम देखें तो दोनों मैचों में 30वें ओवर के बाद हम लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, हमने कुछ खराब शॉट खेले और निर्णायक क्षणों में चतुराई से नहीं खेल सके। द्रविड़ उनमें से नहीं है जो खिलाड़ियों का नाम लेकर कुछ कहें लेकिन मध्यक्रम के कुछ बल्लेबाजों को कई मौके दिए जाने के बाद प्रदर्शन की उम्मीद से उनका आशय श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की ओर था। उन्होंने कहा, हमने उन्हें लगातार मौके दिए हैं और हम चाहते हैं कि वह अपनी जगह को लेकर सुरक्षित महसूस करें।

### आंखें खोलने वाला रहा द. अफ्रीका का यह दौरा

**द्रविड़** ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का दौरा आंखें खोलने वाला था और 2023 विश्व कप से पहले जितने ज्यादा वनडे खेलेंगे, टीम संयोजन को लेकर तस्वीर साफ होती जाएगी। उन्होंने कहा, हमें पता है कि हम कहां है और सभी को अपनी भूमिका के बारे में पता है। समय के साथ साथ तस्वीर साफ होगी लेकिन उसके लिए समय सीमा तय नहीं की जा सकती।

# भारतीय महिला खिलाड़ियों ने विश्व कप का सपना टूटने पर कहा, सब कुछ तबाह हो गया



एजेंसी। नई दिल्ली

**साधारण** पृष्ठभूमि से आने वाली भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का जीवन पिछले एक वर्ष के दौरान एएफसी एशियाई कप में खेलने और फीफा विश्व कप में जगह बनाने के सपने के इर्द गिर्द घूम रहा था लेकिन कोविड-19 ने एकदम से उनके सारे अरमानों पर पानी फेर दिया।

कप्तान आशालता देवी से लेकर टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हेमम शिल्की देवी तक सभी के लिए एशियाई कप जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अवसर था जिसके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से उनकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद भी बढ़ जाती। यदि विश्व कप में जगह नहीं मिलती तो वे अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलते और यह भी भारतीय फुटबॉल के लिए ऐतिहासिक क्षण होता। लेकिन 12 खिलाड़ियों के वायरस से संक्रमित पाए जाने के कारण चीनी ताइपै के खिलाफ मैच रद्द करना पड़ा जिसके बाद सारे अगर-मगर भी समाप्त हो गए। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने सोमवार को पुष्टि की कि भारत को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से हट गया मान लिया गया है।

सीनियर खिलाड़ी और गोलकीपर अदिति चौहान ने कहा, सब कुछ तबाह हो गया। एक अन्य खिलाड़ी ने कहा, पिछले एक साल से हमारी जिंदगी एशियाई कप के इर्द गिर्द घूम रही थी। हमारा एकमात्र लक्ष्य के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें बढ़ाना था। उन्होंने कहा, हम इस समय बेहद दुखी और निराश हैं। लेकिन यह दुनिया का अंत नहीं है और उम्मीद है कि अगर हम अच्छा प्रदर्शन करते रहे तो हमें भविष्य में इसे हासिल करने के मौके मिलेंगे। यही सोचकर हम स्वयं को सांत्वना दे रहे हैं। कई खिलाड़ियों ने परिवार और समाज के विरोध के बावजूद इस खेल को अपनाया था। इनमें कप्तान आशालता भी शामिल थी जिन्हें अपने परिवार का विरोध झेलना पड़ा था। शिल्की के साथ भी ऐसा ही मामला था जो 16 साल की हैं और टूर्नामेंट की सबसे युवा खिलाड़ी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोहली ने बेटी वमिका की तस्वीरें नहीं छापने का अनुरोध किया

**केपटाउन।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को मीडिया से अनुरोध किया कि उनकी बेटी वमिका की तस्वीरें नहीं छापे। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान प्रसारणकर्ताओं द्वारा दिखाई गई उनकी बेटी की तस्वीरें उनके लिए भी हैरानी का सबब थी। कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने बार बार मीडिया से उनकी बेटी की तस्वीरें नहीं छापने की अपील की है। रविवार को तीसरे वनडे के दौरान कोहली के अर्धशतक के बाद कैमरा अनुष्का पर चला गया जिनकी गोद में उनकी बेटी वमिका थी। मिनटों के भीतर ही वीडियो वायरल हो गया और ट्विटर पर हैशटैग वमिका ट्रेंड करने लगा। वमिका के चेहरे के स्क्रीनशॉटभी सोशल मीडिया पर साझा किए गए। कोहली और अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमें लगता है कि कल स्टेडियम पर हमारी बेटी की तस्वीरें व्यापक तौर पर साझा की गई। हम सभी को बताना चाहते हैं कि हमें पता नहीं था कि कैमरा हम पर है।इस मामले पर हमारा नजरिया और अनुरोध पहले की तरह की है। उन्होंने कहा, वमिका की तस्वीरें अगर नहीं ली जाएंगी और प्रकाशित नहीं की जाएंगी तो हम आपके आभारी होंगे। धन्यवाद। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पहले भी कोहली ने टीम बस से उबरने के बाद मीडिया से यह अनुरोध किया था। पिछले साल इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनिथिंग सत्र में इस बारे में पूछे जाने पर कोहली ने कहा था, हमने तय किया है कि जब तक हमारी बेटी को सोशल मीडिया की समझ नहीं हो जाती और वह खुद फैसला नहीं लेती, हम उसे इससे दूर रखेंगे।

### टाटा स्टील मास्टर्स : विदित गुजराती ने ग्रैंडेलियस को हराया

**विज्क आप जी ( नीदरलैंड )।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती ने हार के बाद वापसी करते हुए टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज के आठवें दौर में निल्स ग्रैंडेलियस को हराया जबकि आर प्रज्ञानानंदा को शखरियार मामेदियारोव ने मात दी।अजरबैजान के मामेदियारोव अब दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं। सोलह वर्ष के प्रज्ञानानंदा आठ दौर के बाद ढाई अंक ही बना सके हैं। गुजराती और नीदरलैंड के अनीश गिरी पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। दोनों कार्लसन और मामेदियारोव से आधा अंक पीछे हैं। कार्लसन ने सैम शैंकलैंड से ड्रॉ खेला। चैलेंजर्स वर्ग में भारत के ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने डेनमार्क के जोनास बुहाल ब्ज़्रे को हराकर बढ़त बना ली है। सूर्यशेखर गांगुली आठवें दौर में हार के बाद नौवें स्थान पर खिसक गए।

### आत्मविश्वास के लिए इस तरह की जीत की जरूरत थी

**केपटाउन।** लंबे समय से बदलाव के दौर से गुजर रही दक्षिण अफ्रीका टीम के मुख्य कोच मार्क बाउचर का मानना है कि बदलाव का दौर पहले ही पूरा हो चुका था लेकिन भारत के खिलाफ मिली जीत जैसे नतीजे की जरूरत थी ताकि टीम का आत्मविश्वास बढ़ सके। प्रशासनिक संकट, सितारा खिलाड़ियों के संन्यास और नस्लवाद के आरोपों से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट पिछले 24 महीने से जूझ रहा है। भारत को टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से और वनडे श्रृंखला में 3-0 से हराने के बाद आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में बाउचर ने कहा, हमने अपने सफर के बारे में बात की। हम 3-0 से जीतना चाहते थे। हमने काफी कठिन समय देखा है और उसके गुजरने के बाद ही अच्छे दौर की अहमियत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, हम इस नतीजे की तारीफ करते हैं लेकिन हमारे पैर जमीन पर है। यह हमारी सतत यात्रा का एक सुखद अध्याय है। हमारे पास तेम्बा बावुमा जैसा कप्तान है जिसके भीतर जीत की ललक है और यह अच्छी बात है। नस्लवाद के आरोपों में अनुशासनात्मक सुनवाई का सामना कर रहे पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने बतौर कोच अपने करियर में आए खराब दौर के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने इस बात का भी जवाब नहीं दिया कि भारत पर मिली जीत क्या उनके कोचिंग कैरियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने कहा, मैं इसका जवाब नहीं दे सकता। प्रगति अच्छी रही है और लंबे समय पहले ही हम बदलाव के दौर से उबर चुके थे लेकिन इस तरह के नतीजे की जरूरत थी। कोरोना काल में हमने कई नए प्रयोग किए और कई खिलाड़ियों को मौके दिए जिसका फल अब मिल रहा है।

### एक रन से चूका वेस्टइंडीज, इंग्लैंड ने श्रृंखला में की बराबरी

**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज आखिरी ओवर में 28 रन बनाने के बावजूद दूसरे टी20 मैच में सिर्फ एक रन से चूक गए और इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। एशेज श्रृंखला में 4-0 से हार के बाद इंग्लैंड को यहां पहले टी20 में वेस्टइंडीज ने नौ विकेट से मात दी थी। दूसरे टी20 में पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 171 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज जैसन रॉय ने 31 गेंद में 45 रन का योगदान दिया। इसके बाद वेस्टइंडीज ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट 13 ओवर में 78 रन के स्कोर पर गंवा दिए। एक समय उसका स्कोर आठ विकेट पर 111 रन था और उसे तीन ओवर में 60 रन बनाने थे। वेस्टइंडीज के दसवें नंबर के बल्लेबाज अकील हुसैन ने साकिब महमूद को आखिरी तीन गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़े। वह 16 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 44 रन बनाकर नाबाद रहे। हरफनमौला खिलाड़ी रोमारियो शेफर्ड 28 गेंद में एक चौके और पांच छक्कों की मदद से 44 रन बनाकर अविजित रहे। दोनों ने 29 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। आखिरी ओवर में 30 रन चाहिए थे और हुसैन ने तीन छक्के लगाकर एकतरफा मैच को रोमांचक बना दिया। वह हालांकि एक रन से चूक गएं। इंग्लैंड के लिए मोईन अली ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। तीसरा टी20 मैच बुधवार को खेला जाएगा।

### महिला एशिया कप में भारत के सभी मैच रद्द : एएफसी

**मुंबई।** महिला एशियाई कप फुटबॉल में भारतीय टीम के सारे मैच रद्द माने जाएंगे चूंकि टीम में कोरोना संक्रमण के मामले आने के कारण मेजबान ने नाम वापिस ले लिया। भारतीय टीम चीनी ताइपै के खिलाफ पूरी टीम उतारने की स्थिति में नहीं थी क्योंकि उसके 12 खिलाड़ी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने इसके एक दिन बाद जारी बयान में पुष्टि की कि दिशा निर्देशों के अनुसार माना जाएगा कि भारत ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। एएफसी ने कहा, चीनी ताइपै और भारत के बीच महिला एशियाई कप 2022 का ग्रुप ए का मैच रद्द होने के बाद कोरोना महामारी के बीच एएफसी प्रतियोगिताओं पर लागू विशेष नियमों की धारा 4-1 के अनुसार माना जाएगा कि भारत ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। इसमें कहा गया, भारत के सभी मैच अब रद्द माने जाएंगे। इसमें यह भी कहा गया कि भारत का ईरान के खिलाफ हुआ एकमात्र मैच अब ग्रुप की अंतिम तालिका तैयार करते समय गिना नहीं जाएगा। भारत ग्रुप ए में चीन,

# अनिश्चितता के दौर में आपके सहयोग ने मिसाल कायम की

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक ग्रीम स्मिथ ने कोरोना महामारी के बीच दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी क्षमता पर भरोसा जताने के लिए भारतीय खिलाड़ियों और बीसीसीआई को धन्यवाद देते हुए कहा है कि उनकी असाधारण प्रतिबद्धता दूसरों के लिए मिसाल बन गई है।

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का पहला मामला दक्षिण अफ्रीका में आने के बावजूद बीसीसीआई ने दौरा रद्द नहीं करने का फैसला किया था। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरे पर तीन टेस्ट और तीन वनडे खेले। स्मिथ ने ट्वीट किया, बीसीसीआई, जय शाह, सौरव गांगुली और भारतीय खिलाड़ियों तथा प्रबंधन को धन्यवाद जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट की क्षमता पर भरोसा किया। अनिश्चितता के इस दौर में आपकी प्रतिबद्धता ने एक मिसाल कायम की है जिसका दूसरे अनुसरण कर सकते हैं। उनका इशारा आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड की ओर था। आस्ट्रेलिया ने पिछले साल कोरोना महामारी के कारण दक्षिण अफ्रीका का तीन टेस्ट का दौरा स्थगित कर दिया था। वहीं इंग्लैंड दिसंबर 2020 में बायो बबल में कोरोना के मामले आने के बाद सीमित ओवरों की श्रृंखला बीच में छोड़कर लौट गया था। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दोनों श्रृंखलाएं जीती जिससे टीम का मनोबल बढ़ा होगा और प्रसारण अधिकारों से मिलने वाली रकम से क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की स्थिति भी सुधरेगी।

# लक्ष्मण ने युगांडा के अंडर-19 खिलाड़ियों से बात की

**तारोबा ( त्रिनिदाद )।** भारत के महान बल्लेबाज, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने अंडर 19 विश्व कप में भारत के हाथों 326 रन से हारे युगांडा के खिलाड़ियों से बात करके उनकी हौसलाअफजाई की।

युगांडा क्रिकेट संघ ने ट्वीट किया, भारत के महान क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण कल भारत के खिलाफ मैच के बाद हमारे खेमे में आए और लड़कों को कुछ सलाह दी। धन्यवाद लक्ष्मण भाई। लक्ष्मण ने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों से बात करने में मजा आया। उन्होंने ट्वीट किया, लड़कों से बात करके अच्छा लगा। उन्हें और युगांडा क्रिकेट को भविष्य के लिए शुभकामनाएं। ग्रुप बी में भारत, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ खेलने वाली युगांडा की टीम तीनों मैच हारकर बाहर हो चुकी है।

# स्मृति मंधाना को आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार

एजेंसी। दुबई

**भारत** की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 2021 में सभी प्रारूपों में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीत लिया है।

मंधाना के अलावा इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट, दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली और आयरलैंड की गैबी लुईस भी रशेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के लिए नामित थी। पिछला साल कठिन रहने के बावजूद मंधाना ने मैदान पर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला में भारत आठ मैचों में से दो ही जीत सका और दोनों में मंधाना ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। दूसरे वनडे में उन्होंने नाबाद 80 रन बनाए और आखिरी टी20 में 48 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ रहे एकमात्र टेस्ट में पहली पारी में 78 रन बनाए। वहीं वनडे श्रृंखला में भारत को मिली एकमात्र जीत में 49 रन जोड़े। टी20 श्रृंखला में उन्होंने 15 गेंद में 29 रन और एक अर्धशतक भी बनाया लेकिन भारत श्रृंखला 2-1 से हार गया।



आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दूसरे मैच में उन्होंने 86 रन बनाए। अपने करियर के एकमात्र टेस्ट में उन्होंने शतक जड़ा और प्लेयर आफ द मैच रही। उन्होंने आखिरी टी20 में अपने कैरियर का दूसरा टी20 अर्धशतक बनाया। मंधाना ने भारत के पहले दिन रात के टेस्ट में शतक जड़कर उसे यादगार बना दिया।

# मेदवेदेव, कोलिंस आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। मेलबर्न

**अमेरिकी** ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव ने मैक्सिम क्रेसी को 6-2, 7-6, 6-7, 7-5 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम जीतने की कोशिश में है। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में उन्हें नोवाक जोकोविच ने हराया था लेकिन उन्होंने अमेरिकी ओपन फाइनल में उस हार का बदला चुकता कर दिया। जोकोविच कोरोना टीकाकरण के कड़े नियमों का पालन नहीं करने के कारण इस साल आस्ट्रेलिया में नहीं खेल पा रहे हैं। मेदवेदेव का सामना अब नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा जिसने 2014 अमेरिकी ओपन चैम्पियन मारिन सिलिच को 2-6, 7-6, 6-2, 7-6 से मात दी।



महिला वर्ग में अमेरिका की डेनिएले कोलिंस ने एक सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 19वीं वरीयता प्राप्त एलिसे मर्टेंस को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने यह मैच 4-6, 6-4, 6-4 से जीता। इससे पहले तीसरे दौर में क्लारा टाउसन के खिलाफ भी एक सेट गंवाने के बाद उन्होंने जीत दर्ज की थी। अगले दौर में उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप या फ्रांस की अनुभवी एलिजे कोर्नेत से होगा। चौथे दौर में पुरूष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास का सामना टेलर फ्रिट्स से होगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

आईसीसी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि लोकेश राहुल की टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम गेंदबाजी की थी। इसे ध्यान में रखते हुए मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने यह जुर्माना तय किया। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक, खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर-गति के जुर्माने से संबंधित) के अनुसार प्रत्येक ओवर की देरी के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

# ड्रेसिंग रूम के माहौल को सही बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती थी : बावुमा

एजेंसी। केपटाउन

**तेम्बा** बावुमा के लिए अपनी कप्तानी के शुरुआती दिनों में ड्रेसिंग रूम के माहौल को सही बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती रही है क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट एक के बाद एक मैदान के बाहर के कई विवादों से गुजर रहा है।

प्रशासनिक संकट से गुजर रहे दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए भारत पर श्रृंखला में जीत बेहद जरूरी थी। भारतीय टीम का दौरा शुरू होने से पहले मुख्य कोच मार्क बाउचर समेत कुछ बड़े नामों पर नस्लवाद के आरोप लगाए गए हैं। एकदिवसीय मैचों में भारत का सफाया करने के बाद मीडिया से बात करते हुए बावुमा ने कहा कि कप्तान के रूप में उनके लिए अभी भी शुरुआती दिन हैं। उन्होंने पिछले साल मार्च में कार्यभार संभाला था। बावुमा ने शनिवार को कहा, मुझे नहीं लगता कि यह आसान है (टीम की कप्तानी करना)। इसमें आपको कई चीजें प्रबंधित करने की जरूरत होती है। मेरे लिए क्रिकेट पर पूरा ध्यान रखना सबसे बड़ी बात रही।



उन्होंने कहा, टीम और संगठन (बोर्ड) को लेकर बहुत सारी बातचीत हो रही थी। इसलिए ड्रेसिंग रूम के आसपास हो रही बातचीत का प्रबंधन करना और यह सुनिश्चित करना कि हम शत प्रतिशत ऊर्जा के साथ मैदान पर उतरे जरूरी था। मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती यही थी।

**भारतीय व्यवसाई के साथ कोकीन लेने के बाद**

# स्पॉट फिक्सिंग के लिए ब्लैकमेल किया गया : ब्रेंडन टेलर

एजेंसी। नई दिल्ली

**जिम्बाब्वे** के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर ने एक भारतीय व्यवसाई के साथ बैठक के दौरान मूर्खतापूर्वक कोकीन लेने के बाद मैच फिक्सिंग के लिए ब्लैकमेल किए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि इस मामले की जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय पर नहीं देने के कारण उन पर कई साल का प्रतिबंध लग सकता है।

टेलर ने इस गलती को स्वीकार करते हुए सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में दावा किया कि भारतीय व्यवसाई ने उन्हें भारत में प्रायोजक दिलाने और जिम्बाब्वे में एक टी20 टूर्नामेंट की संभावित योजना पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस व्यवसाई के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि उन्हें अक्टूबर, 2019 में 15,000 डॉलर की पेशकश की गई थी। टेलर ने कहा, हमने साथ में शराब पी और शाम के समय उन्होंने मुझे कोकीन की पेशकश की। वे खुद भी कोकीन ले रहे थे। मैंने मूर्खता से इसका सेवन कर लिया। इस घटना के बाद मुझे अब तक लाखों बार पछतावा हो चुका है। मुझे उस बात को छुपा कर रखने का पछतावा है कि उस रात उन्होंने कैसे मेरा इस्तेमाल किया।

## कहा, घटना के बाद मुझे अब तक लाखों बार पछतावा हो चुका है मुझे उस बात को छुपा कर रखने का पछतावा है



उन्होंने कहा, अगली सुबह वे लोग फिर से मेरे होटल कमरे में आए और कोकीन लेते हुए मेरा वीडियो मुझे दिखाया। उन्होंने मुझ से कहा कि मैं उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मैचों में फिक्सिंग करूं नहीं तो मेरे वीडियो को सार्वजनिक कर देंगे। टेलर ने कहा, मुझे अपनी सुरक्षा की चिंता थी। मेरे होटल के कमरे में छह लोग थे। मैं उनकी चंगुल में फंस गया था। मैं अपनी मर्जी से ऐसी स्थिति में फंस गया जिसने मेरे जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल संन्यास लेने से पहले 205 एकदिवसीय, 34 टेस्ट और 45 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले है। वह हालांकि इसके परिणाम को झेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें पता है कि आईसीसी उस समय इस घटना की जानकारी नहीं देने पर उन पर प्रतिबंध लगा सकती है। आईसीसी ने हालांकि इस मामले में अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

उन्होंने कहा, वह ऐसा समय था जब जिम्बाब्वे क्रिकेट ने हमें छह महीने से वेतन नहीं दिया था और इस बात पर भी सवाल उठ रहे थे कि क्या जिम्बाब्वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना जारी रखेगा। उन्होंने इस प्रस्ताव स्वीकार करने की वजह के बारे में बताया, मुझे 15,000 डॉलर देकर मैच फिक्स करने के लिए कहा गया था। मुझे कहा गया था कि काम होने के बाद 20,000 डॉलर और मिलेंगे। मैंने अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रस्ताव पर हामी भर दी। मैंने रकम इस लिए स्वीकार किया ताकि भारत से सुरक्षित तरीके से बाहर निकल सकूं। उन्होंने कहा, मैंने हालांकि इसके बाद कभी में कुछ गलत नहीं किया। इस घटना का मेरे ऊपर गहरा असर हुआ और मैं अवसाद में चला गया था। अवसाद से उबरने के लिए कड़ी दवाइयां खानी पड़ी।

### चार माह बाद दी आईसीसी को जानकारी

**टेलर** ने कहा, मैंने खुद को बचाने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए इस घटना की जानकारी आईसीसी को चार महीने के बाद दी। बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई के प्रमुख शब्बीर हुसैन शेखदम खंडाववाला ने कहा, अगर यह घटना भारत में हुई तो हम इसका ब्योरा जानना चाहेंगे और अगर उन्होंने आईसीसी से बात की है तो हम वैश्विक संस्था से इसकी जानकरी मांगेंगे। उन्होंने कहा, अभी तक इस मामले में किसी ने हमसे संपर्क नहीं किया है, लेकिन हम इस मुद्दे के बारे में और जानना चाहेंगे।

# बाबर आजम, जो रूट, लिजेले ली ने आईसीसी के शीर्ष पुरस्कार जीते

एजेंसी। दुबई

**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम को सोमवार को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेटर चुना गया जबकि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी बने जिन्होंने भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पछाड़कर यह पुरस्कार हासिल किया। आजम ने 2021 में छह मैचों में 67.50 की औसत से 405 रन बनाए।

आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में 228 रन बनाए और दोनों मैचों में जीत में प्लेयर आफ द मैच चुने गए। पहले वनडे में उन्होंने शतक लगाया और आखिरी वनडे में 82 गेंद में 94 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ 0-3 से मिली हार में पाकिस्तान के लिए अकेले वही डटकर बल्लेबाजी करते रहे। उन्होंने तीन मैचों में 177 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका। आखिरी वनडे में उन्होंने इमामुल हक के साथ 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहले 50 रन 72 गेंद में और अगले 50 रन 32 गेंद में पूरे किए जो इस साल उनका दूसरा शतक था। रूट ने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन किया और एक कैलेंडर वर्ष में 1700 से अधिक टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले मोहम्मद युसूफ और सर विवियन रिचडर्स ही यह कमाल कर चुके हैं। एशिया में हो या अपने देश में और किसी भी गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, रूट ने जबर्दस्त बल्लेबाजी की है।